RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 9
नई दिल्ली, शनिवार, 11 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



पंत अब ठीक है, अगले साल आईपीएल में वापसी करेगाः गांगुली

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# भारत ने अमेरिका को कनाडा से जुड़ी अपनी चिंताएं बताईं

- कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियों पर नई दिल्ली ने वाशिंगटन को दी जानकारी
- भारत, अमेरिका के बीच टू प्लस टू वार्ता में रणनीतिक संबंधों के विस्तार, पश्चिम एशिया की स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया
- अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन, रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने मोदी से मुलाकात की



नई दिल्ली में शुक्रवार को टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने किया, जबकि विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय पक्ष का नेतृत्व किया।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों को लेकर अपनी गंभीर चिंताओं से शुक्रवार को अमेरिका को अवगत कराया। भारत ने टू प्लस टू विदेश और रक्षा मंत्रिस्तरीय बैठक में अपनी चिंताओं को रेखांकित किया।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने एक प्रेस वार्ता में कहा, हमने अपनी चिंताओं को बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है। भारत और अमेरिका ने रक्षा उत्पादन, अहम खनिजों और उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाकर अपनी वैश्विक रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए व्यापक वार्ता की, जिसमें इजराइल-हमास संघर्ष के कारण पैदा हो रही स्थिति और हिंद-प्रशांत मेंचीन के सैन्य शक्ति प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित किया गया। टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने किया, जबकि विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय पक्ष का नेतृत्व किया। क्वात्रा ने कहा, हमारी मुख्य चिंता सुरक्षा को लेकर है और मुझे यकीन है कि आप सभी हाल ही में एक ऐसे व्यक्ति के सामने आए वीडियो से अवगत होंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी पक्ष नई दिल्ली की चिंताओं को समझता है।

कनाडा के सरे शहर में गत जून में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर सितंबर में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में गंभीर तनाव आ गया। ट्रूडो के आरोपों के कुछ दिनों बाद, भारत ने कनाडाई नागरिकों को वीजा जारी करना अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया और ओटावा से समानता सुनिश्चित करने के लिए देश में अपनी राजनयिक उपस्थिति कम करने के लिए कहा। कनाडा पहले ही भारत से 41 राजनयिकों और उनके परिवार के सदस्यों को वापस बुला चुका है। भारत कुछ वीजा सेवाएं बहाल कर चुका है। टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता के समापन के बाद अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ( शेष पेज 9 )

## मौसम ने दी सौगात, बारिश से हवा साफ

- दिल्ली में रातभर बारिश ने प्रदूषण से राहत दिलाई राजधानी में सम-विषम योजना लागू नहीं होगी
- सुप्रीम कोर्ट ने ने वायु प्रदूषण पर कहा- पराली जलाना रोकना होगा



नई दिल्ली में शुक्रवार को कर्तव्य पथ पर बारिश की फुहार का आनंद लेती युवतियां। फोटोः रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वायु** प्रदूषण के खतरनाक स्तर और धुंध से पिछले 10 दिन से परेशान दिल्लीवासियों को बृहस्पतिवार को रातभर हुई बारिश के कारण राहत मिली और राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता में शुक्रवार को स्पष्ट सुधार देखा गया। दिल्ली में शुक्रवार दोपहर एक बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 314 रहा जो बहुत खराब श्रेणी में आता है।

लेकिन रात नौ बजे यह 239 पर आ गया, यह खराब श्रेणी में है और बृहस्पतिवार रात 11 बजे यह 460 था। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को यह स्पष्ट कर दिया कि राष्ट्रीय राजधानी में सम-विषम कार योजना लागू करने का निर्णय दिल्ली सरकार को लेना है और अदालत पर यह बोझ डालने को लेकर शहर की सरकार की खिंचाई की। शीर्ष न्यायालय में दिन की कार्यवाही के बाद, पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली सरकार ने सम-विषम कार योजना के क्रियान्वयन को टाल दिया है क्योंकि बारिश के चलते वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। राय ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार दिवाली के बाद वायु गुणवत्ता की स्थिति की समीक्षा करेगी और वायु गुणवत्ता में अचानक गिरावट होने की स्थिति में सम-विषम योजना पर फैसला किया जा सकता है।

दिल्ली-एनसीआर में हवा की गति अनुकूल होने के कारण वायु गुणवत्ता में और सुधार होने की उम्मीद है। एक्यूआई पिछले 24 घंटे के आंकड़ों का औसत होता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला ने शुक्रवार को सुबह साढ़े आठ बजे पिछले 24 घंटों में छह मिलीमीटर तथा सुबह साढ़े आठ और साढ़े 11 बजे के बीच 2.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के अधिकतर इलाकों में हल्की बारिश हुई। विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि बृहस्पतिवार रात से पंजाब, हरियाणा और पश्चिम उत्तर प्रदेश समेत पश्चिमोत्तर भारत के अधिकतर हिस्सों में वर्षा हुई है।

आईएमडी ने हल्की बारिश समेत मौसम संबंधी अनुकूल परिस्थितियों के कारण दीपावली से पहले वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार होने का अनुमान जताया था। अधिकारियों ने कहा था कि एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण हवा की दिशा उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व की तरफ बदलने से, भारत के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में पराली जलाए जाने से निकलने वाले धुएं के कारण होने वाले प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने ( शेष पेज 9 )



नई दिल्ली में शुक्रवार को दीपावली के मौके पर खरीदारी करने वालों की भीड़। इस बार त्योहारी सीजन में कारोबारियों को बंपर बिजनेस की उम्मीद है।

## दिवाली ही नहीं होली में भी देंगे मुफ्त सिलेंडरः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि होली के अवसर पर मार्च में उनकी सरकार एक बार फिर निशुल्क गैस सिलिंडर उपलब्ध करवाएगी। एक सरकारी बयान के मुताबिक, शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने धनतेरस के अवसर पर यहां लोकभवन से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश के 1.75 करोड़ पात्र परिवारों के लिए निःशुल्क रसोई गैस सिलिंडर रिफिल वितरण अभियान की शुरुआत की। इस अभियान पर उप्र सरकार 2,312 करोड़ रुपए व्यय करेगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि होली के अवसर पर मार्च में उनकी सरकार एक बार फिर निशुल्क गैस सिलिंडर उपलब्ध करवाएगी लेकिन इसके लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को अपने बैंक खाते को आधार से लिंक करवाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान लोक कल्याण संकल्प पत्र में की गई एक और घोषणा को उनकी सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले लोगों को गैस का कनेक्शन नहीं मिल पाता था, कनेक्शन मिल जाती थी तो भी सिलेण्डर के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ती थी तथा कई बार स्थितियां ऐसी हो जाती थीं की पुलिस को लाठीचार्ज तक करना पड़ जाता था। उन्होंने कहा कि गरीब और वंचित व्यक्ति गैस कनेक्शन के बारे में सोच भी नहीं पाता था तथा महिलाओं को धुंए की वजह से कई बीमारियों का सामना करना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2016 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उज्ज्वला योजना की शुरुआत की तो देश से गैस की किल्लत समाप्त हुई, देखते ही देखते देश के अंदर नौ करोड़ 60 लाख परिवारों को पहली बार निशुल्क में गैस का कनेक्शन मिल पाया तथा लगभग 50 करोड़ लोग लाभान्वित हुए। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने एलपीजी के लाभार्थियों को 300 रुपए सब्सिडी की अलग से सौगात दी है तथा आज बिना किसी धांधली और चोरी के सब्सिडी का लाभ लाभार्थियों को मिल रहा है एवं आधार से लिंक होने के कारण सीधे उनके खाते में सब्सिडी का पैसा पहुंच रहा है।



लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धनतरेस के मौके पर 2,312 करोड़ की लागत से प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1.75 करोड़ परिवारों के लिए निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल वितरण अभियान शुरू किया।

उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत गरीबों और वंचितों को एलपीजी के रूप में स्वस्थ ईंधन उपलब्ध करवाकर प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी आंखों के साथ-साथ फेफड़ों को भी बचाने का कार्य किया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 10 महिला लाभार्थियों को केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी की धनराशि प्रतीकात्मक तौर पर दी। इस दौरान कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, योगेश शुक्ल तथा भारत सरकार की तीन कंपनियों इंडियन ऑयल, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम के प्रतिनिधि मौजूद थे।



### विश्व कप क्रिकेट

- **परिणामः** दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया
- **आजः** ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश इंग्लैंड और पाकिस्तान

### क्विक न्यूज

#### दीपोत्सव के लिए अयोध्या तैयार

**लखनऊ/अयोध्या।** सातवें दीपोत्सव के लिए अयोध्या पूरी तरह से तैयार हो चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुशल प्रबंधन में प्रान्तीयकृत दीपोत्सव में वालंटियर्स के सहयोग से 24 लाख से अधिक दीयों को प्रज्ज्वलित करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। शुक्रवार दोपहर में गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड टीम द्वारा 51 घाटों के दीये की गणना पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, समन्वयक व गणना वालंटियर की मौजूदगी में शुरू हुई। विवि की कुलपति प्रोफेसर प्रतिभा गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप पदाधिकारियों को यथा आवश्यक निर्देश प्रदान किया गया है।

## मध्य प्रदेश चुनावः माफ करो महाराज से स्वागत है महाराज तक

- एमपी में पांच साल में नारों का कायापलट सियासी समीकरण बदलने के साथ बदल जाता है नारों का मिजाज

**एजेंसी।** भोपाल

**मध्य** प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोरों पर है। ऐसे में मजाकिया नारे और मुहावरे, खासकर सोशल मीडिया के युग में चर्चा पर हावी होते नजर नहीं आ रहे हैं।

माफ़ करो महाराज, हमारा नेता शिवराज' (क्षमा करें महाराज, हमारे नेता शिवराज हैं) 2018 के राज्य चुनावों में एक बड़ी हिट थी जब भाजपा ने पूर्व ग्वालियर राजघराने के वंशज, जिन्हें उनके समर्थक प्यार से 'महाराज' कहते हैं, ज्योतिरादित्य सिंधिया पर निशाना साधा था। 2020 में सिंधिया के भाजपा में जाने के बाद बदलते राजनीतिक समीकरणों के साथ, जिसके कारण मप्र में कमल नाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार गिर गई, भगवा पार्टी के पसंदीदा नारे में बदलाव आया। 11 मार्च, 2020 को जब सिंधिया भाजपा में शामिल हुए तो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक्स (तब ट्विटर) पर लिखा, 'स्वागत है महाराज, साथ है शिवराज (स्वागत है महाराज, शिवराज आपके साथ है)। भाजपा के दिमाग ने राज्य में गड्ढों वाली सड़कों और अनियमित बिजली आपूर्ति को उजागर करने के लिए 2003 में पूर्व कांग्रेस सीएम दिग्विजय सिंह के लिए 'श्रीमान बंटाधार' गढ़ा था, जिसके बारे में उनका दावा था कि यह देश में सबसे खराब स्थिति है। राज्य भाजपा सचिव रजनीश अग्रवाल ने कहा, '2003 में, राज्य भर में सड़कों के नाम पर केवल गड्ढे थे। बिजली आपूर्ति बेहद अनियमित थी और दिग्विजय सिंह कहते थे कि चुनाव प्रबंधन से जीते जाते हैं, विकास से नहीं। लोगों को हर मोर्चे पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसी स्थिति को श्रीमान बंटाधार का नाम देकर उचित रूप से अभिव्यक्त किया गया था।



कटनी में केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया एक जनसभा को संबोधित करते हुए।

भाजपा नेता ने कहा कि नारों के जरिए प्रचार अब दीवारों पर पेंटिंग से लेकर सोशल मीडिया तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि पहले के दिनों की तुलना में अब नारेबाज़ी सोशल मीडिया तक पहुंच गई है, जब प्रचार का मतलब दीवार पर तकिया कलाम वाली पेंटिंग करना होता था, हालांकि पारंपरिक राजनीति अभी भी मौजूद है। उन्होंने कहा, इसका नतीजा यह हुआ कि 2003 में सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस की सीटें 230 सदस्यीय सदन में घटकर 38 रह गईं और उमा भारती के नेतृत्व ( शेष पेज 9 )

## कर्नाटक के मंदिर में करंट, 17 लोग भर्ती

**हासन (कर्नाटक)।** कर्नाटक के हासन जिले के हसनंबा मंदिर में शुक्रवार को दर्शन के लिए कतारबद्ध लोग कथित तौर पर विद्युत करंट की चपेट में आ गए जिसके बाद 17 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इस्तेमाल किए गए अवरोधक के बीच कई लोग खड़े थे और अचानक उनमें से कुछ ने लोहे के अवरोधकों में करंट उतरने का आरोप लगाते हुए शोर मचाया। पुलिस के अनुसार इससे वहां अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। हासन के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद सुजीथा ने बताया, '7 लोगों को अवरोधक से बाहर ले जाया गया और बाकी सभी ठीक हैं। महिलाओं सहित सभी 17 लोगों को तुरंत पास के अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा, उनमें से चार को चोट आईं हैं, बाकी को अस्पताल में भर्ती कराया गया क्योंकि उन्होंने शिकायत की थी कि अवरोधक के बीच खड़े होने के दौरान उन्हें बिजली का झटका लगा था। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि कोई भगदड़ नहीं हुई थी और यह सिर्फ अफरा-तफरी थी। पुलिस ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि लोगों को वास्तव में बिजली का झटका लगा है या नहीं। उन्होंने कहा, सीईएससी (चामुंडेश्वरी बिजली आपूर्ति निगम लिमिटेड) के अधिकारी जमीनी स्थिति का विश्लेषण कर रहे हैं। अफरा-तफरी के दौरान कुछ महिलाओं को मामूली चोट आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। वे सभी सुरक्षित हैं। चिंता की कोई बात नहीं। उन्होंने बताया कि भर्ती किए गए 17 लोगों में से पांच को पहले ही छुट्टी दे दी गई है और बाकी लोग ठीक हैं। घटना के कुछ मिनट बाद स्थिति सामान्य हो गई और श्रद्धालुओं को दर्शन की अनुमति दी गई।

# गाजियाबाद में धनतेरस पर खरीदारों की उमड़ी भीड़



*गाजियाबाद। धनतेरस पर्व पर खरीदारों की भीड बाजारों में उमड़ी। दुकानों के पूर्वानुमान के तहत ही सुबह से ही ग्राहकों का खरीदारी के लिए पहुंचना शुरू हो गया था। गिफ्ट पैक, सोने-चांदी के गहने, मूर्तियां, चांदी के सिक्क, रुपए, लक्ष्मी-गणेश व कुबेर की प्रतिमा, झालर व सजावटी सामान ग्राहकों ने खरीदें। धनतेरस पर विशेष रूप से बर्तन बाजार भी सजा जिसमें डिनर सेट, तांबे व एल्मुनियम मिश्रित्र बर्तन, पीतल व तांबे के बर्तन खरीदे गए। त्यौहारों को देखते हुए दुकानदारों ने भी अच्छा खासा स्टॉक मंगवा रखा है। इसके अलावा दिवाली पूजन से सम्बंधित सामग्री, आर्टिफि शियल झालर, रंगोली के रंग आदि भी खूब खरीदे गए। बाजार में काफी दिनों से मंदी चल रही थी, ऐसे में दुकानदारों को पर्व पर अच्छी खरीददारी का अनुमान था तो भीड़ को देखते हुए सही साबित हो रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि कई सौ करोड का कारोबार शहर में होगा। त्यौहारों के चलते बाजारों में भी विशेष सजावट की गई है। रंगीन लाइटों से लेकर कंदील, फूल मालाओं से बाजार सजाए गए हैं।*

**TECHNO ELECTRIC & ENGINEERING COMPANY LIMITED**
CIN No :L40108UP2005PLC094368
Corporate Office : " Park Plaza " 71, Park Street, Kolkata - 700 016
Tel: 033- 40513000, Fax: 033- 4051-3326
Email : desk.investors@techno.co.in : Website: www.techno.co.in

**Extract of Statement of Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter and six month ended September 30, 2023**

(₹ in Lakhs)

| PARTICULARS | Quarter ended | | | Six month ended | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30th September 2023 Unaudited | 30th June 2023 Unaudited | 30th September 2022 Unaudited | 30th September 2023 Unaudited | 30th September 2022 Unaudited | 31st March 2023 Audited |
| Total income from operations (net) | 46,228.74 | 27,393.19 | 18,578.65 | 73,621.93 | 33,127.09 | 82,949.85 |
| Net Profit / (Loss) for the period / year from continuing operations (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 10,050.61 | 4,611.98 | 4,822.01 | 14,662.59 | 8,176.71 | 14,305.58 |
| Net Profit / (Loss) for the period/ year from Discontinued operations (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | - | -425.50 | 3,021.45 | -425.50 | 4,566.55 | 4,541.05 |
| Net Profit / (Loss) for the period / year from continuing operations before tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | 10,050.61 | 4,611.98 | 4,822.01 | 14,662.59 | 8,176.71 | 14,305.58 |
| Net Profit / (Loss) for the period / year from discontinued operations before tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | - | -345.86 | 3,021.45 | -345.86 | 4,566.55 | 11,326.66 |
| Net Profit / (Loss) for the period / year from continuing operations after Tax(after Exceptional and / or Extraordinary items) | 7,377.69 | 2,783.41 | 3,607.60 | 10,161.10 | 5,752.37 | 9,660.83 |
| Net Profit / (Loss) for the period / year from discontinued operations after Tax(after Exceptional and / or Extraordinary items) | - | -256.98 | 2,273.11 | -256.98 | 3,683.45 | 9,024.95 |
| Total Comprehensive Income for the year | 8,887.66 | 3,279.71 | 6,033.02 | 12,167.37 | 9,377.68 | 18,579.29 |
| Equity Share Capital | 2,152.38 | 2,152.38 | 2,199.20 | 2,152.38 | 2,200.00 | 2,152.38 |
| Other Equity (excluding Revaluation Reserves) | | | | | | 1,90,865.20 |
| Earnings Per Share (After tax and before Exceptional items) (of ₹ 2/- each) for continuing operations | | | | | | |
| Basic : | 6.85 | 2.59 | 3.28 | 9.44 | 5.23 | 8.84 |
| Diluted: | 6.85 | 2.59 | 3.28 | 9.44 | 5.23 | 8.84 |
| Earnings Per Share (After tax and before Exceptional items) (of ₹ 2/- each) for discontinued operations | | | | | | |
| Basic : | - | -0.24 | 2.07 | -0.24 | 3.35 | 8.26 |
| Diluted: | - | -0.24 | 2.07 | -0.24 | 3.35 | 8.26 |
| Earnings Per Share (After tax and before Exceptional items) (of ₹ 2/- each) for continuing and discontinued operations | | | | | | |
| Basic : | 6.85 | 2.35 | 5.35 | 9.20 | 8.58 | 17.10 |
| Diluted: | 6.85 | 2.35 | 5.35 | 9.20 | 8.58 | 17.10 |

**Key numbers of Standalone Financial Results:**

(₹ in Lakhs)

| PARTICULARS | Quarter ended | | | Six month ended | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30th September 2023 Unaudited | 30th June 2023 Unaudited | 30th September 2022 Unaudited | 30th September 2023 Unaudited | 30th September 2022 Unaudited | 31st March 2023 Audited |
| Total income from operations (net) | 48,645.97 | 34,607.15 | 18,578.65 | 83,253.12 | 33,127.09 | 96,662.09 |
| Profit before Tax for the period from continuing operations | 9,808.80 | 7,208.20 | 4,832.95 | 17,017.00 | 8,245.81 | 17,485.38 |
| Profit before Tax for the period from discontinued operations | - | -425.50 | 3,021.45 | -425.50 | 4,566.54 | 4,541.05 |
| Net Profit after Tax for the period from continuing operations | 7,142.57 | 5,387.07 | 3,615.85 | 12,529.64 | 6,045.09 | 12,812.53 |
| Net Profit after Tax for the period from discontinued operations | - | -256.98 | 2,273.11 | -256.98 | 3,441.28 | 9,024.95 |

Note : The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the Quarter and Six Months ended September 30,2023 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results are available on the Stock Exchange websites, www.nseindia.com and www.bseindia.com and on the Company's website www.techno.co.in.

For and on behalf of the Board of Directors
( P. P. Gupta )
Managing Director
(DIN:00055954)

Place :- Kolkata
Date :- The 10 November, 2023

# 75 हजार परिवारों को मिला गैस सिलेंडर

- डबल इंजन की सरकार हर वंचित वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही : वीके सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

उज्जवला गैस योजना के तहत आज जिले के 75 हजार से अधिक परिवारों को दिवाली पर्व के उपलक्ष्य में गैस सिलेण्डर की धनराशि प्रदान की गई। लखनऊ में एक कार्यक्रम के तहत सीएम योगी द्वारा पूरे प्रदेश के 175 करोड़ परिवारों के खाते में बटन दबाकर धनराशि जारी की गई।

गाजियाबाद के विकास भवन में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। इसमें केन्द्रीय राज्यमंत्री व सांसद जनरल वीके सिंह, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप मौजूद रहे। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने कहा कि यह डबल इंजन की सरकार है जो देश के हर वंचित वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही हैं। सरकार सिर्फ वायदे नहीं कर रही है बल्कि लोगों को आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और साथ ही घर में भोजन बनाने के लिए उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर भी दी रही है।



पात्र लोगों के साथ केंद्रीय मंत्री वीके सिंह व अन्य।

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि पूर्व की सरकारों में योजनाएं गरीबों के लिए चलाई जाती थी लेकिन उन तक पहुंचते-पहुंचते धनराशि बेहद कम रह जाती थी। लेकिन अब लाभार्थियों के खाते में सीधे और पूरी धनराशि पहुंचती है। बच्चियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा और शादी का खर्च तक सरकार उठा रही है। डीएम आरके सिंह ने बताया कि डीबीडी के माध्यम से जिले के 73 हजार 945 परिवारों के खाते में सिलेंडर रिफिल की धनराशि पहुंचाई गई है। कार्यक्रम में सीडीओ अभिनव गोपाल, जिला आपूर्ति अधिकारी डॉ सीमा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमरजीत सिंह, पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी पीयूष चंद्र आदि मौजूद रहे।

## कुत्ते से कटवाने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के याकूबपुर गांव में तीन लोगों को पहले बुरी तरह पीटने और बाद में कुत्ते से कटवाने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इनकी पहचान हरेन्द्र भाटी, दीपक, आशीष और सुधीर हुई है। पीड़ित पंडित चुन्नी लाल शर्मा ने बताया नोएडा से अपनी बाइक से अपने घर इलाहाबास जा रहे थे। ग्राम याकूबपुर बांस बल्ली से रास्ता बंद था। इसी बात को लेकर आरोपियों ने पीड़ित पक्ष के तीन लोगों को बुरी तरह से पीटा। यही नहीं अपने पालतू कुत्ते से कटवा दिया।

## छात्र ने वीडियो बनाते हुए की आत्महत्या

- महिला दोस्त के बात नहीं करने से परेशान था

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में बीकॉम के छात्र ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। वह स्कूल की महिला दोस्त के बात नहीं करने से आहत था।

पुलिस को मृतक के मोबाइल की जांच में 12 सेकेंड का वीडियो मिला, जिसमें वह फांसी का फंदा लगाकर लटकते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो गुरुवार देर रात सामने आया है। ये मामला क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में भीमनगर का है। यहां रहने वाला शुभम 21 बीकॉम प्रथम वर्ष का छात्र था। बीते रविवार को उसने



अपने कमरे में फ ांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पिता बेलदारी करते हैं। देर शाम जब वह घर लौटे तो दरवाजा बंद मिला।

दरवाजा तोड़ने पर शिवम की लाश पंखे से लटकी हुई मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। उस वक्त पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला था, इसलिए इस घटना की सही वजह पता नहीं चल पाई थी। हालांकि पुलिस को मृतक का मोबाइल जरूर बरामद हुआ था। पुलिस को अब इस मोबाइल से महत्वपूर्ण सुराग हासिल हुए हैं। गैलरी में एक वीडियो मिली है, जो सुसाइड करते हुए बनाई गई थी। इसमें दिख रहा है कि शिवम ने सफेद रंग की चादर से फंदा बनाया और झूल गया।

# कुमार विश्वास की सुरक्षा से हटाए सीआईएसएफ कमांडो

- डीजी ने दिया कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश, दोनों पक्षों पर हुई थी एफआईआर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

सीआईएसएफ ने कुमार विश्वास की सुरक्षा में तैनात तीन कमांडो को हटा दिया है। इनकी जगह नए कमांडो तैनात कर दिए गए हैं।

सीआईएसएफ महानिदेशक ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया है। डीजी ने कहा कि प्रथम दृष्टया कमांडो द्वारा मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन नहीं पाया गया। सीआईएसएफ ने ये एक्शन गाजियाबाद में कुमार विश्वास के काफिले से कार निकालने के हुए विवाद के मद्देनजर लिया है। डॉक्टर पल्लव बाजपेई ने आरोप लगाया था



कि उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने पीटा था। उधर, सुरक्षाकर्मियों और निजी डॉक्टर के बीच कार निकालने को लेकर हुए विवाद में गाजियाबाद पुलिस ने गुरुवार को दोनों पक्षों की एफआईआर दर्ज कर ली है। हालांकि दोनों ही मुकदमों में आरोपी अज्ञात दर्शाए गए हैं। कुमार विश्वास के काफिले पर हमले के प्रयास की बात को पुलिस पहले ही नकार चुकी है। इसलिए सीआईएसएफ सुरक्षाकर्मी ने जो मुकदमा दर्ज कराया है, उसमें पुलिस ने हमले की धारा नहीं जोड़ी है। उधर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कहा है कि कुमार विश्वास इस पूरे प्रकरण में सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। कुमार विश्वास गाजियाबाद के वसुंधरा इलाके में रहते हैं। 8 नवंबर को वो एक कार्यक्रम में शामिल होने घर से अलीगढ़ जा रहे थे। गाजियाबाद में हिंडन नदी पुल के पास काफिले में एक निजी डॉक्टर पल्लव बाजपेई की कार आ गई। इसे लेकर कुमार विश्वास के सुरक्षाकर्मियों का डॉक्टर से विवाद हो गया। हालांकि सोशल मीडिया में 4 सेकेंड की एक वीडियो वायरल हुई, जिसमें कुछ सुरक्षाकर्मी झाड़ियों में गिरे एक शख्स से हाथापाई करते दिखाई दे रहे हैं।

## गैंगस्टर सुंदर भाटी समेत तीन को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा के सपा नेता व प्रधान हरेंद्र नागर हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे कुख्यात गैंगस्टर सुंदर भाटी, उसके साथी ऋषिपाल और सिंहराज की जमानत मंजूर कर ली है।

उन्हें एक करोड़ के दो जमानतगीर देने होंगे। जमानत पर छूटने के बाद भारत के बाहर बिना अदालत की अनुमति के नहीं जा सकेंगे। उन्हें अपना पासपोर्ट नोएडा पुलिस आयुक्त के कार्यालय में जमा कराना होगा। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने बहुचर्चित हरेंद्र नागर हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सुंदर भाटी समेत 11 दोषियों की नौ अपीलों पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है।

कोर्ट ने कुख्यात सुंदर भाटी, ऋषिपाल और सिंहराज को जमानत देने के साथ ही सह.अभियुक्त योगेश, विकास पंडित, सोनू, बॉबी उर्फ शेर सिंह और अनूप भाटी, दिनेश भाटी और यतींद्र चौधरी की अपीलों को अंतिम सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि अगले दो वर्षों में अगर अपीलों का निस्तारण नहीं होता है तो सह.अभियुक्तों को अर्जी दाखिल करने की स्वतंत्रता होगी।

## नौ लाख की लूट में शामिल बदमाश मुठभेड़ में घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

डीसीपी सिटी निपुण अग्रवाल व एसीपी कोतवाली निमिष दशरथ पाटिल की टीम ने 4 नवंबर को लोहा कारोबारी संदीप गोयल के कैशियर कम्लेंद्र गुप्ता के साथ घंटाघर कोतवाली क्षेत्र में हुई 9 लाख की लूट का खुलासा न केवल 6 दिनों में कर दिया। इस घटना का एक आरोपी मुठभेड़ में घायल हो गया।

साथ ही इन दोनों अधिकारियों की टीम ने कोतवाल महेश सिंह राणा की टीम के साथ मिलकर लूट की वारदात में शामिल पांच और बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये बदमाशों के पास से लोहा कारोबारी के कैशियर से लूटे गये नौ लाख रुपयों में से 6 लाख 30 हजार की रकम, हथियार व वारदात में प्रयुक्त वाहन भी बरामद कर लिये। डीसीपी सिटी जोन निपुण अग्रवाल ने बताया कि 4 नवंबर को जब लोहा कारोबारी के डिलीवरीमैन कम्लेंद्र गुप्ता कैश लेकर आ रहे थे तो चौधरी मोड़ के पास बदमाशों ने उनसे कैश से भरा थैला लूट लिया। चेकिंग के दौरान बाइक पर सवार बदमाशों ने जांच के लिये रूकने के बजाए पुलिस पर फायर झोंककर भागना शुरू कर दिया। तब पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलियां चलाई। इस एंकाउंटर में मनोज पुत्र रमेश निवासी कविनगर के पैर में गोली लगी।

# खराब तबीयत के बीच एल्विश की इंस्टा पर नई रील

- बैकग्राउंड में बज रहा पंजाबी गाना, पुलिस रिमांड पर 5 सपेरे, सीक्रेट लोकेशन पर पूछताछ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

बिग बॉस ओटीटी-2 विनर एल्विश यादव की तबीयत ठीक नहीं है। वह गुरुग्राम के अस्पताल में भर्ती है। नोएडा पुलिस ने सांप तस्करी और रेव पार्टी केस में पूछताछ के लिए एल्विश को बुलाया था। लेकिन पुलिस सूत्रों ने बताया कि तबीयत खराब का हवाला देते हुए वह थाने में नहीं पहुंचा।

वहीं, एल्विश ने इंस्टाग्राम पर एक रील स्टोरी में लगाई है। इसमें वह कार में मौजूद है। बैकग्राउंड में पंजाबी सांग की आवाज आ रही है। हालांकि, यह वीडियो कब शूट किया गया। इस बारे में कोई जिक्र नहीं है। उधर, शुक्रवार को नोएडा पुलिस ने सांप तस्करी में पकड़े गए राहुल और 4 अन्य आरोपियों को रिमांड पर लिया। लुक्सर जेल से



पुलिस उनको किसी गोपनीय जगह पर ले गई। पुलिस को आरोपियों की 54 घंटे की रिमांड मिली है। रिमांड पर पुलिस राहुल और एल्विश के साथ ही राहुल और सिंगर फाजिलपुरिया के कनेक्शन पर भी पूछताछ करेगी। रिमांड में पूछे जाने वालों सवालों की पुलिस ने पहले ही लिस्ट तैयार कर ली थी। माना जा रहा है कि पुलिस आरोपियों का एल्विश यादव से भी आमना-सामना करा सकती है। रिमांड के दौरान स्टिंग का रीक्रिएशन भी किया जा सकता है। यही नहीं, पुलिस आरोपियों को उन स्थानों पर भी लेकर जा सकती है, जिसका जिक्र ऑडियो में है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, एल्विश के बाद अब राहुल और सपेरा की बचाव में 9 वकील उतारे गए हैं। पैरवी के लिए फरीदाबाद के 7 और नोएडा के 2 वकील लगे हैं। ऐसे में पुलिस इस एंगल को भी देख रही है कि कहीं इस पूरे रैकेट में कोई बड़ा गैंग या शख्स तो नहीं है।

हालांकि, यूट्यूबर एल्विश यादव पर नोएडा पुलिस कार्रवाई करने से बचती दिख रही है। पहले राजस्थान में पकड़ा जाना। फिर बिना पूछताछ के छोड़ देना। दबाव बढ़ा तो केस दर्ज होने के 4 दिन बाद पूछताछ के नोटिस भेजा। फिर 45 मिनट की पूछताछ के बाद जवाब से संतुष्ट न होने पर भी गिरफ्तार न करना।

कहीं न कहीं ये बताता है कि पुलिस एल्विश पर सॉफ्ट बनी हुई है। सिर्फ यही नहीं, सांपों के मेडिकल टेस्ट में पांच सांपों की विष ग्रंथी निकालने की बात सामने आई है। मगर इसके बाद भी पुलिस ने इस केस में वन्य जीव क्रूरता की धारा नहीं बढ़ाई है। पुलिस सूत्र बताते हैं कि एल्विश के बड़े राजनीतिक कनेक्शन है। यह नहीं, यूथ के बीच पॉपुलैरिटी भी एक एंगल है।

# पटाखे नहीं दीये जलाकर मनाएं दिवाली: राय

## मुहिम का मकसद लोगों को आतिशबाजी से रोकना और दीयों को प्रोत्साहित करना है: पर्यावरण मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण को मद्देनजर सरकार ने लोगों से पटाखे नहीं दिये जलाकर दिवाली मनाने का अनुरोध किया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को दीया जलाओ-पटाखे नहीं अभियान शुरू किया। इस मुहिम का मकसद लोगों को पटाखे जलाने से रोकना और दीये के साथ दीपावली मनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। राय ने कहा कि लोगों की जिंदगी बचाना और त्योहार मनाना दोनों जरूरी है, इसलिए दीयो के साथ रोशनी का त्योहार मनाएं और राष्ट्रीय राजधानी को प्रदूषण से बचाएं।

गोपाल राय ने शुक्रवार को दीया जलाओ-पटाखे नहीं अभियान की शुरुआत सिविल लाइंस स्थित अपने घर में दीए जला कर की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदूषण कम करने के लिए जन भागीदारी जरूरी है। लोगों को दिए के साथ दीवाली मनाने की अपील करते हुए कहा कि दिए जलाओ-पटाखे नहीं अभियान का उद्देश्य पटाखे जलाने से लोगों को रोकना है। साथ ही लोगों को दीये के साथ दिवाली मनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।



पर्यावरण मंत्री गोपाल राय अपने आवास पर दीये जलाओ, पटाखे नहीं अभियान शुरू किया।

दिवाली पर पटाखों से होने वाले प्रदूषण से हवा प्रदूषित हो जाती है और यह प्रदूषण बच्चों एवं बुजुर्ग के लिए बहुत ही घातक होता है। पर्यावरण विभाग द्वारा आज पटाखों पर प्रतिबंध के बारे में जन जागरूकता फैलाने के लिए दिए जलाओ-पटाखे नहीं कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण मंत्री के घर पर किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान की शुरुआत की गई है और लोगों को जागरूक करने का यह अभियान दीपावली तक चलेगा। सर्दी के मौसम में प्रदूषण से निपटने के लिए सरकार सभी सम्बंधित विभागों के साथ मिलकर 15 सूत्रीय विंटर एक्शन प्लान पर काम कर रही है। आज से पटाखों के प्रदूषण रोकने के लिए दीए जलाओ-पटाखे नहीं अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि जिंदगी को बचाना और त्योहार मनाना जरूरी है। दीयो के साथ दिवाली मनाएंगे और दिल्ली को प्रदूषण से बचाएंगे।

पर्यावरण मंत्री ने दिल्ली वालों और बच्चों से अपील करते हुए कहा कि पटाखे नहीं, दीये जलाएं। इस मुहिम में रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए), पर्यावरण मित्र और ईको क्लब सहित सभी लोगों को शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने हिस्से के प्रदूषण को कम करने का प्रयास करना होगा। इसके लिए पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

दिवाली के अवसर पर पटाखे जलाने से प्रदूषण काफी बढ़ जाता है इसीलिए पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिलीवरी सहित) तथा पटाखों को जलाने पर सरकार द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

## धनतेरस पर आभूषण की दुकानें गुलजार


फोटो: रंजन डिमरी।

# प्रदूषण से निपटने में सम-विषम कारगर योजना नहीं: भाजपा

- सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद आप को विपक्षी दल ने घेरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि प्रदूषण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह एक बार फिर आम आदमी सरकार को फटकार लगाई है, उसे देखते हुए यह फिर साफ हो गया है कि इस सरकार के पास न कोई विजन है और न ही योजना। कोर्ट को यहां तक कहना पड़ा है कि हर बार कोर्ट की फटकार के बाद ही सरकार सक्रिय क्यों होती है। केजरीवाल सरकार के निकम्मेपन पर सुप्रीम कोर्ट की भी मुहर लग गई है।

बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए कोई कदम नहीं उठाए। जो कदम उठाए भी, उसमें भी न कोई योजना थी और न ही विकल्प। उन्होंने कहा कि ग्रेप-4 के अंतर्गत दिल्ली में बीएस-3 की पैट्रोल और बीएस-4 की डीजल गाड़ियों पर तो प्रतिबंध लगाया लेकिन जिन लोगों के पास ये गाड़ियां हैं, उनके लिए कोई वैकल्पिक उपाय नहीं किए।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि आज पंजाब और दिल्ली सरकारों द्वारा हलफनामा प्रस्तुत करने और उन पर चर्चा से यह और स्थापित हो गया है कि पंजाब और दिल्लीी दोनों सरकारों ने प्रदूषण पर अपने नागरिकों को विफल कर दिया है। सचदेवा ने कहा है कि दोनों मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान तथा आम आदमी पार्टी प्रदूषण नियंत्रण पर विजनलेस हैं। फसल अवशेष जलाने पर उठाए गए कदमों पर कोर्ट के सवालों पर पंजाब सरकार के पास कोई जवाब नहीं था और वह दावा करती रही कि हम राज्य में खेतों में आग को नियंत्रित करने के लिए और कदम उठाएंगे।


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा

ऑड ईवन योजना पर दिल्ली सरकार द्वारा प्रस्तुत विभिन्न अध्ययनों के विवरण से पता चला है कि योजना के कार्यान्वयन के दौरान निजी चार पहिया वाहनों में कमी आई लेकिन ऑड ईवन के दौरान बसों और दोपहिया वाहनों जैसे प्रदूषण फैलाने वाले सार्वजनिक वाहनों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हो जाती है।

पंजाब और दिल्ली सरकार की अदालत को समझाने में दोहरी विफलता के बाद आम आदमी पार्टी ने प्रदूषण संकट पर बोलने का नैतिक अधिकार खो दिया है।

### बाजारों, कॉलोनियों और गलियों में भर है कचरा: लवली

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि दीपावली का त्यौहार नजदीक होने के कारण, दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) राजधानी की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने में विफल रहे हैं, क्योंकि बाजारों, सड़कों और कालोनियों की गलियों में कूड़े कचरे के ढेर लगे हुए है। उन्होंने कहा कि एमसीडी को बाजारों और कॉलोनियों में उचित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतू अभियान चलाना चाहिए, ताकि लोगों को दीपावली के मौके पर गंदगी से छुटकारा मिले और स्वच्छ वातावरण में त्यौहार मना सकें।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि दीपावली का त्यौहार नजदीक होने के कारण दिल्ली सरकार और नगर निगम में साफ-सफाई सुनिश्चित करने में विफल रहे हैं, क्योंकि बाजारों में कूड़ा-कचरा जमा हो गया है। एमसीडी में सदन के पूर्व नेता जितेंद्र कुमार कोचर ने कहा कि कांग्रेस पार्षदों ने सदन सत्र में वायु प्रदूषण और शहर में उचित स्वच्छता अभियान की आवश्यकता का मुद्दा उठाया था।

### दिल्ली विश्वविद्यालय में 19 तक शीतकालीन अवकाश

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने वायु प्रदूषण के मद्देनजर 13-19 नवंबर तक शीतकालीन अवकाश की घोषणा की है।

दिल्ली विश्वविद्यालय में शीतकालीन अवकाश आमतौर पर दिसंबर में होता है, लेकिन दिल्ली में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति के कारण लागू की गई क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के नियमों के मद्देनजर शीतकालीन अवकाश को निर्धारित समय से पहले घोषित किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों और संस्थानों को शीतकालीन अवकाश घोषित करने के लिए कहा गया है। हालांकि, सभी पूर्व निर्धारित परीक्षाएं और साक्षात्कार बिना किसी बदलाव के आयोजित होंगे।

# डीएएसएस अधिकारियों की अब ग्रुप ए पदों पर होगी पदोन्नति

- एलजी ने अधीनस्थ सेवाओं के पहली बार कैडर के पुनर्गठन को मंजूरी दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार के ग्रुप-सी और ग्रुप-बी के 13 हजार कर्मचारियों को दीपावली का तोहफा दिया है।

उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार की अधीनस्थ सेवाओं के पहले कैडर के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है। इसे पहले डीएएसएस के नाम से जाना जाता था। इसे वर्ष 1967 में गठित किया गया था। डीएएसएस के अधिकारी जो समूह सी कर्मचारियों के रूप में सेवाओं में आते हैं, उन्हें अब ग्रुप ए अधिकारियों के रूप में पहली बार पदोन्नत किया जा सकेगा। पिछले 56 वर्षों से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार की अधीनस्थ सेवाएं (जीएनसीटीडीएसएस- जिसे पहले डीएएसएस के नाम से जाना जाता था), जिसका गठन 1967 में किया गया था, का पुनर्गठन नहीं किया गया है, जबकि मौजूदा नियमों और प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक 5 वर्ष में इसका पुनर्गठन अनिवार्य है।


उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना

कैडर का पुनर्गठन न होने के कारण, जीएनसीटीडीएसएस कैडर में ठहराव की स्थिति बनी रही और सीधे भर्ती किए गए ग्रेड-बी (डीएएसएस), सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) को अपनी पूरी सेवा अवधि के दौरान केवल एक पदोन्नति देकर ग्रेड वेतन 4600 रुपये से 4800 रुपये पर ग्रेड-ए सेक्शन ऑफिसर, ग्रुप-बी राजपत्रित बनाया जाता है। सेवा के अंतिम समय में, इनमें से कुछ को ही दानिक्स के प्रवेश ग्रेड के पद पर पदोन्नति मिल सकी।

कैडर के पुनर्गठन के प्रस्ताव पर पहले दिल्ली सरकार ने विचार किया था और एसएन सहाय की अध्यक्षता में एक समिति भी गठित की गई थी। लेकिन वर्षों से यह लटका रहा।

जीएनसीटीडीएसएस के अंदर वेतन स्तर -11 (समूह-ए पद) के 217 विशिष्ट पदों को समाप्त किया जाएगा और संबंधित विभागों के परामर्श से इन पदों का उचित नामांकरण तय किया जाएगा। ऐसे 217 पदों पर तैनात जीएनसीटीडीएसएस के वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों की छुट्टी, प्रतिनियुक्ति, प्रशिक्षण के कारण दिल्ली सरकार के प्रशासन की कार्यात्मक आवश्यकता को पूरा करने के लिए, ऐसे 217 पदों में से 30 प्रतिशत अतिरिक्त (यानी 65 पद) को दिल्ली सरकार में तैनाती के लिए आरक्षित किया गया है।

# मुख्य सचिव पर मुख्यमंत्री ने मांगी रिपोर्ट

- अधिक मुआवजे के बदले बेटे को नौकरी देने का है आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार के खिलाफ एक शिकायत के संबंध में सतर्कता मंत्री से रिपोर्ट मांगी है।

आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सड़क परियोजना के लिए अधिग्रहीत की गई जमीन के लिए अधिक मुआवजा पाने वाले एक व्यक्ति के रिश्तेदार ने मुख्य सचिव नरेश कुमार के बेटे को नौकरी दी। कुमार ने इस मामले में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



सूत्रों ने बताया कि दिल्ली सरकार को यह शिकायत अक्टूबर में मिली थी, जिसे मुख्यमंत्री ने सतर्कता मंत्री आतिशी के पास भेज दिया और उनसे इस विषय पर तथ्यों के साथ विस्तृत रिपोर्ट मांगी। वर्ष 2018 में द्वारका एक्सप्रेसवे के निर्माण के वास्ते भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के बामनोली गांव में 19 एकड़ जमीन अधिग्रहीत की थी और शुरू में जिला प्रशासन ने इसके लिए मुआवजे की राशि 41.52 करोड़ रुपए तय की थी। भूस्वामियों ने इस मुआवजे को चुनौती दी थी और अंतत: इस साल मई में दक्षिण पश्चिम दिल्ली के जिलाधिकारी हेमंत कुमार ने इसे बढ़ाकर 353.79 करोड़ रुपए कर दिया। गृह मंत्रालय ने इस मामले में जिलाधिकारी हेमंत कुमार को बाद में निलंबित कर दिया। हाल में दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी 353.79 करोड़ रुपए की इस मुआवजा राशि को खारिज कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार


ग़ालिब एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य।

### गालिब एकेडमी में विश्व उर्दू दिवस मनाया

**नई दिल्ली।** विश्व उर्दू दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। राजधानी के बस्ती हजरत निजामुद्दीन स्थित ग़ालिब एकेडमी में आयोजित समारोह में विभिन्न लोगों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक वर्ष 9 नवंबर को विश्व उर्दू दिवस समारोह का आयोजन उर्दू डेवलपमेंट आर्गनाइजेशन एवं विश्व उर्दू दिवस समारोह आयोजन समिति की तरफ से किया जाता है। उर्दू डेवलपमेंट आर्गेनाईजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विश्व उर्दू दिवस समारोह आयोजन समिति के संयोजक डॉ सैयद अहमद खान ने बताया कि पिछले 26 वर्षों से उर्दू दिवस समारोह का आयोजन करते आ रहे हैं। आम जनमानस के तरफ से इसकी सराहना भी की जा रही है। लेकिन सरकारी स्तर पर उर्दू की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। गालिब अकादमी में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पद्म प्रोफ़ेसर अख्तरुल वासे, पूर्व सांसद मोहम्मद अफजल, प्रोफेसर खालिद महमूद आदि ने अपने विचार व्यक्त किया।

### डीपफेक वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने भारतीय अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के काट-छांट किए गए एक डीपफेक वीडियो के सोशल मीडिया मंच पर व्यापक रूप से प्रसारित होने की मीडिया में आई खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया है। डीसीडब्ल्यू ने इस सिलसिले में दिल्ली पुलिस को एक नोटिस जारी किया। डीसीडब्ल्यू की ओर से दिल्ली पुलिस को जारी किए गए नोटिस के मुताबिक, प्राप्त खबरों के अनुसार अभिनेत्री ने भी इस मामले में अपनी चिंता जताई है और कहा है कि किसी ने वीडियो में उनकी तस्वीर के साथ अवैध रूप से छेड़छाड़ की है। आयोग को पता चला है कि मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। यह बहुत ही गंभीर मामला है। डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कृत्रिम बुद्धिमता के जरिए बनाए गए अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के डीपफेक वीडियो पर संज्ञान लेते हुए दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है।

# कोर्ट ने आप नेता संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 24 तक बढ़ाई

- सांसद बोले: सीएम को फंसाने की साजिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली सरकार की कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में गिरफ्तार आप नेता संजय सिंह की न्यायिक हिरासत की अवधि शुक्रवार को 24 नवंबर तक बढ़ा दी।

विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने सिंह को संसद सदस्य के रूप में विकास कार्यों से संबंधित तीन पत्रों पर हस्ताक्षर करने की भी अनुमति दी। ये तीनों पत्र दिल्ली नगर निगम के आयुक्त के नाम थे। न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को उन्हें (सिंह को) पंजाब की एक अदालत के समक्ष पेश करने का भी निर्देश दिया, जब सूचित किया गया कि पंजाब के अमृतसर की एक अदालत से एक मामले में पेशी वारंट प्राप्त हुआ है।

इस बीच, अदालत कक्ष में लाए जाने के दौरान आप नेता ने भाजपा का नाम लिए बिना आरोप लगाया कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने से भी बदतर कुछ करने की योजना बनाई है।

# चालक की मिर्गी का दौरा पड़ने से हुई थी दुर्घटना

- सीसीटीवी फुटेज से हुआ खुलासा, रोहिणी में सड़क किनारे खड़ी गड़ियों को मारी थी टक्कर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पिछले सप्ताह दिल्ली के रोहिणी में हुए एक हादसे के सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि जिस बस ने सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियों को टक्कर मारी थी, उसके चालक को मिर्गी का दौरा पड़ा था।

रोहिणी बस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। बस के अंदर के सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि चालक को संभवत: मिर्गी का दौरा पड़ने के दौरान बस सड़क से उतरी। रोहिणी के विश्राम चौक पर चार नवंबर को हुई इस घटना में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की एक इलेक्ट्रिक बस ने सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियों को टक्कर मार दी थी। हादसे में, सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति की भी मौत हो गई थी, जबकि एक अन्य घायल हो गया था। घटना में एक दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन, एक कार और एक ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया था। घटना के मद्देनजर पुलिस ने बस चालक संदीप कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया था। कुमार ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसे मिर्गी का दौरा पड़ा था, जिसके चलते उसने बस पर अपना नियंत्रण खो दिया।




पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि चालक अपनी सीट पर बैठा है और बस नियंत्रण से बाहर हो रही है। फुटेज में बस के सह-चालकों को तेज रफ्तार बस को नियंत्रित करने की कोशिश करते देखा जा सकता है।

### 55 मेट्रो स्टेशन पर मिलेंगे व्यापार मेले का टिकट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में 14 से 27 नवंबर तक आयोजित होने वाले भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) के टिकट दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के 55 मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध होंगे।

14 दिवसीय मेले के दौरान कई देशों के बड़ी संख्या में घरेलू और विदेशी इकाइयां अपने उत्पादों का प्रदर्शित करेंगी। आईआईटीएफ की मेजबानी वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला आईटीपीओ करता है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने कहा कि वह 14 नवंबर से कारोबारी दिवस (14-18 नवंबर) के लिए और 19 नवंबर से आम लोगों (19-27 नवंबर) के लिए व्यापार मेले में प्रवेश टिकटों की बिक्री करेगा।

# छठ महापर्व की तैयारियां तेज, बनेंगे एक हजार घाट

## आतिशी ने अधिकारियों को साफ पानी, साफ-सफाई, रोशनी, शौचालय, टेंट आदि का विशेष ध्यान देने का दिया निर्देश

- राजस्व मंत्री आतिशी ने सभी जिलाधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार ने छठ पूजा की तैयारियां तेज कर दिया है। छठ पर्व 17 नवंबर को शुरू होगा और 20 नवंबर को इसका समापन होगा। ऐसे में इस बार भी छठ पर्व को धूमधाम से मनाने की तैयारी है। सूर्य और छठी मैया की छठ पर्व के मौके पर पूजा की जाती है।

छठ पूजा को देश और विदेश में धूमधाम से मनाया जाता है। इसको लेकर राजस्व मंत्री आतिशी ने सभी जिलाधिकारियों के साथ लगातार दूसरी बात उच्च स्तरीय बैठक की।



राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अंतिम समय में अफरा-तफरी से बचने के लिए अभी से ही छठ महापर्व को लेकर सभी जरूरी तैयारियाँ शुरू कर दी जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। आतिशी ने कहा कि छठ महापर्व लाखों श्रद्धालुओं के आस्था का त्यौहार है। ऐसे में ये त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मन सके और श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के छठी मईया की उपासना कर सके इसको लेकर केजरीवाल सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि इसकी तैयारियों में कोई कमी न छूटे। उन्होंने जिलाअधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने जिलों में चिन्हित घाटों पर सभी जरूरी व्यवस्था करें और स्थानीय छठ पूजा समितियों के साथ बैठके करना शुरू कर पूजा के सफल आयोजन के लिए उनके सुझाव ले और उसके अनुसार तैयारियाँ करें।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरी दिल्ली में 1,000 से अधिक छठ तैयार कराए जाएंगे। जहां साफ पानी, टेंट, बिजली, शौचालय, सुरक्षा, मेडिकल सुविधा, पॉवर बैकअप सहित अन्य सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया की जाएगी।

कई घाटों पर मैथली-भोजपुरी अकादमी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए कुछ विशेष स्थानों पर छठ घाटों का आकार भी बढ़ाया जाए।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के वोटर आईडी में दर्ज होगा राष्ट्रपति भवन का पता

- पता बदलने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए फॉर्म-8 भरा : सीईओ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी. कृष्णमूर्ति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मतदाता पहचान पत्र में पता बदलकर राष्ट्रपति भवन गए।

लोकतांत्रिक भागीदारी का अनुकरणीय प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने पता अद्यतन प्रक्रिया शुरू करने के लिए फॉर्म-8 भरा। राष्ट्रपति आगामी चुनाव में नई दिल्ली जिले से अपना मतदान करने की पात्र होंगी। इस मौके पर सीईओ राष्ट्रपति को दिल्ली में चल रहे विशेष सारांश संशोधन 2024 के बारे में अवगत कराया। सीईओ ने बताया कि फॉर्म-8 भरने के बाद, राष्ट्रपति को एक नया मतदाता पहचान पत्र जारी होगा। जो दिल्ली में उनके अद्यतन आवासीय पते को दर्शायेगा।


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को गुलदस्ता भेंट करते पी. कृष्णमूर्ति।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस चुनावी प्रक्रिया में उनके सहयोग के लिए राष्ट्रपति का आभार व्यक्त किया। यह सहयोगात्मक प्रयास शासन के उच्चतम स्तर पर चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के समर्पण का उदाहरण है।

# गुरुग्राम को धनतेरस पर मिली 109 करोड़ से बने अंडरपास की सौगात


गुरुग्राम में वाटिका चौक पर अंडरपास का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।


गुरुग्राम में वाटिका चौक पर अंडरपास का उद्घाटन करने के दौरान निरीक्षण करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया अंडरपास का लोकार्पण

## एसपीआर को गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन के बीच सुगह होगा यातायात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने शुक्रवार को वाटिका चौक पर नवनिर्मित अंडरपास का उद्घाटन किया। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के माध्यम से 109.14 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 0.822 किमी लंबे इस अंडरपास के आरंभ होने से अब सदर्न पेरिफेरल रोड से गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड के बीच यातायात सुगम होगा।

मुख्यमंत्री ने वाटिका चौक अंडरपास का मंच से रिमोट दबाकर उद्घाटन पट्टिका का अनावरण किया और रिबन काटकर यातायात के लिए इस परियोजना को जनता को समर्पित किया। गुरुग्राम-बादशाहपुर मार्ग पर वाटिका चौक रेड लाइट पर भी वाहनों का दबाव कम होगा। मनोहर लाल ने उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशवासियों को धनतेरस के शुभ अवसर की बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम एक आइकोनिक सिटी है, जिसके विकास को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशन में एनएचएआई, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण, नगर निगम व लोक निर्माण विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को पूरी तत्परता के साथ धरातल पर फलीभूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के विकास के सफर में गुरुग्रामवासियों का भी निरन्तर सहयोग मिल रहा है।

**गुरुग्राम में पिछले 9 वर्ष में बने 16 अंडरपास, 15 फ्लाईओवर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में करवाए गए गुरुग्राम के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि निर्धारित समय अवधि से पूर्व व तय बजट में निर्मित यह वाटिका चौक का अंडरपास गुरुग्राम के विकास को नई गति प्रदान करेगा।

उन्होंने पिछली सरकारों और वर्तमान सरकार की कार्यशैली में अंतर पर बोलते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व गुरुग्राम जिला में कोई अंडरपास नहीं था जबकि पिछले 9 वर्षों में गुरुग्राम में कुल 16 अंडरपास का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में फ्लाईओवर (रेलवे ओवर ब्रिज सहित) के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले गुरुग्राम में कुल 8 फ्लाईओवर थे। वहीं अब इनकी संख्या 24 हो गयी है।

**सड़कों के विकास के लिए 1747 करोड़ रुपए बजट :** मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में सड़कों पर लोगों का आवागमन सुगम हो व ट्रैफिक अपनी निर्बाध गति से आगे बढ़े, इसके लिए विभिन्न परियोजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम में 245 किलोमीटर लंबी कुल 58 परियोजनाएं हैं, जिनके लिए 1747 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। विभिन्न स्थानों पर पानी का नेचुरल फ्लो रुक जाता है। ऐसे में गुरुग्राम में सीवरेज व ड्रेनेज जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए भी 10 बड़ी परियोजनाओं पर करीब 1027 करोड़ की राशि खर्च की जा रही है। उद्घघाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि पिछले 9 वर्षो में केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार ने गुरुग्राम में जो इंफ्रा तैयार किया है, उससे आमजन के जीवन रोजाना बेहतर हो रहा है।

इस अवसर पर पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, सोहना के विधायक संजय सिंह, मुख्यमंत्री के प्रिंसिपल एडवाइजर अर्बन डेवलपमेंट डीएस ढेसी, पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह, जीएमडीए के सीईओ पीसी मीणा, डीसी निशांत कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी व विशिष्टजन कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# सरस आजीविका मेले में 9 नवंबर तक 10 करोड़ से अधिक का हुआ कारोबार

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में लगा सरस आजीविका मेला-2023 फायदे का सौदा साबित हुआ है। त्योहार सीजन में लगा यह 17 दिवसीय मेला सम्पंन होने में दो दिन शेष हैं। मेले के 9 दिन में 10 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हुआ है। उम्मीद है कि बाकी के इन दो दिनों को मिलकर मेले का कुल कारोबार 15 करोड़ को पार कर जाएगा। धरतेरस पर्व पर मेले में बम्पर खरीदारी हुई। सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली ग्राउंड में लगे इस मेले में देश के 28 राज्यों के 400 से अधिक स्टॉल लगे हैं।

सरस आजीविका मेले में 9 नवंबर तक 10.24 करोड़ रुपये तक का कारोबार हो चुका है। अब बचे दो दिनों में उम्मीद है कि साढ़े चार करोड़ से ज्यादा का कारोबार होगा। बंपर खरीदारी का कारण धनतेरस है। इस पर छूट भी दी गई। 10 व 11 नवंबर को मेले में विशेष रूप से 10 से लेकर 20 प्रतिशत तक की अधिकतम छूट दी जा रही है। इस छूट से एक तरफ जहां मेले में बंपर खरीदारी हो रही है, वहीं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की सेल भी बढ़ी है। मेले में डिस्काउंट के कारण सुबह हल्की बारिश के बावजूद में दोपहर बाद देर रात तक लोगों की भीड़ लगी रही। यह भीड़ न केवल हेंडीक्राफ्ट व हेंडलूम स्टॉलों पर रही, बल्कि फूड कोर्ट में भी देर शाम काफी भीड़ रही।

मेले में कर्नाटक के स्टेट कोआर्डिनेटर नागराजू बीआर ने बताया कि राज्य से कुल छह स्टॉल लगाए गए हैं, इसमें हेंडीक्राफ्ट व हेंडलूम के जहां चार स्टॉल लगाए गए हैं। दो स्टॉल हर्बल प्रोडक्ट के लगाए गए हैं। कर्नाटक के इनले वर्क किया गया वुडन के सामान लोगों को काफी आकर्षित कर रहा है। हर्बल प्रोडक्ट के सामान में आपको साबुन, अगरबत्ती, इत्र, धूप जैसे सुगंधित सामान लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है। इसके साथ ही राज्य से जूट के सामान, लेदर आदि के सामान भी लाए गए हैं।

ज्ञात हो कि राजधानी से सटे गुरुग्राम में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा आयोजित सरस आजीविका मेला का आयोजन किया जा रहा है। 26 अक्टूबर से 11 नवंबर तक आयोजित होने वाला मेला भारत की विविधता और सांस्कृतिक विरासत को दर्शा रहा है। यहां हर आयु वर्ग के लोग मेला देखने व खरीदारी करने आ रहे हैं।


मेले में खरीददारी करते लोग।

## संक्षिप्त समाचार

### कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**पलवल।** अपनी मांगों की अनदेखी से नाराज कौशल रोजगार निगम और आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए पांच सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। कर्मचारियों ने मांगपत्र सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले जिला पंचायत एवं विकास आधिकारी उपमा अरोड़ा को सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान राजेश शर्मा ने किया व संचालन संयुक्त रूप से जिला सचिव योगेश शर्मा व हरकेश सौरोत ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जितेंद्र तेवतिया और राकेश तंवर ने बताया कि कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी अपनी मांगों की सुनवाई नहीं होने से खासे नाराज हैं। गौरतलब है कि अनेक बार मांगपत्र दिए जाने के बाबजूद भी सरकार कोई सुनवाई नहीं कर रही है। प्रदर्शन को पीडब्ल्यूडी यूनियन के जिला प्रधान रमेश डागर, बिजली के सचिव सरजीत सौरोत, प्रहलाद, महेश शर्मा, समरजीत सौरोत, थान सिंह शर्मा, होडल के प्रधान देवेंद्र नंबरदार, सूरज एवं दयाराम ने भी संबोधित किया। मांगपत्र में प्रमुख रूप से कई मांगे रहीं। जिनमें सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों के वेतन में एक 30 प्रतिशत की वृद्धि की जाए। कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों पर लगाई गई जीएसटी हटाई जाए। कौशल रोजगार निगम के सभी कर्मचारियों को ईएसआई की सुविधा दी जाए।

### स्लीपर बस में आग, अब तक चार की मौत

**गुरुग्राम।** यहां गुरुग्राम-जयपुर नेशनल हाइवे-48 पर बस में लगी आग में दो और मौत हो गई हैं। इस हादसे में अब तक 4 की मौत हो चुकी है। बता दें कि 9 नवंबर की रात को करीब 9 बजे एक प्राइवेट बस में उस समय आग लग गई थी, जब वह 43 श्रमिकों को लेकर उत्तरप्रदेश के हमीरपुर जिला के लिए जा रही थी। जैसे ही बस सेक्टर-31 के सामने दिल्ली से जयपुर वाली लेन पर पहुंची तो अचानक ब्लास्ट होकर बस में आग लग गई थी। उस समय आग की चपेट में आने से 2 महिलाओं की मौत हो गई थी। जिनकी पहचान माया पत्नी विनोद गांव राढ जिला हमीरपुर उत्तर-प्रदेश व गायत्री पत्नी बलू गांव गोरखा थाना चरकारी जिला महोबा के रूप में हुई थी। इस घटना में एक 7 वर्षीय लडकी अन्या पुत्री सुशील गांव गोरखा थाना चरकरी जिला महोबा की शु क्रवार को सफदरजंग अस्पताल दिल्ली में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक 5 वर्षीय बच्ची दीपाली पुत्री विनोद गांव राढ जिला हमीरपुर उत्तर-प्रदेश की डेड बॉडी के अवशेष भी बस के जले हुए मलबे में मिले हैं। अब तक उपरोक्त घटना में 2 महिलाओं व 2 बच्चियों सहित कुल 4 की मौत हो चुकी है।

### गुरुग्राम के तीरंदाजों ने साधे अचूक निशाने

**सोहना।** देहरादून के सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में जिला गुरुग्राम के तीरंदाजों ने अलग-अलग राउंड में 6 पदक जीते। गुरुग्राम के तीरंदाजों ने अपनी योग्यता का लोहा मनवाया। हाल ही में 6 से 10 नवंबर तक देहरादून के सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में जिला गुरुग्राम के तीरंदाजों ने भाग लिया। जिसमें गुरुग्राम जिला का प्रतिनिधित्व कर रहे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसके अचूक निशान से 6 पदक अपने नाम किए। पदक विजेताओं में श्वेता सिंह (लक्ष्मी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मानेसर) ने रिकर्व राउंड अंडर-19 आयु वर्ग में 3 गोल्ड मेडल जीतकर ओवरऑल चौंपियन का खिताब भी अपने नाम किया साथ ही एसजीएफआई नेशनल गेम व खेलो इंडिया यूथ गेम के लिए अपना सिलेक्शन पक्का किया। अंडर -17 कंपाउंड राउंड में स्वस्ति लोहिया व तन्वी जैन( डीपीएस स्कूल मारुति कुंज भोंडसी) की टीम ने 2 गोल्ड मेडल अपने नाम कीवही अंडर -17 में इंडियन राउंड में रिशा मेहता ( एशियन पब्लिक स्कूल,दोहला) ने 1 ब्रोंज मेडल जीतकर अपने स्कूल, जिला व राज्य का नाम रोशन किया।

### सीमेंट से भरा ट्राला बेकाबू होकर पलटा



**सोहना।** तावडू मार्ग की घाटी से उतरते समय सीमेंट के कट्टों से भरा ट्राला सदर थाना की नाक के नीचे बेकाबू होने पर पलट गया। इस हादसे में ट्राला चालक व उसका सहायक को कोई चोट नहीं आई। गुरुवार-शुक्रवार की देर रात में तावडू की तरफसे सीमेंट के कट्टों से भरा ट्राला आ रहा था। ट्राला घाटी से उतरते समय आखिरी मोड़ पर बना गति रोधक से उतरते समय बेकाबू हो गया। अज्ञात चालक बेकाबू हुआ ट्राला को मोड़ पर संभाल नहीं सका और कैबिन के साथ जुड़ी पीछे की बोगी पलटा मारते हुए पलट गई। जिससे सड़क के ऊपर सीमेंट के कट्टे ही कट्टे बिखर गए। शुक्रवार की सुबह होने पर सड़क पर पड़ें सीमेंट के कट्टों को उठा लिया।

# गुरुग्राम में बरसात से स्मॉग से मिली राहत प्रदूषण स्तर हुआ कम


गुरुग्राम में शुक्रवार की सुबह हुई बारिश का नजारा।

**गुरुग्राम।** शुक्रवार को जिला में हुई बरसात से ठंड भले ही बढ़ी हो लेकिन स्मॉग से राहत मिली है। प्रदूषण का स्तर काफी कम हो गया। गुरुवार की रात से शुरू हुई बूंदाबांदी शुक्रवार की सुबह तक चली।

हरियाणा में बढ़ते प्रदूषण के बीच अचानक मौसम में हुए बदलाव से लोगों को बारिश ने राहत दी है। गुरुग्राम के अलावा रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़, नारनौल, चरखी-दादरी, हांसी, हिसार, सिरसा, झज्जर, फरीदाबाद में भी हल्की बूंदाबांदी के साथ आसमान में सुबह से ही बादल छाए हुए थे। गुरुवार रात मौसम में अचानक परिवर्तन हुआ। कुछ देर हवाएं चलने के बाद रात 12 बजे बाद हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई जो सुबह 5 बजे तक जारी रही। आठ बजे के बाद एनसीआर क्षेत्र में फिर से बूंदाबादी शुरू हो गई जो दोपहर एक बजे तक जारी रही। सबसे खास बात यह है कि यह बारिश एनसीआर व अन्य जिलों के लिए बड़ी राहत लेकर आई। लोगों को जहरीले स्मॉग और पॉल्यूशन से निजात मिली है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले एक-दो दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रहने की संभावना है। अचानक हुई इस बूंदाबांदी और तापमान में गिरावट किसानों के लिए काफी फायदेमंद है।

# मैं तो चाय पर आया था, यहां 36 बिरादरियों के प्रतिनिधियों से मिलकर अच्छा लगा: मनोहर लाल

## सीएम मनोहर लाल के 90 मिनट के कार्यक्रम में नवीन गोयल ने कई विषयों पर की चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शुक्रवार** को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के हरियाणा प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल एवं एनजीओ प्रकोष्ठ के हरियाणा प्रदेश सह-संयोजक डा. डीपी गोयल के सेक्टर-17 स्थित माधव भवन कार्यालय चाय कार्यक्रम में पहुंचे। करीब 90 मिनट तक मुख्यमंत्री यहां रुके। इस दौरान उनके समक्ष शहर में कई विकास व अन्य कार्यों को करवाने के संबंध में गोयल बंधुओं ने विस्तार से जानकारी दी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समारोह में पहुंचे लोगों की भीड़ देख गदगद होते हुए कहा कि वे तो नवीन के चाय के कार्यक्रम में आए थे, यहां 36 बिरादरियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात हो गई। उन्हें अच्छा लगा


गुरुग्राम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत करते डा. डीपी गोयल व नवीन गोयल।

कि हम सब प्रदेश को बेहतर बनाने के लिए एकजुट हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा की ढाई करोड़ जनता हमारा परिवार है। परिवार के हर सुख-दुख का ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है। परिवार के लिए जितना भी बन सकता है, वे करने का प्रयास करते हैं। महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज ने कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा हरियाणा की जनता की सेहत, जनता के लिए खाद्यान्न से जुड़ी योजनाएं चलाकर नेक कार्य किए हैं। 36 बिरादरी, समाज, अलग-अलग संस्थाओं के प्रधानों ने मुख्यमंत्री का गुरुग्राम आगमन पर अभिवादन किया। लोगों के साथ मुख्यमंत्री ने वार्ता करके सबको दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय चुनाव समिति भाजपा की सदस्या डा. सुधा यादव, मुख्यमंत्री के ओएसडी जवाहर यादव ने भी शिरकत की।

नवीन गोयल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष गुरुग्राम के कुछ विषयों को रखा। नवीन गोयल ने मांग रखी कि 900 मीटर दायरे के मुद्दे को 300 मीटर करने का निवेदन किया। सेक्टर-12 व सेक्टर-14 में कम्युनिटी सेंटर का काम पूरा कराने, बेरीवाला बाग में जो पहले से अलाउंस कम्युनिटी सेंटर है, उसे किसी कारणवश अमलीजामा नहीं पहनाया गया। उसके काम को भी जल्द शुरू कराने, लक्ष्मण विहार, पंजीरी प्लांट में कम्युनिटी सेंटर बनवाने, माता रोड का नाम भगवान परशुराम के नाम पर कराने, राजेंद्र पार्क से भीमगढ़ खेड़ी तक श्मशान घाट का रास्ता (आरयूबी/ आरओबी) बनवाने, उत्तरांचल भवन निर्माण करवाने के साथ कमान सराय पीडब्ल्यूडी बसेरा बाजार के पास पीडब्ल्यूडी की बिल्डिंग में मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण का नवीन गोयल ने आग्रह किया।

नवीन गोयल मुख्यमंत्री मनोहर लाल का यहां पहुंचने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जो 90 मिनट का समय इस कार्यक्रम में बिताया है, यह उनका उदारता भी है और गुरुग्राम की जनता के प्रति उनका स्नेह भी है। डा. डीपी गोयल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का चाय कार्यक्रम में पहुंचने के लिए आभार जताया। डा. डीपी गोयल, नवीन गोयल, सतीश तायल, विनय मंगल, सतीश ग्रोवर, पार्थ तायल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

# दीपावली पर जान जोखिम में, घर जाने के लिए बसों की छत पर बैठकर यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शुक्रवार** को दीवाली के अवसर पर अपने घरों को लौटने के कारण बसों में भारी भीड़ रही। यात्रियों ने निजी व सोसयाटी की बसों की छतों पर बैठकर सफर करने के लिए मजबूर हो गए। बस स्टैंड पर यात्रियों को बसों के आने के लिए एक से डेढ़ घंटा तक इंतजार करना पड़ा।

दीवाली का त्योहार अपनों के बीच मनाने के लिए घर लौटने वालों को आसानी से बस की सुविधा नहीं मिल सकी। शुक्रवार को सोहना से गुरुग्राम, पलवल, नूंह, तावड़ू-रेवाड़ी, बल्लभगढ़ जाने वाली बसों में भारी भीड़ रही। हरियाणा रोड़वेज समेत राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब आदि राज्यों की बसों में यात्रियों को सफर करने के लिए सीट तक नहीं मिली। जिसका फायदा निजी व सोसायटी बस चालकों ने उठाया। जिन्होने शुक्रवार को समय सीमा की परवाह किए बिना पूरे दिन अपनी बसों को दौड़ाते रहे।

**जान जोखिम में डालकर सफर :** मजदूर और मध्यम वर्गीय लोग अपने घर जाते समय बस के अंदर सीट की चिंता किए बिना सफर करने के लिए


सामान्य बस स्टैंड पर अपने घर को जाते समय बस की छत पर बैठकर जाते यात्री।

जान को जोखिम में डाल दिया। यात्रियों ने बसों की छत पर बैठकर अपनों तक पहुंचने के लिए सफर करने के लिए मजबूर हो गए। निजी व सोसायटी बस संचालकों ने यात्रियों को छत पर बैठाने में को ऐतराज नहीं किया। इस लिए यात्रियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर बसों की छत पर बैठ गए।

**घंटों किया इंतजार :** शुक्रवार को यात्रियों की सुविधा को देखते हुए हरियाणा रोड़वेज विभाग ने त्योहार को देखते हुए अतिरिक्त बसें नहीं चलाई। रोजाना चलने वाली बसें ही अपने समय पर आती व जाती रही। जैसे ही बस आकर रुकती। वैसे ही यात्री सीट लेने के इरादे से दरवाजों के अलावा खिड़कियों में से कूदकर सीट ले रहे थे। बसों में चढ़ना और उतराने में यात्रियों को काफी परेशानियां हुई।

> “ **विभाग** की तरफ से अतिरिक्त बसें नहीं दी गई। रोजाना की तरफसे बसें आती व जाती रही। आज 40 से 50 फीसदी यात्री अधिक सफर करने के लिए निकला है।
> **( गोविन्द सिंह-बस स्टैंड प्रभारी )**

# गुरुग्राम विवि में पांच दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस संपंन

**गुरुग्राम।** शिक्षाविदों, पेशेवरों, शोधकर्ताओं, निर्णय निर्माताओं और छात्रों को अपने शोध कार्यों को विभिन विशेषज्ञों के साथ सांझा करने के लिए एक अंतराष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुग्राम विवि और इंटरनेशनल न्यूक्लियर ट्रैक सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र और अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में समापन हुआ।

इस मौके पर गुरुग्राम विवि के कुलपति ने बताया कि पांच दिनों तक चले इस सम्मेलन में 10 से अधिक देशों के शोधकर्ता एवं वैज्ञानिकों ने भाग लिया। समापन सत्र में देश-विदेश के विभिन्न संस्थानों से जुड़े 420 से अधिक छात्र व छात्राओं ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए एवं विद्वान वक्ताओं ने परमाणु ट्रैक एवं विकिरण मापन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए छात्रों का ज्ञानवर्धन किया। कांफ्रेंस में 40 अध्यक्षों द्वारा 32 तकनीकी सत्र आदि के माध्यम से विषय की विस्तृत जानकरी दी गयी। समापन सत्र में डॉ. वेणु गोपाल निदेशक सीएसआईआर-एनपीएल ने मुख्य अतिथि एवं गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में शिरकत की। इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने शोध कार्यों एवं नैनो टेक्नोलॉजी की बारीकियों के बारे में छात्रों को विस्तार से बताया। यूनिवर्सिटी के मीडिया विभाग द्वारा तैयार किए गए 28वें आईसीएनटीआरएम-2023 पर आधारित विशेष संस्करण भी जारी किया गया।


अतिथियों को स्मृति चिन्ह देते विवि के कुलपति।

# बाजार में धनतेरस पर जमकर बरसा धन, खरीदारी को उमड़े लोग


सोहना के बाजारों में धनतेरस के अवसर पर खरीददारी करने वालों की भारी भीड़ रही।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**धनतेरस** के अवसर पर बाजारों में जमकार खरीददारी हुई। बर्तन बेचने वालों से लेकर ज्वेरात, क्लेंडर-पोस्टर, मिट्टी के दिए-बर्तन, सजावटी सामान की पूरे दिन खरीददारी चली। जिससे बाजारों में भारी भीड़ रही। पुलिस ने स्कूटी, बाइक को छोड़ अन्य वाहनों को बाजारों में आने से रोका।

शुक्रवार को और दिन से पहले ही बर्तन समेत ज्वैलर्स की दुकानें समय से पहले खुल गई थी। जिसको लेकर दुकानदारों ने एक दिन पहले से ही अपनी तैयारियां कर ली थी। बाजार में सुबह 10 बजे से ही ग्राहक आना शुरु हो गया। देखते-देखते दोहपर बाद बाजारों के आम रास्तों में अच्छी खासी भीड़ हो गई।

**वाहनों पर लगाई रोक :** धनतेरस के अवसर पर बाजारों में जाम न लगे। इसके उद्देश्य से पुलिस ने पुराना लेबर चौक और सिटी चौकी के सामने से बैरिगेटिंग सुबह 8 बजे से ही लगा दी थी। ताकि दो पहिया वाहनों को छोड़ अन्य वाहन बाजार में न जा सके। लेकिन अस्तपाल मार्ग, बस स्टैंड मार्ग और अग्रसैन पार्क मार्ग पर अतिक्रमण करके बैठें दुकानदारों के कारण जाम का माहौल बना रहा।

**अस्पताल मार्ग पर अवैध पार्किंग :** सबसे ज्यादा जाम का माहौल अब अस्पताल मार्ग हो गया। इस मार्ग पर अनाज व सब्जी मंडी के अलावा बाजारों में जाना व आना आसान होता है। इसलिए ग्राहक अपने वाहनों को अस्पताल मार्ग पार्किंग करके कई-कई घंटों बाजारों में जाकर खरीददारी करते रहे। अवैध पार्किंग और अतिक्रमण ने पैदल चलने वालों को भी परेशान कर दिया।

# किसानों के लिए बने विश्रामगृह का दूसरे कार्यों में हो रहा इस्तेमाल

## किसान मंडी में खुले में ठहरने को मजबूर

**पदम सिंह घुघेरा**। पलवल

**अनाज** मंडी में किसानों के लिए बनाया गया विश्रामगृह सफेद हाथी साबित हुआ है। किसानों के लिए बनाए विश्रामगृह को दूसरे कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। जिसकी वजह से किसानों को रात को रुकने के लिए निजी होटलों में जाना पड़ता है। ऐसा करने पर किसानों के हजारों रुपये खर्चा आता है। जिससे किसानों में मार्केट कमेटी अधिकारियों के खिलाफ भारी रोष है।

पलवल अनाज मंडी में अपनी फसलें बेचने के लिए आने वाले किसानों की सुविधा के लिए किसानों से प्राप्त हुई मार्केट फीस लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से किसानों के ठहरने के लिए विश्रामगृ का निर्माण किया गया था। इसमें किसानों के रहने, ठहरने, नहाने, सोने और आराम करने के लिए सभी सुविधा बनाई गई थी। परंतु अब किसानों के लिए बनाए गए विश्रामगृह को मार्केट कमेटी के अधिकारी अपने प्रयोग में ले रहे हैं। जिसकी वजह से मंडी में धान, बाजरा, मक्का, मूंग, ज्वार, गेहूं, चना, जौ, जई, उड़द, मसूर आदि फसलों को बेचने आने वाले किसान जरूरत के समय विश्रामगृह का फायदा नहीं उठा पाते हैं। किसानों का कहना है कि यह विश्रामगृह किसानों से मिली आय से किसानों के लिए बनाया गया था। इसका



दूसरे कार्यों में उपयोग करना किसानों के लिए बहुत ही नाइंसाफी हैं। किसानों का कहना है कि फसल बेचने में मंडी में किसानों को कई-कई दिन तक रूकना पड़ता हैं। जिससे किसानों को मच्छर आदि काटते हैं। जिससेकिसान गंभीर रूप से बीमार तक हो जाते हैं। विश्रामगृह किसानों के लिए बंद होने से वे जरूरत के समय उसके टॉयलेट, बाथरूम आदि का भी प्रयोग नहीं कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कई बार तो उन्हें खुले में नहाना व बाथरूम आदि करना पड़ता है। कुछ साल पहले तक वे मंडी में रुकने पर विश्रामगृह का उपयोग कर लेते थे। विश्रामगृह में उनके रहने, ठहरने और रात में जरूरत के समय ओढ़ने, बिछाने के लिए लिए कंबल और बैड सीट आदि मिलती थी। परंतु अब वे इन सभी सुविधाओं से वंचित हैं। किसानों ने उनके पैसे से बनाए विश्रामगृह को किसानों के लिए खोलने की मांग की है। जिससे किसानों को मंडी में रुकने पर खुले में सोने के लिए मजबूर नहीं होना पड़े।

> **पलवल** मंडी में किसानों से मिली मार्केट फीस से किसानों के लिए बनाए विश्रामगृह का फायदा उन्हें नहीं मिल रहा है। जिससे क्षेत्र के किसानों में भारी रोष है। हमारी मांग है कि इसे किसानों के लिए खोला जाए।
>
> **-कुणाल सिंह, किसान**

> **पलवल** मंडी में किसानों के लिए बनाए विश्रामगृह को किसानों के लिए खोला जाए। जिससे किसानों को मंडी में आने पर पर खुले में नहीं रुकना पड़े।
>
> **-रूपेश सिंह किसान, दीघोट**

> **पलवल** मंडी में बने विश्रामगृह को फिलहाल खरीदारी केंद्र की तरह प्रयोग किया जा रहा है। फसल की आवक बंद होते ही इसको किसानों के लिए खोल दिया जाएगा।
>
> **-विजय सिंह, मंडी सचिव**

# स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था सेक्स रैकेट

## संचालक सहित नौ युवक एवं युवतियां किए काबू

**पायनियर समाचार सेवा**। पलवल



**पुलिस** ने स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे एक स्पा सेंटर पर छापेमारी कर भंडाफोड़ किया है। डीएसपी हेडक्वार्टर पलवल शाकिर हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि ब्लू ब्यूटी टाउन सपा सेंटर के मालिक द्वारा अवैध धंधा कर फरीदाबाद व दिल्ली बाहर से लड़कियां व औरतें वेश्यावृति का धंधा किया जा रहा है। जिसके बाद एसपी पलवल डॉ. अंशु सिंगला के निर्देशन में ब्लू ब्यूटी स्पा सेंटर पर स्पेशल टीम का गठन कर महिला टीम के साथ फर्जी ग्राहक के जरिए पुलिस ने दबिश दी।

डीएसपी ने बताया कि ब्लू ब्यूटी स्पा सेंटर से तीन लड़की एवं चार औरत जो उनकी खुद की सहमति से ग्राहकों के लिए लाई गई थी, काबू किया गया। साथ ही ब्लू ब्यूटी स्पा सेंटर संचालक सहित मामले में शामिल एक अन्य व्यक्ति को भी मौके से काबू किया गया।

डीएसपी ने बताया कि वहां से जो युवक-युवती पकड़े गए हैं, सभी आपत्तिजनक एवं संदिग्ध अवस्था में पकड़े गए हैं। स्पा सेंटरों पर पुलिस के पहुंचते ही वहां भगदड़ मच गई। लेकिन पुलिस फोर्स अधिक होने के चलते पुलिस ने कमरों से निकलकर भागने वाले एक भी युवक-युवती को वहां से भागने नहीं दिया। डीएसपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान इस ओयो होटल में संचालक सहित दो पुरुष व सात महिलाओं को धर दबोचा गया। शहर पलवल में आरोपियों के खिलाफ अनैतिक व्यापार अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अभियोग अंकित कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक पलवल डॉ. अंशु सिंगला ने कड़ा संज्ञान लेते हुए कहा है कि इस कानूनी एवं सामाजिक बुराई को फलने फूलने नहीं दिया जाएगा। इस प्रकार की छापेमारी आगे भी भविष्य में जारी रहेगी, जिससे इन पर चल रहे अनैतिक कार्यों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

## घर में फंदे पर लटकी मिली 13 साल की किशोरी

**फरीदाबाद**। 13 साल की एक बच्ची का शव घर में लटका हुआ मिला। घटना फरीदाबाद के एरनआईटी क्षेत्र की है। घटना के समय बच्ची घर पर अकेली थी। उसकी मां एक बर्थ-डे पार्टी में गई हुई थी। मामले का पता तब चला जब रात नौ बजे वह वापस लौटीं। बच्ची के परिवार का आरोप है कि यह सुसाइड नहीं, बल्कि मर्डर का केस है। किसी ने उनकी बेटी को मारकर इसे सुसाइड साबित करने के लिए शव को फंदे पर लटका दिया है। बच्ची की मां के अनुसार, उनका परिवार दो महीने पहले ही इस इलाके में किराए पर शिफ्ट हुआ था। गुरुवार शाम को उनके भाई के बेटे की बर्थ-डे पार्टी थी, इसलिए वह बच्ची को खाना खिलाकर इस पार्टी में चली गई। मांग के अनुसार, उसके पति भी काम पर गए हुए थे और घर पर बच्ची अकेली थी। रात करीब नौ बजे वह वापस लौटी तो फर्स्ट फ्लोर का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी खटखटाने के बावजूद जब गेट नहीं खुला तो उसने खिड़की से अंदर झांकने की कोशिश की तो उसकी बॉडी फंदे पर लटकी हुई थी। मांग के अनुसार, फर्स्ट फ्लोर की पिछली साइड की खिड़की खुली पड़ी थी।

## ट्रैफिक नियमों की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया सम्मानित




**पलवल**। जिले में यातायात को लेकर स्कूल स्तरीय सड़क सुरक्षा क्विज कंपीटीशन करवाया गया था। जिसमें स्कूल स्तर पर पहले चरण में 13 अक्टूबर एवं खंड स्तर पर 27 अक्टूबर को द्वितीय चरण की यह प्रतियोगिता कराई गई थी। इसी कड़ी में अब जिला स्तर पर यह परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को एडिशनल एसपी जसलीन कौर द्वारा सम्मानित किया गया।

जिला पलवल में एसपीएस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा चार लेवल पर हुई थी। पहले लेवल में कक्षा तीन से पांच तक के विद्यार्थी, लेवल दो में कक्षा छह से आठ, लेवल तीन में कक्षा नौवीं से 12वीं व लेवल चार में कॉलेज के बच्चों ने भाग लिया था। पूर्व में की गई द्वितीय चरण की परीक्षा में जिला पलवल के सभी चार ब्लॉक पलवल, पृथला, हथीन एवं होडल से 27-27 टीम कुल 108 टीम प्रत्येक टीम में तीन बच्चे, चयनित कुल 324 ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले 36 विद्यार्थियों को इनाम वितरण किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाले प्रत्येक छात्र को सर्टिफिकेट, ट्रॉफी एवं स्मार्ट वॉच, द्वितीय स्थान पर आने वाली प्रत्येक छात्र को सर्टिफिकेट ट्रॉफी एवं बैग तथा तृतीय स्थान पर आने वाले प्रत्येक छात्र को सर्टिफिकेट, ट्रॉफी एवं कॉपर बोतल तथा ग्लास देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डीएसपी ट्रैफिक पलवल कुलदीप सिंह, एसएचओ ट्रैफिक पलवल जसवीर सिंह, शिक्षण स्टाफ एवं संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। एडिशनल एसपी जसलीन कौर ने बताया कि इस तरह की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का मकसद विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है।

## बेटियां करें राज्य पुरस्कार के लिए 30 नवंबर तक आवेदन



**पलवल**। 24 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर लड़कियों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा, जिसके लिए 30 नवंबर तक आवेदन जमा करवाए जा सकते हैं। यह जानकारी देते हुए डीसी नेहा सिंह ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वालों को नकद पुरस्कार/प्रशस्ति पत्र के माध्यम से सम्मानित करना विभिन्न क्षेत्रों में बालिकाओं की उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का सबसे प्रभावी तरीका है। ऐसे पुरस्कारों से उनकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और उन्हें तथा अन्य लड़कियों को बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। विस्तृत जानकारी देते हुए डीसी नेहा सिंह ने बताया कि इच्छुक लड़कियों, जिन्होंने खेल, सांस्कृतिक, सामाजिक कार्य, मीडिया और साहित्य, बहादुरी तथा विशेष/विकलांग बच्चों द्वारा शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक कार्य, मीडिया, बहादुरी आदि जैसे किसी भी क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धि, हरियाणा में बाल देखभाल संस्थानों के बच्चों द्वारा शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक कार्य, मीडिया, बहादुरी आदि जैसे किसी भी क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धि प्राप्त करने का कार्य किया हो, वे इस सम्मान के लिए अपना आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन की शर्तों को पूरा करने वाली लड़कियां अपना पूर्ण बॉयोडाटा दस्तावेजों सहित भेजें।

## केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में मनाई खुशियों भरी दीपावली

**पायनियर समाचार सेवा**। पलवल

**रसूलपुर** रोड पर स्थित केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में दीपावली का त्योहार खुशियों भरी दीपावली के नाम से बहुत धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें कक्षा केजी-1 से आठवीं के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पारुल भारद्वाज व प्रधानाचार्या नम्रता कुंडू द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा तीसरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने मनभावन प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम केजीञ1 की



प्रस्तुति रैंप शो द्वारा दी गई। केजी-2 के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा रामायण नाटिका प्रस्तुत की गई तथा रामायण का संपूर्ण सार दिखाया गया। दुर्गा मां के नौ रूपों को एक बेहद खूबसूरत जंग से एक नृत्य के माध्यम से छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया व साथ ही कव्वाली की प्रस्तुती ने अद्भुत छटा बिखेरकर कार्यक्रम को सराहनीय शिखर पर पहुंचा दिया। विद्यार्थियों द्वारा मूक अभिनय प्रस्तुत करके ग्रीन दीवाली के माध्यम द्वारा प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के दौरान कक्षा सातवीं व आठवीं के बेस्ट विनर्स को भी सटिर्फिकेट द्वारा सम्मानित किया गया। मंच का संचालन कक्षा-6 की शिवांगी, ग्याना व सुक्षिता ने किया।

## रोटरी क्लब पलवल संस्कार ने साइकिल वितरित की

**पलवल**। रोटरी क्लब पलवल संस्कार द्वारा पांच निर्धन कन्याओं को धनतेरस के शुभ अवसर पर मुफ्त साइकिल दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान योगेंद्र गोयल ने की और कहा कि आने वाले समय में कन्याओं और महिलाओं के लिए क्लब निरंतर कार्य करता रहेगा। आने वाले समय में क्लब द्वारा सेनेटरी पैड डिस्ट्रीब्यूशन, ब्लड डोनेशन कैंप, हेल्थ चेकअप कैंप लगाए जाएंगे। डॉ. अंजली जैन ने कहा कि आज जिन पांच कन्याओं को साइकिल दी गई, वह उनके लिए धनतेरस का उपहार है। उन कन्याओं के चेहरे पर जो खुशी थी, वह हम बयान नहीं कर सकते। परी, तुलसी, सुमन, रिचा ने कहा कि रोटरी क्लब पलवल संस्कार के सदस्यों ने हमें जो धनतेरस पर तोहफा दिया है।

# मेगा शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

## राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कैंप में पहुंचकर ग्रामीण हुए लाभान्वित

**पायनियर समाचार सेवा**। पलवल



**जिला** एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पलवल के चेयरमैन पुनीश जिंदिया के आदेशानुसार व सीजेएम सह डीएलएसए के सचिव कुनाल गर्ग के नेतृत्व में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में गांव मानपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मेगा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीणों को जागरूक करने के साथ-साथ लाभ दिया गया।

शिविर का शुभारंभ सब डिविजनल जुडिशल मजिस्ट्रेट हथीन पवन कुमार ने किया। इस अवसर पर एसडीएम लक्ष्मीनारायण व पैनल अधिवक्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन करते हुए योजनाओं व सेवाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी ली। सब डिविजनल जुडिशल मजिस्ट्रेट हथीन पवन कुमार ने कहा कि विधिक सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित किए गए इस मेगा शिविर में जरूरतमंद, पीड़ित, असहाय, बेसहारा व योजना के पात्र लोगों ने सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का संबंधित विभाग की स्टॉल पर जाकर मौके पर ही लाभ लिया। इसके अलावा सामाजिक रूप से बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं, किसानों, मजदूरों व कामगारों, आंगनबाड़ी कर्मचारियों, शोषित व दिव्यांगों, स्कूल में उपस्थित विद्यार्थियों सहित अन्य जरूरतमंद वर्ग को मौके पर ही सेवाएं मुहैया कराने के साथ-साथ जागरूक भी किया गया। लोगों को जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

एसडीएम लक्ष्मीनारायण ने कहा कि विभिन्न विभागों जिनमें पंचायत, शक्ति वाहिनी संस्था, वन विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, समाज कल्याण, बिजली निगम, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला एवं बाल संरक्षण, आयुष विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पर्यावरण सचेतक समिति, जिंदगी की खुशियां संस्था, साइबर सैल, बैंक, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी, एनआईसी, रोजगार विभाग, वन स्टॉप सेंटर, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के कर्मियों ने आगंतुकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ लाभ प्रदान करवाने का पूरा प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा दिवस का उद्देश्य यही है कि सरकारी विभाग लोगों के बीच में पहुंचें और सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को देकर उनकी समस्याओं का निदान करें।

मेगा शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई गई स्कीमों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उप सिविल सर्जन डा. रामेश्वरी ने कहा कि शिविर में लोगों के आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड बनाए गए। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के बारे में लोगों को जागरूक भी किया गया। मेगा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर निशुल्क दवा का वितरण किया। ग्रामवासियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा जिला कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति और विभिन्न पेंशन योजनाओं की जानकारी दी गई।

## आर्य समाज ने कुरीतियों के खिलाफ आंदोलन चलाकर दी समाज को नई दिशा : आर्यवेश




**पलवल**। आर्य समाज क्रांतिकारी व आंदोलनकारियों का संगठन रहा है। चाहे बात आजादी की क्रांति की रही हो, चाहे किसानों के हितों की रही हो या फिर नारी शिक्षा, पाखंडवाद, शराबबंदी, कन्या भ्रूण हत्या व सती प्रथा जैसी कुीतियों की, आर्य समाज ने आंदोलन चलाकर समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया। वर्ष 1971 में गेंहू का मूल्य 76 रुपये प्रति क्विंटल होने के कारण स्वामी इंद्रवेश की अगुवाई में वोट क्लब दिल्ली में जून के महीने में भूख हडताल की थी। जिससे डरकर भारत सरकार 105 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से किसानों की गेंहू की फसल का मूल्य दिया। यह सफलता स्वामी इंद्रवेश ने आर्य समाज के बैनर तले प्राप्त की। सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश पलवल की जाट धर्मशाला में आयोजित स्वामी श्रदानंद सरस्वती की प्रथम पुण्यतिथि में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा की स्वामी जी ने पलवल जिले के किसान आंदोलन, शराबबंदी, मांस की दुकानों और भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा संघर्ष किया। उन्होंने आर्य समाज के साथ-साथ राजनैतिक व सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान दिया।

बड़खल विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि स्वामी श्रदानंद सरस्वती जैसे संघर्षशील सन्यासी का जाना समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। उनके दिखाए रास्ते पर समाज हमेशा आगे बढ़ता रहे, यही उनको सच्ची श्रद्धाजंलि होगी।

# संक्षिप्त समाचार

## संचार कौशल बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा रेडियो



**पलवल**। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के फीडर स्कूल के नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने पलवल जिले के एकमात्र एनजीएफ रेडियो स्टेशन का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने वहां की कार्यशैली व तौर तरीके के बारे में विस्तार से जाना। रेडियो निदेशक दीप्ति शाह ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण किसी भी विद्यार्थी के जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक और लाभदायक होता है। विद्यार्थियों ने अपनी आवाज में रेडियो द्वारा सामाजिक संदेश भी प्रसारित किया। उन्होंने अपनी आवाज में गाना व कविता पाठ किया। प्रिंसिपल जलबीर सिंह की दिशा निर्देश में विद्यार्थियों ने भ्रमण किया। इस अवसर पर रेडियो टीम से योगिता शर्मा, जितेश पोसवाल, भूमिका व संदीप उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने कोविड-19 से प्रभावित हुए बच्चों का जाना हाल



**पलवल**। उपायुक्त नेहा सिंह ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनाओं के लाभार्थी बच्चों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त ने कोरोना काल में प्रभावित हुए बच्चों से मुलाकात कर उन्हें दीपावली त्योहार के उपलक्ष्य में उपहार दिए। नेहा सिंह ने इन बच्चों से मुलाकात के दौरान उनकी देखरेख, खान-पान, शिक्षा, स्वास्थ्य व उनके जीवन से जुड़ी जानकारी हासिल की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने कोविड-19 में अनाथ हुए दो बच्चों रूचि व शिक्षा के बारे में जानकारी लेकर उनका हाल जाना और अपने सुक्षाव दिए। इस दौरान उपायुक्त नेहा सिंह ने बच्चों की संबंधित आवश्यकताओं पर गौर करके हर संभव सहायता करने का पूर्ण आश्वासन भी दिया। उन्होंने जिला बाल संरक्षण कार्यालय से इन बच्चों का पूर्ण विवरण लिया तथा भविष्य में बच्चों की समस्याओं के समाधान हेतू जिला बाल संरक्षण इकाई पलवल को इनकी जिम्मेदारी का दायित्व दिया। उपायुक्त ने जिला बाल संरक्षण अधिकारियों को इन बच्चों की सभी आवश्यकताओं पर गौर कर शारीरिक, मानसिक, शिक्षा व आर्थिक स्तर की सभी आवश्यक देखभाल करने के निर्देश देते हुए कहा कि वे समय-समय पर इन बच्चों का फॉलोअप करते रहें। इस अवसर पर बाल संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत सीता इंदीवर, बाल संरक्षण अधिकारी संस्थागत जाहुल सहित गुंजन मलिक, रूबी मलिक व बच्चों के संबंधी नितेश उपस्थित रहे।

## केंद्रीय विद्यालय पलवल ने जीते पदक



**पलवल**। 52वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन की राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पलवल के छात्र हर्ष कुमार और गौरव ने योगा अंडर 14 गुरुग्राम टीम में कांस्य पदक हासिल किया। प्रशांत बैंसला ने अंडर 17 में गुरुग्राम टीम में स्वर्ण पदक हासिल किया। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार कटारिया ने बच्चों को प्रमाणपत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक इकराम, योग शिक्षक हरेंद्र और समस्त विद्यालय परिवार को बधाई दी।

## सेंट सीआर के छात्रों का हुआ स्टेट चैंपियनशिप में चयन



**पलवल**। अलीगढ़ रोड स्थित सेंट सीआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के तीन छात्रों ने जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में मेडल जीतकर अपनी योग्यता का परिचय दिया है। यह प्रतियोगिता एसजीएफआई द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित की गई। जिसमें सेंट सीआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के तीन छात्रों ने अंडर- 11 आयुवर्ग में तीसरा स्थान व चौथा स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया। छात्रों के शानदार प्रदर्शन से प्रसन्न होकर स्कूल के चेयरमैन सतवीर पटेल ने छात्रों का स्वागत किया तथा छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्कूल की योग टीचर राजबाला ने भी बच्चों को बधाई दी।

## एसडी कॉलेज में रोजगार विषय पर हुआ व्याख्यान



**पलवल**। गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म कॉलेज में कंप्यूटर विभाग द्वारा रोजगार विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. नेहा सिंह रोजगार अधिकारी रोजगार कार्यालय पलवल से आईं। उन्होंने बच्चों को बताया कि आप अच्छे भविष्य का निर्माण कैसे कर सकते हैं? उन्होंने कहा कि बच्चों को रोज समाचार पत्र पढ़ना चाहिए, जिससे उनको दो फायदे होंगे। एक तो उनकी इंग्लिश बढ़ेगी और दूसरा सामान्य ज्ञान में भी वृद्धि होगी। डॉ. नेहा सिंह ने रोजगार के अलग-अलग तरीके बताते हुए कहा कि एसएससी, सीजीएल, सीआरपी, यूपीएससी, सीएसई की परीक्षाओं को देकर आप एक अच्छे पद पर नियुक्त हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्टुडेंट अपना कोई लक्ष्य निर्धारित करें और उसी को पूरा करने में जुट जाएं। कंप्यूटर विभागाध्यक्ष पवन मुखीजा ने भी बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या प्रतिभा सिंगला ने बच्चों को मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में डॉ. कुसुम, डॉ. भावना, कंचन, पूजा सोनिया, विनीता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कंप्यूटर विभागाध्यक्ष पवन मुखीजा ने सभी का धन्यवाद किया।

## बाल निर्माण स्कूल में 210 बच्चों ने कराई ह्रदय की जांच

**फरीदाबाद**। चाइल्ड हार्ट व एबीबी फाउंडेशन के सहयोग से बाल निर्माण पब्लिक स्कूल सीही में ह्रदय की जांच के लिए एक अवेयरनेस कैंप आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल के डायरेक्टर तनुज चतरथ, प्रिंसिपल रेनू चतरथ की देखरेख में सीएचएफ के ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रामा कृष्णा ने 210 बच्चों के हार्ट की निशुल्क जांच की। जांच के बाद पांच बच्चों में ह्रदय की बीमारी के लक्षण मिले। जिनकी आगे दिल्ली में ईको कार्डियोग्राफी व अन्य जांच निशुल्क की जाएगी और उनका इलाज व उपचार भी निशुल्क किया जाएगा। इस अवसर पर सीएचएफ टीम के मोहम्मद यूसुफ व किरण पांडे, मनिंदर शर्मा आदि मौजूद थे।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 11 नवंबर, 2023



## वायु प्रदूषण
### नियंत्रण के प्रयास

**वायु प्रदूषण** से निपटने के लिए दिल्ली सरकार गैर-परंपरागत तरीके प्रयोग करने पर विचार कर रही है। दिल्ली में सांस लेना मुश्किल है क्योंकि शहर की वायु गुणवत्ता बिगड़ कर खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है और पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से यह 'गंभीर' श्रेणी में बनी हुई है। दिल्ली निवासी यह नहीं जानते हैं कि उन पर किसका शासन है, उप-राज्यपाल का, केन्द्र सरकार का या मुख्यमंत्री का। लेकिन एक चीज निश्चित है कि इनमें से किसी ने संकट से गंभीरता से निपटने का प्रयास नहीं किया है। यदि कोई अस्पतालों में सांस लेने में कठिनाई वाले मरीजों की भीड़ तथा लगातार खांस रहे बच्चों को देखे तो फौरन स्थिति के खतरनाक होने तथा स्वास्थ्य आपातकाल का अनुभव हो जाएगा। लेकिन प्रदूषण नियंत्रण के कुछ रूटीन उपायों के अलावा सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम बिल्कुल नाकाफी हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि विशेषज्ञों ने 'क्लाउड सीडिंग' के माध्यम से कृत्रिम वर्षा जैसे गैर-परंपरागत तरीकों का सुझाव दिया है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रभावशीलता की समीक्षा की घोषणा के बाद 'ऑड-इवेन कार राशनिंग' योजना पर पुनर्विचार हो रहा है। गुरुवार को सवेरे 6 बजे वायु गुणवत्ता, मौसम पूर्वानुमान व शोध व्यवस्था-सफर ने बताया कि दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में है और वायु गुणवत्ता सूचकांक-एक्यूआई 398 है। इसके पहले पिछले दिनों एक्यूआई 400 का आंकड़ा पार कर चुका है जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। गंभीर स्थिति के कारण राष्ट्रीय राजधानी में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान-ग्रैप का चौथा चरण लागू करना पड़ा। हालांकि, यह भ्रम नहीं रहना चाहिए कि स्थिति में



यह सुधार सरकारी प्रयासों का नतीजा है। इसका श्रेय सरकार के बजाय तापमान में वृद्धि तथा हवा की गति तेज होना है। बढ़ते संकट का सामना करने के लिए दिल्ली सरकार ने क्लाउड सीडिंग के माध्यम से कृत्रिम वर्षा का प्रस्ताव किया है। दिल्ली पर्यावरण विभाग ने सर्वोच्च न्यायालय में लगातार बनी वायु प्रदूषण समस्या से निपटने के लिए तत्काल खोजी समाधान तलाशने की बात कही है। लेकिन ऐसे गैर-परंपरागत उपायों की सफलता निश्चित नहीं है, खासकर इसलिए क्योंकि इनका प्रयोग अंतिम समय पर किया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय ने ठीक ही कहा है कि खराब वायु गुणवत्ता की समस्या हर साल पैदा होती है, फिर अधिकारी इससे निपटने की योजना बनाने के लिए स्थिति के अत्यधिक गंभीर होने की प्रतीक्षा क्यों करते हैं? प्रदूषण के शिखर समय पर प्रयोग की जाने वाली 'ऑड-इवेन कार राशनिंग' योजना की समीक्षा हो रही है।

सर्वोच्च न्यायालय कोई आदेश देने के पहले इसकी प्रभावशीलता की समीक्षा करना चाहता है। इस योजना में सड़क पर पंजीकरण नंबरों के आधार पर सड़कों पर वाहनों की संख्या सीमित की जाती है ताकि दिल्ली में वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण वाहनों से होने वाला उत्सर्जन घट सके। वर्तमान स्थिति लगातार प्रयासों, खोजी रणनीतियों तथा समग्र दीर्घकालीन नीतियों की आवश्यकता स्पष्ट करती है ताकि वायु प्रदूषण के मूल कारणों से निपटा जा सके। ऐसे में केवल त्वरित-प्रतिक्रिया या आग लगने पर बुझाने वाले प्रयास लाभदायक नहीं होंगे। दूरगामी दृष्टिकोण तथा लगातार निगरानी जरूरी है। विडंबना है कि पहले लगाए गए स्मोग टावर उस समय काम नहीं कर रहे हैं जब उनकी सर्वाधिक जरूरत है। इस सप्ताहांत दीपावली पर एक्यूआई के 500 का आंकड़ा पार करने की आशंका है क्योंकि प्रतिबंध के बावजूद लोग त्योहार मनाने में पटाखों का प्रयोग करते हैं, भले ही इसके कारण स्वयं उनको सांस लेने में कठिनाई होने लगे।

# प्रदूषण नियंत्रण: त्वरित कार्रवाई जरूरी

सरकार के नीति-निर्माताओं तथा दिल्ली के नागरिकों को एकसाथ आ कर कार्बन उत्सर्जन घटाने तथा स्वच्छ व स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने की कार्रवाई करनी चाहिए।



**राजदीप पाठक**
(लेखक, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति से संबद्ध हैं)



**जाड़ा** शुरू होने के साथ ही भारत की राजधानी नई दिल्ली एक बार फिर खबरों में है। वह वायु प्रदूषण के शिकंजे में फंसी है। स्विस समूह 'आईक्यू एयर' ने भारत की राजधानी में एक्यूआई 611 होने के कारण उसे 'संकटग्रस्त' श्रेणी में रखने के साथ ही उसे 3 नवंबर, 2023 को दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर घोषित कर दिया है। फिलहाल इस स्थिति से राहत की उम्मीद नहीं दिख रही है। दिल्ली सरकार ने इस संकटग्रस्त स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक छात्रों की कक्षायें स्थगित करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही गैर-जरूरी निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद व गौतमबुद्ध नगर में बीएस-3 पेट्रोल व बीएस-4 डीजल कारों के चलने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन के क्षेत्रीय आयुक्त ने 1 नवंबर को कहा था, 'विपरीत मौसमी स्थितियों, पंजाब व हरियाणा राज्यों में पराली जलाने के कारण खेतों में आग की बढ़ती घटनाओं तथा उत्तर-पश्चिमी हवाओं द्वारा प्रदूषकों को दिल्ली लाने से एक्यूआई में अचानक वृद्धि हुई है।' स्थिति काफी खराब है। देश के इस हिस्से में जाड़े के महीनों में वायु गुणवत्ता में गिरावट से अक्सर श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि होती है। इंद्रप्रस्थ अपोलो हास्पिटल में रिस्पिरेटरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन के वरिष्ठ चिकित्सक डा. निखिल मोदी समेत स्वास्थ्य विशेषज्ञ वैश्विक स्तर पर दमे से ग्रस्त लोगों के समक्ष उपस्थित चुनौतियां रेखांकित करते हैं। दुनिया भर में लगभग 339 मिलियन लोग दमे से पीड़ित हैं और उनकी संख्या 2025 तक 400 मिलियन पहुंचने की आशंका है।

ऐसे में श्वसन स्थितियों को प्रभावित करने वाले कारणों को तत्काल संबोधित करने की आवश्यकता को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। डा. मोदी ने वायु प्रदूषण व अत्यधिक गरमी के बीच संबंध पर जोर दिया है जो जलवायु परिवर्तन के परिणाम हैं। इसके कारण दमे के लक्षण गंभीर होते हैं और इनसे जीवन पर खतरा मंडराने लगता है।

पिछले साल 'अल जजीरा' को दिए एक साक्षात्कार में श्वसन विज्ञानी तथा नई दिल्ली में अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान-एम्स के पूर्व निदेशक डा. रणदीप गुलेरिया ने कहा था कि शहर की खराब वायु गुणवत्ता खासकर संकटग्रस्त नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने कहा था, 'जब वायु की गुणवत्ता खराब होती है जो इसका प्रभाव संकटग्रस्त जनसंख्या पर पड़ता है जिसमें छोटे बच्चे, वृद्ध, अन्य बीमारियों से ग्रस्त लोग तथा जीर्ण श्वसन रोगों एवं जीर्ण हृदय समस्याओं से ग्रस्त लोग शामिल हैं। बच्चों में इसके कारण फेफड़ों की वृद्धि प्रभावित होती है।

इस परिवेश में बड़े होने वाले बच्चों में फेफड़ों की वृद्धि थम जाती है।' अल जजीरा ने 29 अगस्त, 2023 को प्रकाशित एक लेख में बताा था कि दक्षिण एशिया में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण जीवन प्रत्याशा में पांच साल से अधिक की कमी आई है जो दुनिया का एक सर्वाधिक प्रदूषित क्षेत्र है। शिकागो के 'इनर्जी पालिसी इंस्टीट्यूट'-इपिक की प्रकाशित रिपोर्ट 'एयर क्वाललिटी लाइफ इंडेक्स' के अनुसार, दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित देश वैश्विक स्तर पर प्रदूषण के कारण समाप्त आधे जीवन-वर्षों के जिम्मेदार हैं। इनमें बांग्लादेश, भारत, नेपाल व पाकिस्तान शामिल हैं। इस रिपोर्ट में खतरे का संकेत देते हुए कहा गया है कि '2013 के बाद से भारत दुनिया में प्रदूषण वृद्धि में लगभग 59 प्रतिशत का जिम्मेदार है। खतरनाक वायु के कारण देश के कुछ सर्वाधिक प्रदूषित क्षेत्रों में जीवन प्रत्याशा और घटने की संभावना है। दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित महानगर दिल्ली के घने बसे क्षेत्रों में औसत जीवन प्रत्याशा 10 साल से अधिक घट गई है।' विशेषज्ञों ने जलवायु परिवर्तन तथा वायु प्रदूषण के बीच संबंध रेखांकित किए हैं। फासिल ईंधन जलाने, औद्योगिक प्रसंस्करण तथा परिवहन जैसी गतिविधियों के कारण होने वाला ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन न केवल ग्लोबल वार्मिंग, बल्कि वायु प्रदूषण का भी जिम्मेदार है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने प्रदूषकों के खतरनाक मिश्रण को रेखांकित किया है जिसमें नाइट्रोजन आक्साइड, सल्फर डाईआक्साइड, ओजोन व छोटे-छोटे कण शामिल हैं। इनसे खासकर दिल्ली जैसे क्षेत्रों में श्वसन स्वास्थ्य को गंभीर खतरा पैदा होता है। एक और रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि वायु प्रदूषण भारत में हर साल लगभग 1.5 मिलियन मौतों का कारण है। गर्मियों के महीनों में जब शहर में वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंच जाती है तो इसका कारण पार्टीकुलेट मैटर-पीएम संकेंद्रण डब्लूएचओ द्वारा निर्धारित सुरक्षित सीमा से 20 गुना अधिक होना होता है। जाड़े के महीनों में यह मुद्दा और गंभीर हो जाता है जिसके कारण श्वसन स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त परिवेश खराब होता है। वैश्विक स्तर पर हानिकारक हवा में लटके कणों, खासकर पीएम 2.5 को विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ के स्तर पर लाने से जीवन प्रत्याशा में 2.3 साल की वृद्धि हो सकती है। इपिक रिपोर्ट के अनुसार, इससे समग्र रूप से 17.8 बिलियन जीवन वर्ष की प्राप्ति हो सकती है।

जलवायु परिवर्तन कोई अलग-थलग घटना न होकर मानव गतिविधियों का नतीजा है। प्राकृतिक संसाधनों के दोहन, पर्यावरण संरक्षण के प्रति लापरवाही भरा दृष्टिकोण तथा फासिल ईंधन जलाने से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है जो परिस्थितिकीतंत्रों में असंतुलन व बाधाओं की जिम्मेदार हैं। इनसे जैवविविधता घटती है तथा खाद्य पदार्थ उत्पादन व जल की उपलब्धता प्रभावित होती है। स्वच्छ हवा प्राप्त करने के लिए अनेक नियामक उपायों, तकनीकी प्रगति तथा ऊर्जा और परिवहन व्यवस्थाओं में परिवर्तन जरूरी है ताकि उत्सर्जन घटाया जा सके। ऐसी पहलें न केवल वायु प्रदूषण के तात्कालिक स्वास्थ्य प्रभावों से निपटने के लिए, बल्कि जीवन प्रत्याशा व जीवन की गुणवत्ता पर दीर्घकालीन प्रभावों के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। इंपीरियल कालेज, लंदन के इन्वायरमेंट रिसर्च ग्रुप के गैरी फुलर, स्टाव फ्रीडमैन व इयान मडवे के स्वतंत्र विश्लेषण 'इंपैक्ट्स आफ एयर पल्यूशन एक्रास द कोर्स-इविडेंस हाईलाइट नोट' के अनुसार, 'वायु प्रदूषण मानव जीवन के हर चरण को प्रभावित करता है जिसमें गर्भ के विकास से लेकर किशोरों के संज्ञानात्मक विकास तथा वयस्कों का मानसिक स्वास्थ्य शामिल हैं।' इस रिपोर्ट में दुनिया भर में 35,000 से अधिक अध्ययनों के परिणामों का समावेश किया गया है।

इस टीम ने विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ, वायु प्रदूषण के चिकित्सकीय प्रभावों पर ब्रिटिश कमेटी रिपोर्ट, रायल कालेज आफ फिजीशियन, हेल्थ एफेक्ट्स इंस्टीट्यूट तथा अंतरराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी के नतीजों पर गौर किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 'सर्वाधिक महत्वपूर्ण नए परिणामों से वायु प्रदूषण के मानसिक स्वास्थ्य व भुलक्कड़पन समेत मस्तिष्क के स्वास्थ्य तथा जीवन के शुरुआती चरणों में प्रभाव स्पष्ट होते हैं जिनका प्रभाव भविष्य में जनसंख्या पर स्वास्थ्य बोझ के रूप में सामने आ सकता है। दोनों का समाज और अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ पड़ता है, पर उनका आंकलन अभी नहीं हुआ है।'

इस समीक्षा ने वायु प्रदूषण तथा जीवन के पहले सप्ताहों में नवजातों के स्वास्थ्य, जन्म के समय भार, गर्भपात, मृत शिशु जन्म तथा गर्भ पर सीधे प्रभाव पर गौर किया गया है। आठ व नौ साल के 2,000 बच्चों पर किए शोध से पता चलता है कि 'वायु प्रदूषण के कारण औसतन बच्चों के फेफड़े के आयतन में 5 प्रतिशत कमी आती है। इसका सीधा संबंध नाइट्रोजन आक्साइड से है जो अक्सर डीज़ल उत्सर्जनों में ट्रेसर के तौर पर प्रयोग होती है।' जब स्कूल खुलेंगे तब बच्चे और वयस्क हवा में इस जहर का शिकार बनेंगे। इसलिए वायु प्रदूषण रोकने के प्रयासों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। लगातार खराब होती स्थितियों को देखते हुए स्वास्थ्य-संरक्षकों, नीति निर्माताओं तथा व्यक्तियों को एकजुट होकर उन टिकाऊ व्यवहारों को प्राथमिकता देनी होगी जिनसे कार्बन उत्सर्जन घटता हो तथा भविष्य के लिए स्वच्छ व स्वस्थ परिवेश सुनिश्चित होता हो। वर्तमान समय में आह्वान होना चाहिए-अभी या कभी नहीं।

# मजबूत होते भारत-भूटान संबंध

> "भारत भूटान की आर्थिक सफलता के रोडमैप में खुद को रणनीतिक रूप से शामिल करने में कामयाब रहा है।"



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

**भूटान** के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं, जो क्षेत्र की भू-राजनीति को देखते हुए सावधानीपूर्वक तय की गई द्विपक्षीय यात्रा है। भूटान, भारत और चीन के बीच स्थित एक अपेक्षाकृत छोटा देश है, जो सैन्य शक्ति के माध्यम से क्षेत्रों पर दावा करने की बढ़ती चीनी आकांक्षाओं के लिए एक बफर जोन के रूप में कार्य करता है। भारत के पारंपरिक रूप से भूटान के साथ मधुर संबंध हैं लेकिन हाल के वर्षों में चीन ने अपने अपारदर्शी आर्थिक सहयोगियों के साथ आगे बढ़ने की कोशिश की है।

भारतीय प्रधान मंत्री के साथ राजा की बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में व्यापार, प्रौद्योगिकी, सीमा पार कनेक्टिविटी, आपसी निवेश, शिक्षा और लोगों से लोगों के बीच संबंधों में भविष्य के सहयोग की बात कही गई। दोनों पक्ष भारत सरकार के समर्थन के माध्यम से असम में कोकराझार को भूटान में गेलेफू से जोड़ने वाले प्रस्तावित सीमा पार रेल लिंक के लिए भूटानी पक्ष के परामर्श से अंतिम स्थान सर्वेक्षण (एफएलएस) करने पर सहमत हुए।

दोनों पक्षों ने भारतीय रेलवे द्वारा रेल लिंक के प्रारंभिक इंजीनियरिंग-सह-यातायात (पीईटी) सर्वेक्षण के सफल समापन का उल्लेख किया। दोनों पक्ष बनारहाट (पश्चिम बंगाल) और समत्से (भूटान) के बीच रेल संपर्क स्थापित करने पर विचार करने पर भी सहमत हुए। वे कनेक्टिविटी बढ़ाने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भूमि मार्ग से तीसरे देश के नागरिकों के प्रवेश और निकास की सुविधा के लिए भूटान और भारत के बीच आव्रजन जांच चौकी के रूप में दरंगा (असम)/समद्रूप जोंगखार (भूटान) को नामित करने पर सहमत हुए।



भारत सरकार ने ग्यालसुंग परियोजना के तहत कौशल विकास और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में रियायती वित्तपोषण के लिए भूटान के अनुरोध पर सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया। भूटान के लिए व्यापार पहुंच मार्गों को बढ़ाने के लिए देशों ने हल्दीबाड़ी (पश्चिम बंगाल) - चिलाहाटी (बांग्लादेश) रेल मार्ग को बांग्लादेश के साथ भूटान के व्यापार के लिए एक अतिरिक्त व्यापार मार्ग के रूप में नामित किया है। पर्यावरण के क्षेत्रों में सहयोग विकसित करने के लिए रूपरेखा समझौता ज्ञापन के तहत पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण और वानिकी में सहयोगात्मक ढांचे को मजबूत करना, क्षेत्र की पारिस्थितिक विविधता की सुरक्षा के लिए साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करना। भूटानी नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण तक पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयास के रूप में असम के मेडिकल कॉलेजों में भूटानी छात्रों के लिए अतिरिक्त एमबीबीएस सीटें आवंटित करना। भारत में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले भूटानी छात्रों के लिए राजदूत की छात्रवृत्ति के तहत परिव्यय को दोगुना करना। भूटान में भारत के हित महत्वपूर्ण हैं, खासकर 2017 में डोकलाम सेक्टर में चीनी आक्रामकता के बाद। भूटान ने चीन की आक्रामकता का विरोध करने के लिए भारतीय सेना को अपने क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति दी थी। डोकलाम भारत के लिए रणनीतिक है क्योंकि यह सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास है, जो भारत के उत्तर पूर्व को कनेक्टिविटी प्रदान करता है। चीन डोकलाम पर भूटान के संप्रभु स्वामित्व पर विवाद करता है और इस क्षेत्र में आक्रामक रहा है। चीन भूटान की पश्चिमी और पूर्वी सीमाओं में कई क्षेत्रों पर विवाद करता है और उत्तर पूर्व में भारतीय क्षेत्रों पर भी उसका समान दावा है।

भारत भूटान की आर्थिक सफलता के रोडमैप में खुद को रणनीतिक रूप से शामिल करने में कामयाब रहा है। भारत भूटान का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है, हालाँकि, भारत से भूटान में आयात निर्यात से अधिक है। यह व्यापार असंतुलन अतीत में भूटान के लिए चिंता का कारण रहा है और उसने भारत से अपने बाजारों तक अधिक पहुंच प्रदान करने का अनुरोध किया है। जलविद्युत और स्वच्छ ऊर्जा सहयोग भारत-भूटान साझेदारी का एक और स्तंभ है और भारत ने भूटान की परियोजनाओं से उत्पन्न ऊर्जा के लिए वित्तीय सहायता और बाजार पहुंच प्रदान की है। इस बीच, चीन भूटान के साथ अपने राजनयिक संबंधों को गहरा कर रहा है, यह एक तथ्य है जिसे भारत के करीबी सहयोगी अमेरिका ने नजरअंदाज नहीं किया है। अमेरिका और भूटान के बीच सीधे राजनयिक संबंध नहीं हैं।

चीन के आक्रामक कदमों को देखते हुए इस क्षेत्र में अमेरिका की महत्वपूर्ण रुचि है। भारत को वैश्विक शक्तियों को भूटान की चिंताओं से अवगत कराते हुए भूटान के साथ अपने संबंधों को गहरा करने की जरूरत है।

## आप की बात

### मिलावट का जहर

**दीपावली** पर नकली मिठाईयों का कारोबार भी खूब चल रहा है। कुछ लोग मुनाफा कमाने के चक्कर में लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। वैसे तो अब बाजार में शायद ही कोई ऐसी खाने की चीज बची होगी जिसमें मिलावट नहीं की जाती है। लेकिन त्योहारों के सीजन में मिठाइयों की मांग बढ़ जाने की वजह से कुछ दूकानदार इसमें मिलावट करने लगते हैं। दिवाली पर मिठाईयों की डिमांड बढ़ने के कारण कई दिनों पहले ही इन्हें बनाकर तैयार कर लिया जाता हैं और ये जल्दी ही खराब हो जाती हैं। इसके साथ ही चांदी के वर्क में एल्युमीनियम, मावा में अरारोट व मैदा तथा दूध में कलर, वांशिग पाउडर और यूरिया तक मिलाया जाता हैं। कुछ लोग रंग-बिरंगी मिठाईयां भी खूब खरीदते हैं जिनमें ज्यादातर हानिकारक कलर मिक्स किए जाते हैं। ऐसी मिठाइयों को खरीदने व खाने से बचना चाहिए क्योंकि ये आपके पूरे परिवार को बीमार कर सकती हैं। आम जन का मिलावट के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है। सरकार को मिलावटखोर दूकानदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। यह कार्रवाई पूरे साल लगातार चलनी चाहिए क्योंकि व्यवस्था की कमी से केवल त्योहारों पर कार्रवाई का समुचित असर नहीं होता है।

– **निधि जैन,** गाजियाबाद

### फिल्मी दुनिया और एआई

**हॉलीवुड** में इतिहास की सबसे लंबी हड़ताल हर उस आदमी के लिए आत्मंथन के लिए जरुरी है जो मनुष्य से ज्यादा महत्व कृतिम बुद्धिमत्ता-एआई को देने में तनिक भी संकोच नहीं कर रहे हैं। उन्हें लग रहा है एआई के पूरी तरह से जीवन के हर पहलू पर छा जाने के बाद मनुष्य के जीवन में भारी सुधार आ जायेगा। ऐसा ही होता तो दुनिया की सबसे विकसित फिल्म इंडस्ट्री के लेखक व अदाकारों को महीनों एआई तकनीक के उपयोग के खिलाफहड़ताल पर न बैठना पड़ता। हड़ताल समाप्त होने व समझौते के कई सप्ताह बाद 8 नवंबर को घोषणा हुई कि प्रोडक्शन कंपनियां अन्य सहूलियतें देने के साथ-साथ फ़िल्म निर्माण में एआई का उपयोग कतई नहीं करेंगे। देखना होगा कि बॉलीवुड इस हड़ताल से क्या सबक लेता है। बॉलीवुड एवं हॉलीवुड में एक आधारभूत अंतर यह है कि यहाँ के कई अदाकार अभिनय के साथ-साथ फ़िल्म निर्माण एवं वितरण आदि में भी पूंजी निवेश करते हैं। ऐसे में देखना होगा कि बालीवुड फिल्म निर्माण में एआई के प्रयोग पर क्या दृष्टिकोण अपनाता है। वैसे कई नायिकाओं के डीप-फेक वीडियो बनाने में एआई प्रयोग पर हंगामा मचा ही है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### वोटों की राजनीति

**बिहार** में जल्दबाजी में जाति गणना करवाना और फिर उन आंकड़ों के आधार पर आरक्षण सीमा बढ़ा कर 75 प्रतिशत करने का प्रस्ताव स्वीकार करना विशुद्ध वोटों की राजनीति है। बिहार सरकार भी जानती है कि 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की रोक लगी हुई है और उसके द्वारा दिया आरक्षण धरती पर नहीं उतर सकता है। चुनाव में नीतीश सरकार इसका ठीकरा सुप्रीम कोर्ट के सिर पर पड़ेगी फोड़ते हुए कहेगी कि हम तो आरक्षण देना चाहते हैं सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा रखी है। बिहार की तरह देश के सभी राज्य जाति गणना और आरक्षण बढ़ाने की मांग करेंगे और इससे सभी राजनीतिक दल सहमत लगते हैं। विडंबना है कि जातीय आरक्षण या आरक्षण सीमा बढ़ाने से असहमत व्यक्ति या राजनीतिक दल भी वोट खोने के डर से यह कहना नहीं चाहते हैं। लेकिन आरक्षण सीमा बढ़ाने या जातीय जनगणना कराने के लिए निर्णय अगली लोकसभा में ही लिया जा ले सकेगा। वैसे सर्वोच्च न्यायालय ऐसे किसी कदम की वैधता की जांच भी करेगा। अत: आरक्षण जैसे मुद्दे को वोटों की राजनीति से अलग रखना चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### बिहार में हंगामा

**बिहार** में जो हंगामा हो रहा है उसकी पूरे देश में भर्त्सना हो रही है। पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के लिए अभद्र शब्दों का विधानसभा और विधान परिषद में बखान कर पूरे देश में बिहार का नाम बदनाम कर दिया। इस महिला-विरोधी बयान के विरोध के साथ ही सदन में विधायकों की आपस में मारपीट व तोड़फोड़ में मार्शल तक को हस्तक्षेप करना पड़ा। नीतीश कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी के खिलाफ जिन अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया, उससे भी विपक्षी विधायकों में नाराजी स्वाभाविक है। मजेदार बात है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की गतिविधियों की तुलना में बिहार के सदन में हंगामा कम सुर्खियां नहीं बटोर रहा है। नीतीश कुमार ने बार-बार अपने पालाबदल और अब अत्यन्त अश्लील व अशोभनीय बयानबाजी से अपनी वह छवि मिट्टी में मिला दी है जिसके चलते उनको सुशासन बाबू कहा जाता था। यदि यही स्थिति बनी रही तो विपक्षी गठबंधन-इंडिया 2024 में केन्द्र की सत्ता स्वयं प्रधानमंत्री मोदी को प्लेट में रख कर पेश करने जा रहा है।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# अयोध्या से कतराते थे राजनेता, सीएम योगी करते हैं प्रवास

● अयोध्या के विकास और महान गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा से संत समाज गदगद

## सनातन धर्म की रक्षा का एकमात्र उपाय है योगी मॉडलः जगद्गुरु श्रीधराचार्य महाराज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या



**प्रभु** श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो या अवधपुरी का सर्वांगीण विकासए इस पुनीत कार्य में प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ पूर्ण निष्ठा के साथ लगे हुए हैं। राम काज कीन्हे बिना मोहि कहां विश्राम के भाव से अयोध्या के कायाकल्प में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कर्मठता आज संत समाज में भी चर्चा का विषय है। अयोध्या के संतजन भी मुख्यमंत्री के कार्यों और त्रेतायुगीन इस नगरी के विकास और महान गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा होने से गदगद हैं। अयोध्या के ऐतिहासिक अशर्फी भवन के पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी श्रीधराचार्य महाराज के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर्मठता के साथ वेदए सनातन धर्म, गौमाता व भारतीय संस्कृति के प्रति उदार भाव रखते हैं, उनकी निष्ठा के कारण ही श्रीराम मंदिर का निर्माण कार्य तेजी गति से पूरा हो रहा है।

**कभी फैली रहती थी अराजकता, आज बुलडोजर देता है जवाबः** उन्होंने कहा कि ये वही उत्तर प्रदेश है जहां कभी अराजकता फैली रहती थी। यूपी को एक विकृत प्रदेश के रूप मे जाना जाता था। आज उसी उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री अपने नेतृत्व क्षमता से अराजकतावादियों को आततायियों को बुल्डोजर से जवाब दे रहा है। स्वामी श्रीधराचार्य महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे इस अयोध्या में अप्रतिम विकास कार्य हो रहा है। ऐसी अद्भुत अयोध्या का नवनिर्माण हो रहा हैए जिससे आने वाले एक हजार वर्षों तक इस पावन नगरी का वैभव अक्षुण्ण रहेगा। उन्होंने कहा कि इसी अयोध्या में पहले राजनेता आने से कतराते थे। यहां तक कि इसका नाम लेने से भी बचते थे। आज इस पावन नगरी मे योगी आदित्यनाथ ऐसे पहले मुख्यमंत्री हैं जो हर महीने दो से तीन बार यहां आकर विकास कार्यों का जायजा लेते हैं। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व मे ना सिर्फ सुरक्षित है, बल्कि योगी मॉडल ही सनातन धर्म की रक्षा का एकमात्र उपाय और विकास की गारंटी भी है।

### रामराज्य की परिकल्पना को साकार कर रहे हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**स्वामी** श्रीधराचार्य महाराज ने कहा कि ये अयोध्या कभी देवलोक को भी तिरस्कृत करती थी, जो पूरे विश्व की राजधानी हुआ करती थीए उसके गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा पूरा संत समाज ना सिर्फ देख रहा है बल्कि इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कोटि कोटि धन्यवाद भी दे रहा है। जैसे त्रेता और द्वापर युग का सुंदर वैभव पहली बार उसे जागृत किया जा रहा है। यहां के कुंडों तालाबों को दोबारा से सुसज्जित किया जा रहा है। पूरी अयोध्या दीपोत्सव पर नवबधु की तरह सजी हुई है। यहां भाईचारा, प्रेम सौहार्द, त्याग का भाव इस दीपोत्सव के जरिए पूरे देश में जाएगा। यही रामराज्य की परिकल्पना है, जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में सभी संतों को अनुभव हो रहा है।

# यूपी-112 को किया गया और हाईटेक औसत रिस्पांस टाइम में हुआ बड़ा सुधार

● पुलिस की विभिन्न सेवाओं को किया गया इंटीग्रेट, किसी भी समस्या पर लोगों को तुरंत मिल रही पुलिस की सहायता



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और सुदृढ़ करने के लिए योगी सरकार अनेक प्रयास कर रही है। इसी क्रम में योगी सरकार ने टेक्नोलॉजी का सहारा लिया है। साथ ही ऑनलाइन या कॉल के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सेवाओं को इंटीग्रेट किया जा रहा है। इन प्रयासों का अब असर भी देखने को मिल रहा है। प्रदेशवासियों को इसका सबसे बड़ा लाभ ये मिल रहा है कि किसी भी तरह की समस्या पर लोगों को तुरंत पुलिस की सहायता प्राप्त हो रही है। यूपी 112 का औसत रिस्पॉन्स टाइम 2017 की तुलना में बहुत कम हो गया है। इससे लूट, हत्या, डकैती, बलवा, अपहरण, बलात्कार समेत जघन्य अपराधों में भारी कमी दर्ज की गई है। एनसीआरबी के डेटा ने भी इसकी पुष्टि की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की सत्ता संभालने के साथ ही लॉ एंड आर्डर को अपनी प्राथमिकताओं में रखा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए उसे मॉडर्न टेक्नोलॉजी से लैस किया। इसके लिए भारी-भरकम धनराशि जारी की गई। इससे प्रदेश में जहां कानून का राज स्थापित हुआए वहीं अपराध में काफ़ी कमी दर्ज की गयी। सीएम योगी की मॉनिटरिंग का ही असर है कि वर्ष 2017 में जहां यूपी-112 का औसत रिस्पांस टाइम 25 मिनट 42 सेकेंड था, वहीं आज यह घटकर औसतन 9 मिनट 18 सेकेंड रह गया है। इसके लिए योगी सरकार ने वर्ष 2018 में प्रदेश के सुदूर, दुर्गम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को त्वरित पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए यूपी-112 की फ्लीट में 1600 दो पहिया पीआरवी वाहन शामिल किए थे। इससे प्रदेश में वर्ष 2016 के सापेक्ष वर्ष 2022 में लूट, हत्या, डकैती, बलवा, अपहरण, बलत्कार समेत जघन्य अपराध में काफी कमी दर्ज की गयी है।

यूपी-112 की एडीजी नीरा रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप प्रदेशवासियों को पुख्ता सुरक्षा का अहसास कराने के लिए विभाग की ओर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत महिला हेल्पलाइन 1090, वीमेन एण्ड चाइल्ड हेल्पलाइन 181, मेडिकल हेल्पलाइन 108, जीआरपी, फ ायर सर्विसेज, स्मार्ट सिटी, लखनऊ एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 को यूपी-112 के साथ एकीकृत किया गया। इससे प्रदेशवासियों को सहायता मांगने पर जल्द से जल्द तुरंत उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा सवेरा योजना के तहत 15 लाख 30 हजार सीनियर सिटीजन का रजिस्ट्रेशन किया गया। योजना के तहत पीआरवी उन्हे हर सहायता मुहैया कराने के साथ उनका समय.समय पर कुशलक्षेम लेती रहती है। वहीं 2000 महिलाओं को रात्रि स्कॉर्ट सेवा के माध्यम से सहायता प्रदान की जा चुकी है। वहीं यूपी-112 के रिस्पांस टाइम में सुधार, फ्लीट में बढ़ोतरी एवं त्वरित कार्यवाही से वर्ष 2016 के सापेक्ष 2022 में विभिन्न अपराधों में कमी दर्ज की गई है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में डकैती के अपराध में वर्ष 2016 के सापेक्ष वर्ष 2022 में 468 प्रतिशत की कमी, लूट के अपराध में वर्ष 2016 के सापेक्ष वर्ष 2022 में 202 प्रतिशत की कमी, हत्या के अपराध में वर्ष 2016 के सापेक्ष वर्ष 2022 में 59 प्रतिशत की कमी, बलवा के अपराध में वर्ष 2016 के सापेक्ष वर्ष 2022 में 123 प्रतिशत की कमी, गृहभेदन के अपराध में वर्ष 2016 के सापेक्ष वर्ष 2022 में 11 प्रतिशत की कमी तथा फिरौती के लिए अपहरण के अपराध में वर्ष 2016 के सापेक्ष वर्ष 2022 में 103 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी।

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में महिला संबंधी अपराधों में भी काफी कमी दर्ज की गयी है। प्रदेश में बलात्कार के अपराध में वर्ष 2016 के सापेक्ष वर्ष 2022 में 77 प्रतिशत की कमी, शीलभंग के अपराध में वर्ष 2016 के सापेक्ष वर्ष 2022 में 17 प्रतिशत की कमी, अपहरण के अपराध में वर्ष 2016 के सापेक्ष वर्ष 2022 में 23 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी।

# अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का खुलासा, एक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आतंकवाद** निरोधक दस्ते (एटीएस) ने अवैध टेलीफोन एक्सचेंज लगाकर राष्ट्र की सुरक्षा में सेंध लगाने व राजस्व की क्षति करने वाले गैंग के सक्रिय अभियुक्त को मेरठ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्ज़े से अवैध टेलीफोन एक्सचेंज के 3 क्रियाशील सिमबॉक्स, लगभग 340 प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड, विभिन्न मॉडम/ राऊटर मय सहवर्ती उपकरण, लैपटॉप, 6 मोबाइल आदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण डीओटी के प्रतिनिधि के समक्ष बरामद किए गए। एटीएस ने गोपनीय आधार पर मिली सूचना को ग्राउंड एवं इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के माध्यम से विकसित करते हुए मेरठ फील्ड इकाई द्वारा परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र में क्रियाशील अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का चिन्हीकरण कर कार्रवाई की गई। एटीएस ने टेलीफोन एक्सचेंज के संचालक नूर मोहम्मद उर्फ साकिब को देर रात गिरफ्तार किया। पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि उसकी दोस्ती ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, फेसबुक पर नेडी (छद्म नाम) नामक व्यक्ति से हुई, जिसने बताया कि वह दुबई का रहने वाला है और इनके मध्य वार्ता होने लगी। नेडी ने कहा कि यदि तुम इंटरनेट और लैपटॉप खरीद लोगे, तो तुम घर बैठे ही पैसे बना सकते हो। नेडी के कहने पर अभियुक्त ने इंटरनेट और लैपटॉप की व्यवस्था की और किराए पर एक कमरा ले लिया। नेडी ने इसको कोरियर के माध्यम से सिम बॉक्स उपलब्ध कराये और एनीडेस्क एप्लीकेशन के माध्यम से कॉनफिगर किया। सिम बॉक्स पर इंटरनेट के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय कॉल्स को इंटरनेशनल गेटवे बाईपास कराकर लैंड कराया जाता था, जिससे वीओआइपी (इंटरनेट) कॉल नॉर्मल वायस कॉल्स में परिवर्तित हो जाती है और कॉल प्राप्त करने वाले को कॉल करने वाले व्यक्ति के नम्बर के स्थान पर सिमबॉक्स में लगे सिमकार्ड का नम्बर प्रदर्शित होता है, इससे कॉलर की पहचान स्थापित नहीं हो पाती है। गिरफ्तार अभियुक्त नूर मोहम्मद अधिक पढ़ा लिखा भी नहीं है और पावर लूम में कपड़ा बुनने की मशीन चलाने का कार्य करता था।

# भाजपा सरकार ने मध्य प्रदेश को बर्बाद कर दियाः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने मध्य प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। केन्द्र और मध्य प्रदेश में भाजपा लम्बे समय से सरकार में है। भाजपा ने मध्य प्रदेश में गरीबी बढ़ायी है। भ्रष्टाचार किया। मध्य प्रदेश कर्ज में डूबता चला जा रहा है। मध्य प्रदेश में भाजपा ने किसानों, गरीबों, नौजवानों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों को उनका हक और अधिकार नहीं दिया। पहले कांग्रेस ने मध्य प्रदेश को गरीब बनाए रखा अब भाजपा भी वही काम कर रही है।

यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। समाजवादी पार्टी को मध्य प्रदेश में जनता का अच्छा समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस और भाजपा की सरकारों और उनके भ्रष्टाचार से ऊब चुकी जनता समाजवादी पार्टी को विकल्प मानती है। अखिलेश यादव ने कहा कि पिछड़े, दलित और अल्संख्यकों की ताकत देखकर अब कांग्रेस भी जातीय जनगणना और सामाजिक न्याय की बात कर रही है। इसी कांग्रेस पार्टी ने आजादी के बाद जातीय जनगणना रोकी थी। राजनीति में कितना बड़ा चमत्कार हो रहा है। जो कभी सामाजिक न्याय के पक्ष में नहीं थेए वे भी अब बदलने पर मजबूर है। यादव ने मध्य प्रदेश की जनता से समाजवादी प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश में पूरी मजबूती से गरीबों, किसानों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों की लड़ाई लड़ेगी। समाजवादी पार्टी वंचित वर्ग की आवाज बनेगी। मध्य प्रदेश को विकास के रास्ते पर ले जाएगी।

# प्रदेश में अब तक 1.82 लाख मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2023-24 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन धान 2183 रुपए प्रति कुंतल और धान ग्रेड-ए 2203 रुपए प्रति कुंतल की निर्धारित दर से खरीद की जा रही है। विभिन्न धान क्रय केन्द्रों के माध्यम से अब तक 1.82 लाख मीट्रिक टन धान किसानों से क्रय किया गया है। इस योजना से अब तक लगभग 29972 किसानों को लाभान्वित करते हुए 320.828 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज लगभग 18686.88 मीट्रिक टन खरीद हुई है। धान खरीद से सम्बन्धित शिकायतें और सुझाव का पंजीकरण टोल फ्री नं- 18001800150 पर दर्ज करायी जा सकती हैं। वहीं प्रदेश सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोटे अनाज के तहत समर्थन मूल्य 2500 रुपए प्रति कुन्तल की निर्धारित दर से 86067.21 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की है।

# सस्ती परिवहन सेवा और रोजगार के नए द्वार खोलेगा यूपी इनलैंड वॉटर वे अथॉरिटी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ /अयोध्या

● कैबिनेट के फैसले से अयोध्या में शुरू होगा ट्रांसपोर्ट का नया युग

**सरयू** नदी के जरिए अयोध्या की विकास यात्रा को गति देने के लिए योगी सरकार अब बड़े स्तर पर कार्य करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। गंगा और यमुना जैसी प्रमुख नदियों के साथ ही सरयू, चंबल, बेतवा आदि नदियां भी अब प्रदेश के विकास को गति प्रदान करेंगी। बीते गुरुवार को अयोध्या में हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने यूपी इनलैंड वॉटर वे अथॉरिटी के गठन को लेकर बड़ा कदम उठाया है। आगामी विधानमंडल सत्र के दौरान अथॉरिटी को मंजूरी मिल जाएगी। माना जा रहा है अथॉरिटी के गठन के बाद अयोध्या में वॉटर ट्रांसपोर्ट और वॉटर टूरिज्म की अनंत संभावनाएं मूर्तरूप लेती दिखेंगी। योगी सरकार अयोध्या के कायाकल्प की राह पर तेजी के साथ कदम बढ़ा रही है। अयोध्या की विकास यात्रा में अब सरयू नदी पर वॉटर ट्रांसपोर्ट को गति देने का काम भी शुरू होने जा रहा है। अयोध्या को जहां वर्ल्ड क्लास सिटी के रूप में डेवलप किया जा रहा है वहीं सरयू नदी के किनारे भी तमाम परियोजनाएं मूर्त रूप ले रही हैं। इन सबके बीच सरयू और इसके तटीय क्षेत्र को पर्यटन और यातायात के केंद्र में लाकर योगी सरकार अवधपुरी के विकास के पूरे ईको सिस्टम को और मजबूत बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

सरयू नदी पर पहले से ही पर्यटकों और श्रद्धालुओं को जलयान भ्रमण का आनंद सुलभ कराने के लिए जटायु क्रूज सेवाश् संचालित है। इसके अलावा गुप्तार घाट से जानकी घाट तक के विकास और सुंदरीकरण के कार्य हो रहे हैं। वहीं सरयू तट पर स्थित जमथरा में राम अरण्य की की भी तैयारी हैए जहां श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास की कथाओं को विभिन्न माध्यमों से सजीव किया जा रहा है। इसके अलावा सरयू के समीप ही माझा जमथरा में 25 एकड़ भूमि पर मंदिर संग्रहालय देश ही नहीं पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण पर्यटन आकर्षण होगा।

बता दें कि यूपी में पहले से ही नेशनल वॉटरवे वन क्रियाशील है। प्रयागराज से हल्दिया तक लगभग 16 सौ किलोमीटर से भी लंबे देश के इस सबसे बड़े जल राजमार्ग के जरिए उत्तर प्रदेश आज सीधे सीधे पूर्वी बंदरगाह से जुड़ चुका है। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 11 नदियां (गंगा, असि, बेतवा, चंबल, गंडक, सरयू (घाघरा), गोमती, कर्मनाशा, टोंस, वरुणा और यमुना) राष्ट्रीय जलमार्ग जलमार्ग के रूप में सूचिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि यूपी इनलैंड वॉटर वे अथॉरिटी के गठन के बाद इन सभी राष्ट्रीय जलमार्गों का उपयोग शुरू किया जाएए जिससे जल यातायात आधारित रोजगार का सृजन तो होगा ही साथ ही लोगों को सस्ती और सुलभ ट्रैफिक सिस्टम का भी लाभ मिलेगा।

प्रदेश में अपेक्षाकृत सस्ती परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जल परिवहन और पर्यटन के क्षेत्र में नये प्रयोग के तौर पर जल पर्यटन को विकसित करने के उद्देश्य से इनलैंड वॉटर वे अथॉरिटी का गठन किया जाना है। इसके गठन से प्रदेश में जल परिवहनए जल पर्यटन तथा पोत परिवहन एवं नौवहन के क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। प्रदेश के उत्पादों को बेहतर एवं सस्ती दरों पर देश के अन्य राज्यों तथा विदेशों में निर्यात का अवसर भी प्राप्त होगा। साथ ही अन्तर्देशीय जलमार्ग, शिपिंग एवं नेवीगेशन, पोर्ट्स, मेरीटाइम अफेयर्स से सम्बन्धित मामलों में विशेषज्ञता रखने वाले एवं प्रोफेशनल्स के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

# दीप पर्व पर प्रदेश में कड़े सुरक्षा इंतजाम 232 कंपनी पीएसी व केंद्रीय बल भी तैनात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● समस्त सर्राफा बाजारों व भीड़-भाड़ के स्थलों पर वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में नियमित फुट पैट्रोलिंग किया जा रहा, महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट व आयोजन स्थलों पर क्यूआरटी टीमों का व्यवस्थापन किया गया है।

**दीपोत्सव** पर्व के विभिन्न आयोजनों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस मुख्यालय स्तर से 232 कम्पनी पीएसी बल, 3 कम्पनी एसडीआरएफ, 8 कम्पनी यूपीएसएसएफ, 3 कम्पनी सीएपीएफ तथा 400 उप निरीक्षक (प्रशि) को राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में व्यवस्थापित किया गया है। पुलिस मुख्यालय स्तर से प्रदेश के कुछ महत्वपूर्ण आयोजन के जनपदों को चिन्हित करते हुए वहां पर पुलिस अधीक्षक/ कमान्डेंट-3, अपर पुलिस अधीक्षक-8, पुलिस उपाधीक्षक-23, एटीएस की कमाण्डो टीमों, बीडीडीएस टीम तथा एण्टी ड्रोन टीम को हैवी क्रेन, संचार उपकरण, सुरक्षा उपकरण व आवश्यक संसाधनों सहित व्यवस्थापित किया गया है।

प्रदेश में आज शुक्रवार को धनतेरस के साथ ही दीपावली पर्व प्रारंभ हो गया है। 12 नवंबर को दीपावली का पर्व मनाया जायेगा। 11 नवंबर को अयोध्या में भव्य दीपोत्सव भी आयोजित होगा। उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय स्तर से समस्त पर्व व आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कई दिन पूर्व से तैयारी प्रारम्भ करते हुए विभिन्न स्तरों पर गोष्ठियां, भ्रमण तथा सम्बन्धित धर्मगुरुओं, आयोजकों, व्यापार मण्डलों व अन्य विभागों के साथ समन्वय और संवाद स्थापित कराते हुए समस्त जनपदों में सुदृढ़ पुलिस प्रबंध किया गया है। राज्य के स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रदेश में दीपावली में 11500 से अधिक की संख्या में मां लक्ष्मी/ काली की प्रतिमाएं स्थापित की जा रही है। समस्त प्रतिमा पण्डालों व विसर्जन स्थलों पर प्रभावी पुलिस प्रबन्ध, पीएसी की फ्लड प्लाटून, एसडीआरएफ कम्पनी लगाकर सकुशल आयोजन कराया जा रहा है।

समस्त जनपदों में त्रुटिरहित सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए त्यौहार रजिस्टर तथा रजिस्टर नंबर 8 का अध्ययन कर समस्त परम्परागत कार्यक्रमों को सूचीबद्ध करते हुए कार्य योजना बनाकर पुलिस व्यवस्थापन किया गया है। धनतेरस, दीपावली पर्व आयोजन के दृष्टिगत प्रदेश के समस्त जनपदों में समस्त सर्राफा बाजारों व भीड़. भाड़ के स्थलों पर वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में नियमित फुट पैट्रोलिंग किया जा रहा है। समस्त महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट व आयोजन स्थलों पर क्यूआरटी टीमों का व्यवस्थापन किया गया है। किसी भी आपराधिक घटना को रोकने के लिए सादे वस्त्रों में पुलिस टीम तथा क्राइम ब्रान्च की टीमों को भी सक्रिय व सतर्क किया गया है। प्रदेश के समस्त जनपदों में पटाखा, आतिशबाजी की लगभग 2500 से अधिक दुकानों व भण्डारण स्थलों पर टीम बनाकर चेकिंग करायी गयी है। चेकिंग में स्निफर डॉग्स तथा निरोधक दस्तों का व्यापक प्रयोग किया गया है। समस्त स्थलों पर अग्नि सुरक्षा हेतु व्यापक प्रबन्धक हुए समस्त अग्नि शमन स्टेशन व कर्मियों को सतर्क किया गया है।

समस्त जनपदों में क्यूआरटी टीमों को दंगा नियंत्रण उपकरणों, लाठी, हेलमेट, बाडी प्रोटेक्टर, क्रेन शील्ड, टियर गैस गन, एण्टी रायट गन, वाटर कैनन व वज्र वाहन के साथ समस्त यात्रा मार्ग, प्रमुख स्थलों व चिन्हित हॉट-स्पाट्स/ स्ट्रेटजिक प्वाइन्ट्स पर व्यवस्थापित करते हुए राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में निरंतर फ्लैग मार्च तथा रूट मार्च किया गया। अभिसूचना तंत्र तथा सोशल मीडिया सेल को सक्रिय व सतर्क करते हुए अफवाहों पर नियंत्रण के लिए विशेष रूप से कार्यवाही की गई। अफवाह फैलाने वाले असामाजिक व अराजक तत्वों को चिन्हित कर सतर्क चौकसी रखी गयी। दीपोत्सव के विभिन्न आयोजनों की मानिटरिंग के लिए पुलिस मुख्यालय स्थित कण्ट्रोल रूम पर राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में प्रदेश के समस्त जनपदों में पर्व व आयोजन से सम्बन्धित प्रत्येक सूचना और घटना का निरंतर अनुश्रवण किया जा रहा है।

# चार नए निजी विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए आशय पत्र जारी करने की संस्तुति

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में निजी क्षेत्र के अन्तर्गत विश्वविद्यालय एवं परिसर दूरस्थ केंद्र की स्थापना के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के समक्ष निजी क्षेत्र के अन्तर्गत विश्वविद्यालय की स्थापना के संबंध में 4 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। विचार-विमर्श के उपरान्त समिति ने 4 निजी विश्वविद्यालय, केडी विश्वविद्यालय, मथुरा, गांधी विश्वविद्यालय, झांसी, अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय, गाजियाबाद, चण्डीगढ़ यूनिवर्सिटी, उन्नाव को आशय पत्र जारी करने की संस्तुति की। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डॉलर बनने की ओर अग्रसर है। ईज ऑफ डुइंग बिजनेस के तहत प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बना हुआ है। साथ ही प्रदेश में ही युवाओं को बेहतर ढंग से उच्च शिक्षा हासिल हो सके इसके लिए शासन लगातार प्रयास कर रहा है।

# दीपोत्सव ने बढ़ाई अयोध्या की भव्यता, बढ़ने लगी पर्यटकों की आमद

● स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के नये अवसर खोल रहे देसी-विदेशी पर्यटक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या



**योगी** सरकार इस साल अयोध्या में सरयू तट पर सातवां दीपोत्सव मनाने जा रही है। यहां भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण तो चल ही रहा है, मगर उससे पहले पिछले सात साल से हर वर्ष आयोजित हो रहे दीपोत्सव के कारण अयोध्या की भव्यता में चार चांद लग चुका है। दीपोत्सव ने देश.विदेश में अयोध्या को लेकर कौतुहल बढ़ा दिया है। यही कारण है कि अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इनमें भारतीय पर्यटक तो अच्छी खासी संख्या में हैं हीं विदेशी सैलानियों की रुचि भी प्रभु श्रीराम की नगरी में गहरी हो चुकी है।

अयोध्या में वर्ष 2017 से दीपोत्सव प्रारंभ हुआ है इस बीच यहां 17832717 भारतीय एवं 25ए141 विदेशी पर्यटक अयोध्या पहुंचे। इस प्रकार वर्ष 2017 में कुल 17857858 श्रद्धालुओं ने रामनगरी में दर्शन-पूजन किया। दीपोत्सव के दूसरे वर्ष 2018 में 19534824 भारतीय एवं 28335 विदेशी नागरिकों ने रामनगरी में दर्शन किया। इस प्रकार कुल मिलाकर 19563159 पाठकों ने वर्ष 2018 में अयोध्या में दर्शन-पूजन किया। ऐसे ही वर्ष 2019 में 20463403 भारतीय एवं 28331 विदेशी मिलाकर कुल 20491724 श्रद्धालुओं ने अयोध्या में दर्शन किया। वर्ष 2020 में कोरोना के कारण पर्यटकों की संख्या में कमी देखने को मिली। इस साल 6193537 भारतीय एवं 2611 विदेशी मिलाकर कुल 6196148 सैलानी अयोध्या पहुंचे। वहीं वर्ष 2021 में 15743359 भारतीय एवं 431 विदेशी पर्यटकों ने अयोध्या में दर्शन पूजन किया। 2021 में कुल 15743790 श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिए आए। इसी क्रम में वर्ष 2022 में 22112402 भारतीय एवं 26403 विदेशी पर्यटक अयोध्या पहुंचे। कुल मिलाकर 22138805 पर्यटक अयोध्या दर्शन के लिए यहां पहुंचे। देखा जाए तो वर्ष 2021 में विदेशी पर्यटकों की संख्या कुछ काम रही फिर भी वर्ष 2022 में यह संख्या बहुत तेजी से बढ़ी है। अयोध्या में जैसे-जैसे राम मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच रहा है वैसे-वैसे यहां देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से अयोध्या में रोजी रोजगार में भी तेजी से वृद्धि भी होने लगी है। लोगों का मानना है कि जनवरी माह में राम मंदिर में जब राम लला विराजमान होंगे तो यहां देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं व विदेशी पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित इजाफा होगा। इसे लेकर प्रदेश की योगी सरकार तेजी से अयोध्या का विकास करने में लगी है। अयोध्या को फोर लेन व सिक्स लेन सड़कों से जोड़ा जा रहा है। विश्वस्तरीय हवाई अड्डा व रेलवे स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा तमाम अन्य सुविधाएं भी अयोध्या में विकसित की जा रही है।

# 101 रुपए खर्च करके आप भी बन सकते हैं अयोध्या दीपोत्सव का हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार हर साल की तरह इस बार भी अयोध्या के दीपोत्सव को दिव्य और भव्य बनाने की तैयारी कर रही है। इस बार भी 21 लाख दीये जलाकर पर्यटन विभाग विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रहा है। इसके साथ ही पर्यटन विभाग व अयोध्या जिला प्रशासन ने इस बार एक नया प्रयास भी किया है। इसके तहत आप भी घर बैठे दीपोत्सव का हिस्सा बन सकते हैं। एप के माध्यम से आप घर बैठे अयोध्या में एक से लेकर 51 दीयों तक दान देकर उन्हें रोशन कर सकते हैं। एक दीये के लिए जहां आपको 101 रुपए खर्च करने होंगे तो वहीं, 11 दीयों के लिए 251 रुपए, 21 के लिए 501 रुपए और 51 दीयों के लिए 1100 रुपए ऑनलाइन दे सकते हैं।

पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि विभाग ने 'होली अयोध्या' नाम से एक मोबाइल एप तैयार किया है। इससे आम लोग आसानी से घर बैठे अयोध्या के दीपदान में शामिल हो सकेंगे। यह मोबाइल एप एंड्रायड व एप्पल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इस एप को कोई भी व्यक्ति डाउनलोड कर एक या उससे अधिक दीये अपने नाम से बुक कर सकते हैं। खास बात यह कि दीपोत्सव के बाद पर्यटन विभाग संबंधित व्यक्ति के पते पर यह दीयाए प्रसाद व सरयू का जल भी प्रसाद के रूप में भेजेगा। इस एप के माध्यम से तय की गई सहायता राशि देकर कोई भी दीये जलवा सकता है। वह अपने नाम सेए अपने परिजनों के नाम से एक से लेकर 51 दीये तक बुक करा सकते हैं। इस एप पर आने वाले आवेदन को जिला प्रशासन देखेगा और उसके अनुसार दीये जलवाने की व्यवस्था करेगा। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं विदेशों में रह रहे लोग भी इस दीपोत्सव से जुड़ना चाहते हैं। ऐसे में यह उनके लिए अच्छी सुविधा होगी। एप पर दीप प्रज्ज्वलन के अलगअलग पैकेज रखे गए हैं। 101 से 1100 रुपए तक के चार पैकेज में पहला पैकेज 101 रुपए का है, जिसमें एक दीप प्रज्ज्वलित होगा। इसका प्रमाण डिजिटल रूप से श्रद्धालु के नाम से भेजा जाएगा। दूसरा पैकेज 251 रुपए का है, जिसमें 11 दीप जलेंगे तथा प्रमाण के रूप में जले हुए दीपों के साथ रामजन्मभूमि का प्रसाद कोरियर से भेजा जाएगा। इसी तरह तीसरा पैकेज 501 रुपए का है, जिसमें 21 दीप जलाए जाएंगे तथा दीपों के साथ प्रसाद, रामनामी गमछा, सरयु का जल दानदाता को कोरियर से भेजा जाएगा। चौथे पैकेज में 1100 रुपए का ऑनलाइन भुगतान करना होगाए जिसमें 51 दीप प्रज्ज्वलित होंगे।

# फ्री गैस सिलेंडर का तोहफा मिला, महिलाओं की दिवाली रोशन

● विधायक, डीएम, सीडीओ ने लाभार्थी महिलाओं को बाटे डीबीटी प्रतीकात्मक चेक, खिले चेहरे



**लखीमपुर खीरी।** महिलाओं की दिवाली रोशन करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थी महिलाओं को फ्री गैस सिलेंडर का सौगात दी। कलेक्ट्रेट में आयोजित भव्य समारोह में लखनऊ कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग हुईए जिसमें सीएम के उद्बोधन को देखा व सुना गया। कार्यक्रम का सफल संयोजनए संचालन डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने किया। जनपदीय कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सदर योगेश वर्मा ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए सीडीओ अनिल कुमार सिंहए एडीएम संजय कुमार सिंह संग दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक ने डीएम संग लखीमपुर के उज्जवला लाभार्थी राम बेटीए पम्मी देवीए सुनीताए रेयाना बेगमए गुड़िया देवीए अंजुम निशाए रचना पांडेय को ने प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया।

विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि सीएम ने लोक कल्याण संकल्प पत्र के एक संकल्प को पूरा करने का शुभारंभ किया। सरकार दिवाली के बाद होली पर भी फ्री सिलेंडर देंगी। 2016 में देश में रसोई गैस की किल्लत समाप्त करने के लिए बलिया में पीएम उज्ज?वला योजना शुरू की थी। उज्ज?वला योजना समय पर स्वस्थ ईंधन उपलब्ध कराने की योजना ही नहीं थी। मांए बहनों के स्वास्थ्य को बेहतर करने की भी योजना है। पीएम उज्ज्वला योजनाश् में सरकार ने नि:शुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल वितरण अभियान का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2,312 करोड़ के व्ययभार से प्रदेश के 1.75 करोड़ पात्र परिवारों को लाभान्वित किया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सभी लाभार्थियों को दीपावली के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सरकार ने नि:शुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल वितरण अभियान के तहत सरकार ने फ्री गैस सिलेंडर का तोहफा देकर महिलाओं की दिवाली रोशन करने का काम किया। डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि खीरी में 05 लाख 24 हजार 667 गरीब महिला, उज्ज्वला योजना की लाभार्थी है। प्रथम चरण में आधार प्रमाणित लाभार्थियों को नि:शुल्क एलपीजी सिलेण्डर रिफिल का वितरण किया गया। जैसे.जैसे लाभार्थियों के आधार प्रमाणित होते जाएंगेए उसी क्रम में उन्हें उक्त नि:शुल्क सिलेण्डर का वितरण किया जाएगा। योजना के तहत सर्वप्रथम लाभार्थी अपने स्तर से प्रचलित उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर 14.2 किलो का सिलेंडर रिफिल प्राप्त करेगा, जिसके पांच दिन के बाद सब्सिडी उसके आधार प्रमाणित खाते में ऑयल कम्पनियों द्वारा अंतरित की जाएगी। सेल्स ऑफिसर इंडियन ऑयल अंकित कुमार के साथ में लखीमपुर के वितरक रानी सती इंडियन गैस सर्विस, निशांत इंडियन गैस सर्विस, खीरी राइस मिल एचपी गैस, भगवान भारत गैस के प्रोपराइटर मौजूद रहे।

# धन्वंतरि जयंतीः वृहद आयुष चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन, डीएम ने किया शुभारंभ



**लखीमपुर खीरी।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के आदेश पर खीरी में आयुर्वेद दिवस 2023 की थीम आयुर्वेदा फ़ॅार वन हेल्थ की टैग लाइन ष्हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेदष् के रूप में मनाई जाएगी। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉण् हरबंश कुमार के नेतृत्व एवं उपस्थित में अष्टम आयुर्वेद दिवस 2023 धन्वंतरि जयंती के अवसर पर वृहद आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। साथ ही सम्पूर्ण जिले आयुर्वेदिक अस्पतालों में धन्वंतरि जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। चिकित्सा शिविर का उदघाटन डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया।

इस शिविर में आयुर्वेदिक प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मुनीन्द्र प्रताप, डॉ. रुक्मेश मिश्रा, डॉ. रिशु सिंह होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. हरीलाल भार्गव, डॉ. विनोद कुमार वर्मा, फार्मासिस्ट अंकित कुमार, समीक्षा वर्मा यूनानी चिकित्सक डॉण् शफीक अहमद सहित योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा, अमित कुमार, शशिकांत दीक्षित ने अपनी-अपनी विधा से सम्बंधित लगभग 557 मरीजों का परीक्षण कर आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी औषधियों का वितरण किया। इस दौरान जिला होम्योपैथी चिकित्साधिकारी डॉ. शैलेश प्रताप सिंह, फार्मासिस्ट देवेंद्र कुमार चौबे, अरविंद कुमार वर्मा, भृत्य सुनील कुमार, रमाशंकर श्रीवास्तव सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

# ग्राहकों नें बाइक, ज्वेलर्स और बर्तन की दुकानों पर की खरीदारी



धनतेरस पर सजी सोने चांदी व बाईक एजेंसी पर खरीददारी करते लोग।

**संवाददाता।** गुरसहायगंज (कन्नौज)

**सनातन धर्म** के प्रमुख पर्व धनतेरस के त्यौहार को नगर व क्षेत्र में धूमधाम व पारम्परिक ढंग से मनाया गया। लोगों ने ज्वैलर्स, बाइक, इलेक्ट्रॉनिक एवं बर्तन की दुकानों पर जमकर खरीददारी की। बाजार में उमड़ी भीड़ के कारण कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। शुक्रवार को धनतेरस के त्यौहार पर बाजार से खरीददारी करने के लिए नगर सहित क्षेत्रीय लोगों की भीड़ दुकानों पर एकत्र हो होनें लगी।

फतेहगढ़ रोड स्थित अलकरमह ऑटो सेल्स में करीव तीन दर्जन बाईकों की बिक्री हुई। काव्या हाण्डा, अजय मोटर्स पर पहुंचे लोगों ने अपनी मनपसंद की बाइकें व स्कूटी आदि खरीदी। उधर नगर के सब्जी मंडी स्थित चित्र गोपाल सुभाष सर्राफ सहित अन्य सर्राफ की दुकानों पर लोगों ने चॉदी के गणेश लक्ष्मी सहित अन्य आभूषण खरीद कर धनतेरस का त्यौहार मनाया। नगर की दुकानों पर झाड़ू एवं बर्तन सहित पीओपी के गणेश लक्ष्मी की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर की दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न होनें पर प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा, कस्वा प्रभारी अजब सिंह नें दल बल के साथ जाम की समस्या को दूर करनें का प्रयास करते रहे।

# धूमधाम से मनाया भगवान धन्वंतरि का प्रकटोत्सव

**लखीमपुर खीरी।** रोटरी क्लब लखीमपुर सेंट्रल द्वारा श्धनतेरसश् के पावन अवसर पर आयुर्वेदिक दवा के प्रतिष्ठान एसएच एजेंसीज अस्पताल रोड लखीमपुर पर आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान धन्वंतरि जी की पूजा अर्चना पंडित जागेश्वर प्रसाद जी द्वारा संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में रोटरी क्लब लखीमपुर सेंट्रल के सदस्यों सहित वैद्य, डॉक्टर एवं अन्य गणमान्य लोगों उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित डॉ. एस.सी. मिश्रा ने कहा कि आज हमारे जीवन में सरलता समाप्त हो गई है उन्होंने बताया कि आज के जीवन शैली में भाग दौड़ में स्वास्थ्य पीछे छूट गया है कार्यक्रम में रोटरी अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा योग स्वास्थ्य जीवन का मूल मंत्र है एवं आयुर्वेद अमृत है इस अवसर पर रोटरी के चार्टर सेक्रेटरी राजेश सक्सेना ने बताया समुद्र मंथन में भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए तभी से पूरे विश्व में आयुर्वेद का प्रसार हुआ जो मानव जीवन में अति उपयोगी है रोटरी क्लब लखीमपुर सेंट्रल के पूर्व अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली विश्व की सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा प्रणाली है वैद्य गिरीश मिश्रा ने बताया सागर मंथन में 14 रत्न निकले उन्होंने कहा कि संयम नियम से रहकर रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है तनाव से मुक्ति नम्म्र पेट पेडल चलना एवं नवजात शिशु को 6 माह तक मां का दूध आयुर्वेद के प्रमुख नियम है इसका पालन अनिवार्य है वैद्य डॉक्टर उस्मानी ने बताया आयुर्वेद सबसे उत्तम चिकित्सा पद्धति है उन्होंने कहा भगवान धन्वंतरि वरुण देव जी के शिष्य हैं एवं आयुर्वेद सभी चिकित्सा पद्धतियों की जननी है डॉ अजय नगर ने बताया भगवान धन्वंतरि जी विष्णु भगवान के 12 अवतार हैं एवं इंद्र जी ने भगवान धन्वंतरि जी को चिकित्सा का भार सौपा था डॉ मनोज अवस्थी ने कहा कि पुरानी जड़ी बूटियां के संरक्षण की आवश्यकता है।

## फूलबेहड़ के खभारखेड़ा गांव में अन्नपूर्णा उचित दर की दुकान शुरू

**लखीमपुर खीरी।** राशन दुकानों में आसानी से खाद्यान्न पहुंचाने और उपभोक्ताओं की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को तहसील सदरए ब्लॉक फूलबेहड़ की ग्राम पंचायत खभारखेड़ा में अन्नपूर्णा भवन मॉडल राशन की दुकान की सौगात मिली। इनका निर्माण मनरेगा योजना के तहत कराया गया। खंभारखेड़ा गांव में डीएम ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह संग पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर शिलापट का अनावरण कर लोकार्पण किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि वितरण प्रणाली में पारदर्शिता को लेकर शासन ने कई निर्णय लिए। मशीनों के जरिए अनाज का वितरण करवाया तो वहीं कोटेदारों का कमीशन बढ़ाया। दुकानों पर राशन भिजवाने की व्यस्था की। वहीं अगले चरण में उचित दर दुकानों को अन्नपूर्णा मॉडल उचित दर दुकान के रूप में तब्दील किया जा रहा। खाद्य एवं रसद विभाग की राशन दुकानों के अपग्रेडेशन के संबंध में अन्नपूर्णा उचित दर दुकान एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अचानक बाइक में लगी आग छात्र की मौत, साथी घायल

**बरेली।** थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के मंढोली निवासी युवक मोटरसाइकिल से अपने दोस्त के साथ नवाबगंज से भोजीपुरा आ रहा था। अचानक मोटरसाइकिल में आग लग गई जिसपर सवार मोटरसाइकिल चला रहे युवक और पीछे बैठा उसका दोस्त दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस में खड़े मृतक अंकित के पिता अशोक कुमार ने बताया उनका बेटा 22 वर्षीय पुत्र अंकित अपने 21 वर्षीय दोस्त रुपेश पुत्र महावीर के साथ नवाबगंज से भोजीपुरा आ रहे थे। अंकित मड़ौली थाना फतेहगंज का निवासी था। रूपेश थाना शाही क्षेत्र के अमौर गांव का निवासी है। अंकित और रूपेश एक साथ बी फार्मा का कोर्स कर रहे थे। पढ़ाई को लेकर दोनो नवाबगंज और भोजीपुरा में किराए के मकान पर रहते थे, गुरुवार को देर रात लगभग 1.00 बजे दोनों साथी मोटरसाइकिल से भोजीपुरा आ रहे थे। अटामांडा के पास अचानक बाइक में आग लग गई। अंकित की घटनास्थल पर मौत हो गई। रूपेश को भर्ती कराया गया है।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा
उत्तराखण्ड पेयजल निगम, भीमताल (नैनीताल)
दूरभाष कार्यालयः- 05942-247895 Email eecd.btl@gmail.com

पत्रांक : 5319/535/159 — **अल्पकालीन निविदा सूचना** — दिनांक : 10.11.2023

अध्यक्ष, उत्तराखण्ड पेयजल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु मोहरबन्द निविदा, दिनांक 29.11.2023 अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो अगले कार्यदिवस में पूर्वाहन 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इस कार्यालय में निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। उक्त दिनांकों में अवकाश घोषित होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस को डाली/खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | विकासखण्ड | योजना का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हल्द्वानी | जिला योजना में स्वीकृत पनियाली नलकूप पेयजल योजना के अन्तर्गत राईजिंग मैन एवं तत्संबंधी कार्य। | 48000.00 | 4 माह | 500+ जी0एस0टी0 |

नोट :— 1.नियम एवं अन्य शर्तें किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक कार्यालय या नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।
2. ठेकेदार/ फर्म द्वारा **पाईप लाइन कार्य श्रेणी डी एवं उच्चतर श्रेणी** में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

अधिशासी अभियन्ता

''जल संचय –जीवन संचय'' ''कृपया जल स्त्रोतों को प्रदूषित होने से बचाइये''
''जल स्त्रोत बताइये-पेयजल योजना पाइये'' ''जल स्त्रोतों को प्रदूषित करना दण्डनीय अपराध है''



**क्यूबिकल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : 456, अग्रवाल मेट्रो हाइट, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली-110034
सीआईएन-एल65993डीएल1990पीएलसी040101
वेबसाइट : www.cubical90.com ई-मेल : cubfinsser@yahoo.com
30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु
अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण (रू. लाख में)

| क्र. सं | विवरण | तिमाही समाप्त 30-09-2023 (अ-लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30-09-2022 (अ-लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2023 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 166.24 | 15.42 | 114.80 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले | -1.99 | 10.83 | -19.67 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात | -10.45 | 9.38 | -28.57 |
| 4 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1303.4 | 1303.4 | 1303.40 |
| 5 | संचेय, पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर | | | 53.85 |
| 6 | प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस) (रू. 2/- प्रत्येक का) | | | |
| | मूल | -0.02 | 0.01 | -0.04 |
| | तनुकृत | -0.02 | 0.01 | -0.04 |

नोट :- उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बॉम्बे स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.cubical90.com पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
वास्ते क्यूबिकल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
अश्वनी कुमार गुप्ता
प्रबंध निदेशक
डीआईएन - 00348616

दिनांकित : 10 नवम्बर, 2023
स्थान : दिल्ली



शुद्धिपत्र

ICICI Bank — शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग,दिल्ली-110005

ऋण खाता संख्या 125705000933 एवं 125755000015 कर्जदार का नाम जी डी ट्रेडर्स, अमित कुमार, आशा कुमार, सुमित कुमार के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत मांग सूचना प्रकाशन – मांग सूचना दिनांकित 13-07-2022 एवं इसका प्रकाशन दिनांकित 09-09-2022 पायनियर (अंग्रेजी) एवं पायनियर (हिन्दी), सांकेतिक कब्जा सूचना दिनांकित 08-12-2022 एवं इसका प्रकाशन दिनांकित 15-12-2022 पायनियर (अंग्रेजी) एवं दैनिक पायनियर (हिन्दी), भौतिक कब्जा सूचना, पूर्व-बिक्री सूचना, मालसूची, मालसूची सूची एवं पंचनामा दिनांकित 10-10-2023 एवं कर्जदार एवं पुलिस को कब्जा उपरांत तथा कर्जदार को खाली करने हेतु सूचना दिनांकित 11-10-2023 और इसका प्रकाशन दिनांकित 13-10-2023 पायनियर (अंग्रेजी) एवं पायनियर (हिन्दी) में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए किया गया था, सम्पूर्ण सरफासी कार्यवाही में सम्पत्ति पता 43, ओम साई संतपुरा, गोविंदपुरी, मोदीनगर, उत्तर प्रदेश-201204 क्रमानुसार किया गया है। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उपरिवर्णित सूचना में सम्पत्ति पता वर्णन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा इसके प्रकाशन में सम्पत्ति पता आवासीय सम्पत्ति सं.-ए-43, स्थित खसरा नंबर 805/5, ग्राम बिसिखर मारूफ मोहल्ला ओम साई संतपुर, गोविंदपुरी मोदीनगर, परगना जलालाबाद, तहसील मोदीनगर, उत्तर प्रदेश के स्थान पर 43, ओम साई संतपुरा, गोविंदपुरी, मोदीनगर, उत्तर प्रदेश-201204 वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको आवासीय सम्पत्ति सं.-ए-43, स्थित खसरा नंबर 805/5, ग्राम बिसिखर मारूफ मोहल्ला ओम साई संतपुर, गोविंदपुरी मोदीनगर, परगना जलालाबाद, तहसील मोदीनगर, उत्तर प्रदेश के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं।

दिनांकित : 10-11-2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : मोदीनगर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**GOLDEDGE ESTATE AND INVESTMENTS LIMITED**
Regd Office:-C-115,Ground Floor, Mansoravar Garden, New Delhi-110015
CIN: L70101DL1992PLC047541

EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEP 30, 2023

Amt. in Rs. except per share data

| S. No. | Particulars | Quarter Ended 30-Sep-23 (Unaudited) | Quarter Ended 30-Jun-23 (Unaudited) | Quarter Ended 30-Sep-22 (Unaudited) | HALF YEAR ENDED 30-Sep-23 (Unaudited) | HALF YEAR ENDED 30-Sep-22 (Unaudited) | Year Ended 31-Mar-23 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | STANDALONE | | | | | | |
| 1 | Total income from operations (gross) | 7.03 | 6.85 | 6.28 | 13.88 | 12.32 | 25.87 |
| 2 | Total income from operations (net) | 7.03 | 6.85 | 6.28 | 13.88 | 12.32 | 25.87 |
| 3 | Net Profit for the period (before tax and exceptional items) | 0.47 | 3.38 | 2.12 | 3.85 | 4.61 | 9.83 |
| 4 | Net Profit for the period before tax (after exceptional items) | 0.47 | 3.38 | 2.12 | 3.85 | 4.61 | 9.83 |
| 5 | Net Profit for the period after tax (after exceptional items) | 0.35 | 2.53 | 1.59 | 2.88 | 3.45 | 3.69 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 0.35 | 2.53 | 1.59 | 2.88 | 3.45 | 3.69 |
| 7 | Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- each) | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 |
| 8 | Other Equity | - | - | - | - | - | 70.87 |
| 9 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) | | | | | | |
| | Basic : | 0.01 | 0.05 | 0.03 | 0.06 | 0.07 | 0.07 |
| | Diluted: | 0.01 | 0.05 | 0.03 | 0.06 | 0.07 | 0.07 |

EXTRACT OF UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER/ HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2023

Amt. in Rs. except per share data

| S. No. | Particulars | Quarter Ended 30-Sep-23 (Unaudited) | Quarter Ended 30-Jun-23 (Unaudited) | Quarter Ended 30-Sep-22 (Unaudited) | Half Year Ended 30-Sep-23 (Unaudited) | Half Year Ended 30-Sep-22 (Unaudited) | Year Ended 31-Mar-23 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | CONSOLIDATED | | | | | | |
| 1 | Total income from operations (gross) | 7.03 | 6.85 | 6.28 | 13.88 | 12.32 | 25.87 |
| 2 | Total income from operations (net) | 7.03 | 6.85 | 6.28 | 13.88 | 12.32 | 25.87 |
| 3 | Net Profit for the period (before tax and exceptional items) | 0.47 | 3.38 | 2.12 | 3.85 | 4.61 | 9.83 |
| 4 | Net Profit for the period before tax (after exceptional items) | 0.47 | 3.38 | 2.12 | 3.85 | 4.61 | 9.83 |
| 5 | Net Profit for the period after tax (after exceptional items) | 0.90 | 2.81 | 1.83 | 2.88 | 3.45 | 4.84 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 0.90 | 2.81 | 1.83 | 2.88 | 3.45 | 4.84 |
| 7 | Equity Share Capital | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 | 512.24 |
| 8 | Other Equity | - | - | - | - | - | 78.76 |
| 9 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) | | | | | | |
| | Basic : | 0.02 | 0.05 | 0.04 | 0.07 | 0.07 | 0.09 |
| | Diluted: | 0.02 | 0.05 | 0.04 | 0.07 | 0.07 | 0.09 |

Note : The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial results filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations and other disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of the Quarterly results are available on the stock exchange websites i.e. **www.msei.in** and on Company website **www.goldedgeestate.in**

For and on behalf of the Board
For Goldedge Estate and Investments Limited
Sd/-
Nikhil Bansal
Director Cum CFO
DIN : 00815132

Place : New Delhi
Date:- 10.11.2023



**ओके प्ले इंडिया लिमिटेड**

सीआईएन : एल28219एचआर1988पीएलसी030347
पंजी. कार्यालय : 17-18, रोज-का-मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा-122103
वेबसाइट : www.okplay.co.in ई-मेल : info@okplay.in
फोन : 011 – 46190000, फैक्स : 011 – 46190090

**डाक मतदान की सूचना और ई-वोटिंग जानकारी**

ओके प्ले इंडिया लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 110 के प्रावधानों और अन्य सभी लागू प्रावधानों, यदि कोई, के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 एवं 22, कार्पोरेट मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020 दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, 22/2020 दिनांकित 15 जून, 2020, 33/2020 दिनांकित 28 सितम्बर, 39/2020 दिनांकित 31 दिसम्बर, 2020, 10/2021 दिनांकित 23 जून, 2021, 20/2021 दिनांकित 8 दिसम्बर, 2021, 03/2022 दिनांकित 05 मई, 2022 तथा 11/2022 दिनांकित 28 दिसम्बर, 2022 ("एमसीए सर्कुलर्स") इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों हेतु सचिवीय मानक ("एसएस-2"), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 ("सेबी एलओडीआर") के विनियम 44 तथा अधिनियम, विधि, नियमावली, सर्कुलर्स, तदधीन जारी अधिसूचनाओं और विनियमों (उनके सांविधिक संशोधन(नों) अथवा सुधार(रों) अथवा अधिनियमन(नों), जो अस्थायी रूप से लागू हैं) के अनुपालन में एक सूचना निम्नलिखित व्यवसाय हेतु कम्पनी के सदस्यों का अनुमोदन इलेक्ट्रॉनिक साधनों (रिमोट ई-वोटिंग) द्वारा डाक मतदान द्वारा मांगने हेतु भेजी गई है :

1. रू. 10/- प्रति शेयर अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर्स का रू. 1/- प्रति शेयर के रूप में उप-विभाजन
2. उप-विभाजन के पश्चात संस्था ज्ञापन के पूंजी क्लॉज का संशोधन

कम्पनी उपरोक्त डाक मतदान सूचना का प्रेषण बृहस्पतिवार, 9 नवम्बर, 2023 को उन सदस्यों को कर चुकी है, जिनके नाम शुक्रवार, 3 नवम्बर, 2023 (कट-ऑफ तिथि) को डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर/सदस्यों के रजिस्टर में दृष्टिगत हैं अथवा जो अपना ई-मेल पता कम्पनी/रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट ("आरटीए")/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट(पार्टिसिपैंट्स) के पास पंजीकृत करवा चुके हैं।

एमसीए सर्कुलर्स में दी गई छूट व्यवस्था के अनुरूप इस डाक मतदान के लिए सदस्यों को सूचना की भौतिक प्रतियां डाक मतदान मतपत्रों तथा पूर्व-प्रदत्त व्यवसाय जवाबी लिफाफों के साथ नहीं भेजी जा रही हैं।

सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.okplay.co.in तथा स्टॉक एक्सचेंज नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर तथा नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

कम्पनी सदस्यों को उनके वोट डालने के अधिकार के लिए एनएसडीएल द्वारा उपलब्ध कराई गई ई-वोटिंग सेवाओं के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोट डालने की सुविधा उपलब्ध करा रही है। सूचना में ई-वोटिंग हेतु विस्तृत अनुदेश दिए गए हैं।

रिमोट ई-वोटिंग निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध है :

| | |
|---|---|
| ई-वोटिंग का आरंभन | रविवार, 12-11-2023 पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) |
| ई-वोटिंग का समापन | सोमवार, 11-12-2023 अप. 5.00 बजे (आईएसटी) |

तदुपरांत एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा। इस अवधि के दौरान, शुक्रवार, 3 नवम्बर, 2023 (कट-ऑफ तिथि) को भौतिक या अभौतिक रूप में शेयर्स के धारक सदस्य अपना वोट ई-वोटिंग द्वारा डाल सकते हैं। किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल देने के बाद उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। सदस्यों के वोटिंग अधिकार शुक्रवार, 3 नवम्बर, 2023 (कट-ऑफ तिथि) को कम्पनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होंगे। कोई व्यक्ति, जो कट-ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, उसको यह सूचना जानकारी मात्र के निमित्त समझनी चाहिए।

कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा श्री पुनीत कुमार पांडे, कार्यरत कम्पनी सेक्रेटरी को डाक मतदान प्रक्रिया के निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के लिए संवीक्षक नियुक्त किया गया है।

डाक मतदान के माध्यम से वोटिंग का परिणाम संवीक्षक की रिपोर्ट सहित डाक मतदान के समापन के दो (2) कार्यदिवस के भीतर यानी बुधवार, 13 दिसम्बर, 2023 को अथवा पूर्व घोषित किया जाएगा तथा उसकी सूचना बीएसई को भी दी जाएगी तथा कम्पनी तथा एनएसडीएल की वेबसाइट www.okplay.co.in तथा www.evoting.nsdl.com क्रमानुसार पर भी प्रदर्शित किया जाएगा।

ई-वोटिंग अथवा डाक मतदान के संबंध में किसी पूछताछ की स्थिति में, आप www.evotingnsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू'ज) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग मैनुअल देखें अथवा टोलफ्री नंबर : 022-4886 7000 तथा 022-2499 7000 पर कॉल करें अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल को से ई-मेल आईडी : evoting@nsdl.co-in पर अनुरोध भेजें। इसके अतिरिक्त, सदस्यगण कम्पनी के आरटीए मैसर्स एमएएस सर्विसेज लिमिटेड, पता टी-34, द्वितीय तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, नई दिल्ली-110020, फोन : 011-26387284/82/83, फैक्स :- 011-26387284 से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा investor@masserv.com पर ई-मेल भेज सकते हैं।

वास्ते ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
हस्ता./-
मीनू गोस्वामी
कम्पनी सेक्रेटरी एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 09-11-2023



**ADDI INDUSTRIES LIMITED**

REGD.OFFICE: A-104,3rd Floor DDA Shed Okhla Industrial Area Phase II New Delhi-110020
CIN: L51109DL1980PLC256335 Tel.: 11-45025469
E -Mail : atul.addi@gmail.com & addiind@gmail.com
Statement of Unaudited Standalone & Consolidated Financial Results For The Quarter and Half Year Ended September 30, 2023

(₹ in Lakh, except per share data)

| S.No | Particulars | Standalone: Quarter ended September 30, 2023 (Unaudited) | June 30, 2023 (Unaudited) | September 30, 2022 (Unaudited) | Half Year Ended September 30, 2023 (Unaudited) | September 30, 2022 (Unaudited) | March 31, 2023 (Audited) | Year ended September 30, 2023 (Unaudited) | Consolidated: Quarter ended June 30, 2023 (Unaudited) | September 30, 2022 (Unaudited) | September 30, 2023 (Unaudited) | Half Year Ended September 30, 2022 (Unaudited) | Year ended March 31, 2023 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations | 134.24 | 119.88 | 98.63 | 254.12 | 183.98 | 391.94 | 138.15 | 123.74 | 101.82 | 261.89 | 190.33 | 405.12 |
| 2 | Net Profit for the period ( before Tax and exceptional items) | 109.69 | 97.60 | 73.95 | 207.29 | 133.21 | 289.44 | 113.57 | 101.42 | 77.09 | 214.99 | 139.43 | 302.33 |
| 3 | Net Profit for the period ( before Tax, after exceptional items) | 109.69 | 97.60 | 31.02 | 207.29 | 1,962.32 | 2,119.00 | 113.57 | 101.42 | 34.16 | 214.99 | 1,968.54 | 2,131.89 |
| 4 | Net Profit for the period after Tax (after exceptional items) | 81.29 | 76.31 | 24.16 | 157.60 | 1,569.19 | 1,692.68 | 84.62 | 79.59 | 26.94 | 164.21 | 1,574.71 | 1,704.05 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | (0.02) | (0.02) | 0.14 | (0.04) | 0.29 | (0.09) | (0.02) | (0.02) | 0.14 | (0.04) | 0.29 | (0.09) |
| 6 | Paid-up equity share capital (Face Value ` 5/- each) | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 | 540.00 |
| 7 | Earnings Per Share (of ₹ 5/- each) (Not Annualised) | | | | | | | | | | | | |
| | Basic | 0.15 | 0.14 | 0.22 | 0.29 | 14.53 | 15.68 | 0.78 | 0.69 | 0.25 | 1.52 | 14.58 | 15.78 |
| | Diluted | 0.15 | 0.14 | 0.22 | 0.29 | 14.53 | 15.68 | 0.78 | 0.69 | 0.25 | 1.52 | 14.58 | 15.78 |

Note:
1. The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their meeting held on November 10, 2023.The financial results for the quarter and half year ended September 30, 2023 have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company.
2. The above is an extract of the detailed format of quaterly/annual financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation,2015. The full format of the quarterly financial results is available on the stock exchange websites of BSE (www.bseindia.com) and NSE (www.nseindia.com) and Company's website at http://www.addiindustries.com/
3. There is no change(s) in accounting policies which have impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4. Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of the Board of Directors
Addi Industries Limited
Managing Director

Place: NEW DELHI
Date : November 10, 2023

# दिवाली में गरीबों की खुशी दोगुनी कर रही सरकार: आरके सिंह पटेल

● सांसद ने नि:शुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल वितरण अभियान का किया शुभारंभ

संवाददाता। चित्रकूट



**दीपावली** डबल खुशियों वाली प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 2312 करोड़ रूपये के व्यय भार से देश के 1.75 करोड़ पात्र परिवारों को नि:शुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफ्लि वितरण अभियान का शुभारंभ शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से किया गया। इसी क्रम में जनपद चित्रकूट में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती बंदिता श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष लव कुश चतुर्वेदी, नगर पालिका परिषद चित्रकूट के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रतीकात्मक चेक वितरण किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि रहे बांदा-चित्रकूट सांसद ने कहा कि चित्रकूट भगवान श्री राम की तपोभूमि है। कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा भव्य रूप से दीपोत्सव कार्यक्रम कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक करोड़ 27 लाख 836 कनेक्शन धारकों को एक गैस सिलेंडर दीपावली व होली में फ्री देना निश्चित किया गया है। कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना का सबको मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब सांसद के कूपन के माध्यम से गैस सिलेंडर मिलता था। आज प्रधानमंत्री जी ने मुफ्त में देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार गरीब कल्याण के प्रति संकल्पित है।

# सीडीओ ने दीपावली माटीकला लघु मेले का किया शुभारम्भ



**कानपुर देहात।** महाप्रबन्धक, उप्र माटीकला बोर्ड, लखनऊ के निर्देशानुपालन में कार्यालय-जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, कानपुर देहात द्वारा शुक्रवार से कलेक्ट्रेट परिसर माती में आयेजित माटीकला लघु मेला/बाज़ार का धनतेरस पर्व के अवसर पर शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन द्वारा किया गया। माटीकला शिल्पकारी मेले में विभाग के माध्यम से वित्तपोशित कामगारों द्वारा माटी से निर्मित गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां, डिज़ाइनर दीपक, खिलौने, बर्तन, पानी की बोतलें इत्यादि उपयोगी एवं कलात्मक वस्तुओं का प्रर्दशन किया गया। उप्र सरकार द्वारा वर्तमान परिवेश में प्लास्टिक उत्पादों के बढ़ते प्रसार को कम करने एवं मिट्टी से निर्मित वस्तुओं की मांग को बढ़ावा देने के उद्देष्य से परम्परागत कारीगरों व शिल्पकारों द्वारा माटी से निर्मित वस्तुओं को बढ़ावा देने हेतु दीपावली के षुभ अवसर पर प्रत्येक जनपद में माटीकला शिल्पकारी लघु मेला/बाज़ार लगाए जाने के निर्देश दिए गए है। उक्त मेला में आये आगन्तुकों द्वारा माटी से निर्मित वस्तुओं की बढ़-चढ़ कर खरीदारी की गई।

# दीपावली महोत्सव का हुआ भव्य आगाज़

● श्री चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद की नई पहल

संवाददाता। चित्रकूट





**कलियुग** में पहली बार चित्रकूट धाम में इतनी भव्य और दिव्य दीपावली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसका आगाज जनप्रतिनिधियों और संत महात्माओं की मौजूदगी में किया गया। सांसद बांदा /चित्रकूट आरके सिंह पटेल, मंडल आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा विपिन कुमार मिश्रा, चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी व जिला अधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृतपाल कौर, परिषद के विशेष कार्य अधिकारी एसडीएम पंकज वर्मा, एसडीएम सदर सौरभ यादव,जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, कोऑपरेटिव बैंक बांदा/ चित्रकूट पंकज अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, व महात्मा संत में सन्तोषी अखाड़ा के रामजी दास व दिगंबर अखाड़ा से दिव्यजीवनदास व अन्य राजनीतिक एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में फीता काटकर सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया।

सर्वप्रथम मानिकपुर के आदिवासी लोक कलाकारों द्वारा विशेष गीत प्रस्तुत किया गया । तत्पश्चात राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना गीत व मेला गीत प्रस्तुत किए गए । तत्पश्चात भजन सम्राट पीयूष कैलाश अनुज द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया । बताते चलें कि जनपद चित्रकूट की विरासत व धार्मिक स्थलों का अनुरक्षण व संवर्धन तथा पर्यटन की दृष्टि से विकास करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया है जिसके क्रम जिला अधिकारी अभिषेक आनंद के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय दीपावली महोत्सव का आयोजन किया गया है। दीपावली महोत्सव के तीन दिवसीय विशेष आयोजनों में बुंदेलखंड की लोक कलाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं यहां की लोक संस्कृति जो विलुप्त हो रही है उसको संरक्षित किए जाने का प्रयास होगा।

# बदहाल स्थिति में रैला व हरचंद्रपुर की गौशालाएं, जिम्मेदार बेपरवाह





**कदौरा, जालौन।** ठंड पड़ने लगी है लेकिन ब्लॉक कि स्थाई व अस्थायी गोशालाओं में मवेशियों को ठंड से बचाने के इंतजाम नहीं किए गए है। ज्यादातर गोशालाओं में मवेशियों की क्षमता के अनुपात में शेड भी कम है। ठंड लगने से गोशालाओं में मवेशी बीमार हो रहे है। सितम्बर माह में एनजीटी टीम ने गोशालाओं में अव्यवस्था देखकर नाराजगी जताई थी।

हैरानी की बात तो यह है दीपावली जैसे स्वच्छ त्यौहार पर जहां हर व्यक्ति अपने आवासों की रंगाई पुताई व सफाई करने में पीछे रहता है लेकिन इसके बाद भी गौशालाओं में चहुंओर गंदगी का आलम देखा जा रहा है। यह स्थिति तब है जब प्रदेश सरकार गौवंशों के बेहतर तरीके से संरक्षण के लिये पैसा पानी की तरह बहाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते गौशालाओं की स्थिति में कोई सुधार होता नजर नहीं आ रहा है। डीएम ने 7 नवंबर से 9 नवंबर तक गोशालाओं के निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारियों को नामित किया है, फिर भी व्यवस्थाओं के नाम पर गोशालाओं में गौवंशों को ठंड से बचाव के लिए तिरपाल तो दूर भूसा चारा, पानी की समुचित व्यवस्था भी नहीं है।

# साध्वी ने उज्जवला योजना के लाभार्थियों को सौंपा सिलेंडर

संवाददाता। फतेहपुर



**धनतेरस** पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2312 करोड़ की लागत से प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के 1.75 करोड़ लाभार्थी परिवारों के लिए नि:शुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल वितरण अभियान का शुभारंभ किया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिले की सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, विधायक खागा कृष्णा पासवान, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, सीडीओ सूरज पटेल, एडीएम अविनाश त्रिपाठी की उपस्थिति में देखा व सुना गया।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने जनपद के 197वें स्थापना दिवस पर केक काटकर जनपदवासियों को स्थापना दिवस एवं धनतेरस, दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की लाभार्थी सरोज, ममता, निगार बेगम, रेहाना, गायत्री, रन्नो समेत 11 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक स्वरूप गैस सिलेंडर व सब्सिडी राशि का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी से उज्जवला योजना के रूप में वर्ष 2016 में मिले इस उपहार ने लाखों वंचित एवं गरीब परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराके उन्हें स्वस्थ जीवन की राह पर चलने का मार्ग दिखाया है।

## उज्जवला लाभार्थी महिलाओं को बांटी प्रतीकात्मक चेक



**उरई, जालौन।** सीएम योगी द्वारा लोकभवन लखनऊ से प्रधानमंत्री उज्वला योजनान्तर्गत रुपए 2312 करोड़ के व्यय भार से प्रदेश के 1.75 करोड़ पात्र परिवारों को नि:शुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल वितरण अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना के पात्र लाभार्थियों को प्रतिकात्मक रूप से सब्सिडी राशि का प्रतिकात्मक चेक वितरित किया गया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, जल शक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि उज्वला योजना ने लोगों के जीवन को बचाया है और उनको एक स्वस्थ राह पर चलने का मार्ग भी दिखाया है।

## सब्सिडी चेक का प्रतीक लाभार्थियों को किया गया भेंट



**कानपुर देहात।** प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अन्तर्गत लाभान्वित लाभार्थियों को दो नि:शुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल उपलब्ध कराये जाने के कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में किया गया है। इसी क्रम में आज दिनांक 10 नवम्बर 2023 को जनपद मुख्यालय स्थित ईको पार्क माती में कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीमती प्रतिभा शुक्ला, विधायक, राज्य मंत्री महिला बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, शासन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती नीरज रानी, जिला पंचायत अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं अंकित गोयल, उज्वला नोडल अधिकारी कानपुर देहात आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनपद के गैस एजेन्सी संचालक एवं प्रधानमंत्री उज्वला योजना के लाभार्थी भी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### धरगुवां, गोरा खुर्द परिषदीय विद्यालय निपुण घोषित

**उरई, जालौन।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कक्षा 1 से 3 के बच्चों में भाषा और गणित की निर्धारित दक्षताये सिखाकर बच्चों को निपुण बनाया जा रहा है। डकोर ब्लॉक प्रदेश के उन 100 ब्लाकों में शामिल है जिसके सभी प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को दिसंबर 2023 तक निपुण बनाना है। निपुण लक्ष्य से नियमित आंकलन के बाद शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय धरगुआ, प्राथमिक विद्यालय गोरा खुर्द दोनों प्रधानाध्यापकों ने अपने विद्यालयों को निपुण घोषित कर दिया। पीएस धरगुआ में स्मार्ट टीवी का उदघाटन प्राचार्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर डायट प्राचार्य रवींन्द्र कुमार सर, खण्ड शिक्षाधिकारी डकोर ज्ञान प्रकाश अवस्थी, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) विश्वनाथ दुबे, ग्राम प्रधान गोरा खुर्द बांके बिहारी राजपूत आदि मौजूद रहे।

### पिछले कार्यकाल में खर्च 16 करोड़ रुपये की जांच की मांग

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर पालिका की बोर्ड की बैठक में सदर विधायक ने पहुंचकर विकास संबंधी मामलों पर विशेष चर्चा करते हुए मिनी स्टेडियम के संबंध में शासन स्तर पर सिफारिश करने के बाद बनवाने का आश्वासन दिया है और वही एक वरिष्ठ सभासद ने पिछली पंचवर्षीय में कराए गए निर्माण कार्य व खरीदारी के 16 करोड रुपए खर्च किए गए बजट पर की जांच की मांग की है। नगर पालिका परिषद मौदहा के मीटिंग हॉल पर बोर्ड की बैठक प्रस्तावित की गई थी जिस पर शुक्रवार को पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद ने बोर्ड की अध्यक्षता करते हुए सभी प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई इस कार्यक्रम में सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति ने सभी चर्चाओं पर गहनता पूर्वक मामले को सुनते हुए शासन ,जिला स्तरीय पालिका से संबंधित मामलों को निस्तारण करने का आश्वासन दिया वार्ड 14 की सभासद शिव कुमार सोनी ने नगर में एक भी मिनी स्टेडियम न होने का मुद्दा उठाते हुए विधायक से जल्दी ही स्टेडियम बनवाए जाने के लिए मांगकी है तो वही पूर्व में नगर पालिका 16 करोड रुपए का बजट व्यय किए जाने के संबंध में वार्ड नंबर 13 के सभासद ने जांच कराने की मांग की है।

### महिला का हत्यायुक्त शव मिलने से सनसनी

**बिंदकी, फतेहपुर।** शुक्रवार की सुबह एक 35 वर्षीय महिला का हत्यायुक्त शव नहर पटरी पर मिला है। लाश से सिर और हांथ गायब हैं। जंगल की ओर गए ग्रामीणों ने महिला की लाश पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। सनसनीखेज वारदात की खबर मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ एसपी ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। हालांकि अभी तक महिला की पहचान नहीं हो सकी है। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कोरसम गांव के लोग शुक्रवार सुबह टहलने के लिए गए थे। ग्रामीण घूमते-फिरते गांव के बाहर जंगल पहुंच गए। इस दौरान जैसे ही रामगंगा नहर पटरी पर पहुंचे तो देखा कि एक महिला का शव पड़ा है। महिला के शरीर से सिर और दोनों हांथ गायब थे।

### डीएम ने बच्चों को उपहार देकर दीपावली का त्यौहार मनाया



**उरई, जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मड़ोरा, आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के साथ दीपावली त्यौहार मनाया। उन्होंने उपहार स्वरूप बच्चों को स्वेटर, पानी की बोतल, चाकलेट, दीपक, मिठाई आदि वितरित करने के साथ ही उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी व उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों को दीपावली त्यौहार, भाईदूज आदि त्यौहारों को अपने परिवार सहित हर्षोल्लास के साथ मनाएं।

### चिकित्सक की पत्नी की चेन लूटने का किया प्रयास

**फर्रुखाबाद।** शाम को टहलने निकलीं चिकित्सक की पत्नी की चेन बाइक सबार बदमाशों नें लूटने का प्रयास किया। घटना सीसीटीवी में कैद हुई। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। मामले में पुलिस को 24 घंटे बाद भी तहरीर नही मिली है ।थाना कादरी गेट के आवास विकास निवासी एक नाक-कान व गला रोग विशेषज्ञ का अस्पताल है।

# परंपरागत ढंग से दोआबा में मनाया धनतेरस का पर्व

● देर रात तक गुलजार रहीं बाजारें, महंगाई का नहीं दिखा असर

● सोने-चांदी के आभूषण सहित अन्य सामानों की जमकर हुई खरीददारी

संवाददाता। फतेहपुर



**जनपद** में धनवंतरि (धनतेरस) महापर्व आज धूमधाम से मनाया गया। परम्परागत ढंग से लोगों ने विभिन्न धातुओं से निर्मित वस्तुएं खरींदी। खासकर आभूषणों और बर्तनों की दुकानों में ज्यादा भीड़ रही। जनपद मुख्यालय की मुख्य बाजार चौक में अर्द्धरात्रि के बाद भी खरीददारों की खासी भीड़ जमा थी और लोग दुकानों में अपनी-अपनी पसंद का सामान खरीदने के लिए पहुँचे। धनतेरस का पर्व अपने आपमें एक परम्परा का अंग है, जो दीपावली के दो दिन पूर्व मनाया जाता है। धन के देवता कुबेर एवं मृत्यु देवता यमराज की सनातन धर्म के अनुयायियों ने पूजा-अर्चना कर गृहस्थी में धन सम्पदा अर्जित करने के लिए सोने-चांदी के जेवरात, सिक्के एवं गृहस्थी के सामानों की खूब जमकर खरीदारी कर धार्मिक त्योहार की परम्पराओं का निर्वहन किया। धनतेरस पर चौक बाजार की व्यस्तता एक बार फिर शीर्षता को स्पर्श कर रही थी। धातु बाजार में तो जैसे तिल भर की भी जगह नहीं बची थी।

# 121 मोबाइल बरामद कर उनके धारकों को सौंपे

**फर्रुखाबाद।** गुम हुए मोबाइलों को बरामद कर उनके मालिकानों को सुपुर्द कर दिया गया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने फ़तेहगढ़ स्थित पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान दी। एसपी ने बताया कि जो मोबाइल गिर जाते है या खो जाते है जिनकी सूचना उनके मालिक देते है उनको भी हम बरामद भी करते है इसी क्रम में इस बार 121 मोबाइल फ़तेहगढ़ पुलिस ने बरामद किये है। जिसकी कीमत लगभग 25 लाख रुपये के लगभग है। इससे पहले हमने 151 मोबाइल बरामद कर उनके मालिकानों को सुपुर्द किये थे बरामद सभी 121 मोबाइलों को उनके मालिकानों को सुपुर्द कर दिये है।

# इंडियन बैंक में 3 लाख की चेक का अन्य व्यक्ति को कर दिया भुगतान

**रामपुरा, जालौन।** नगर में स्थित इंडियन बैंक में वर्तमान में तीन लाख की चौक के भुगतान को लेकर बैंक की लापरवाही सामने आई हैं। जिसको लेकर उपभोक्ता ने शाखा प्रबंधक से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की हैं। नगर की इंडियन बैंक में संचालन के प्रति लापरवाही सामने आई हैं। इंडियन बैंक की खाता धारक गरिमा सक्सेना ने इटावा निवासी अपने रिश्तेदार प्रशांत को तीन लाख रुपये की एकाउंट पे इंडियन बैंक की चेक दी थी। जो प्रशांत द्वारा बीओबी बैंक में चौक का पैसा अपने खाते में जमा के लिए लगाई थी। पैसा तो प्रशांत के खाते में नही पहुंचा, परन्तु एकाउंट पे चौक का रामपुरा शाखा से नगद भुगतान कर दिया गया। जो कही न कही नगर की इंडियन बैंक की उपभोक्ताओं के साथ होने वाले भ्रष्टाचार का जीता जागता सबूत है। खाता धारक गरिमा सक्सेना के पति जयदीप सक्सेना ने बताया कि जो चेक प्रशांत को दी गई थी, वही चौक इंडियन बैंक से दूसरे को नगद भुगतान कर दी गई। जो उनकी बगैर जानकारी के हुआ हैं। बीओबी बैंक में लगाई गई चौक रामपुरा बैंक में कैसे आ गई तथा तीन लाख की बड़ी रकम का भुगतान वही इतनी बड़ी लापरवाही के चलते कैसे कर दिया गया।

# पेज एक का शेष

## भारत ने...

ऑस्टिन के उनसे संयुक्त रूप से मुलाकात किए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी वास्तव में वैश्विक भलाई के लिए एक ताकत है। मोदी के साथ ब्लिंकन और ऑस्टिन की बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद थे। मोदी ने एक्स पर कहा, ब्लिंकन और ऑस्टिन से मुलाकात करके खुशी हुई। टू प्लस टू प्रारूप भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने वाला में महत्वपूर्ण है। भारत और अमेरिका ने रक्षा उत्पादन, अहम खनिजों और उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाकर अपनी वैश्विक रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए व्यापक वार्ता की, जिसमें इजराइल-हमास संघर्ष के कारण पैदा हो रही स्थिति और हिंद-प्रशांत में चीन के सैन्य शक्ति प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारत-अमेरिका टू प्लस टू विदेश और रक्षा मंत्री स्तरीय वार्ता रूस-हमास युद्ध और पश्चिम एशिया में हमास एवं इजराइल के बीच बढ़ रहे संघर्ष के कारण बढ़ती भूराजनीतिक उथल-पुथल के बीच हुई। बातचीत के अंत में जयशंकर ने इस वार्ता को ठोस बताया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हमारे एजेंडे में हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर बात की गई। इसमें हमारे रक्षा संबंधों को मजबूत करने, अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी में आगे बढ़ना, भविष्य में साजो-सामान संबंधी सहयोग और लोगों के आपसी संबंधों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा, हिंद-प्रशांत, दक्षिण एशिया, पश्चिम एशिया और यूक्रेन संघर्ष पर भी दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया। बहुपक्षीय क्षेत्र में हमारे सहयोग और इसमें ग्लोबल साउथ को शामिल करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। जयशंकर ने टेलीविजन पर प्रसारित टिप्पणी में कहा कि यह बातचीत एक भविष्योन्मुखी साझेदारी और एक साझा वैश्विक एजेंडा बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का अवसर होगी। ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच मजबूत साझेदारी है और दोनों पक्ष भविष्य पर प्रभाव डालने वाले मामलों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत कर रहे हैं और विशेष रूप से नियम-आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देने, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता एवं स्वतंत्रता के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं। रक्षा क्षेत्र में हमारा सहयोग इस कार्य का अहम स्तंभ है। ब्लिंकन ने कहा, हम जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के जरिए हमारी साझेदारी को मजबूत करने समेत कई कदम उठाकर एक मुक्त एवं खुले, समृद्ध, सुरक्षित और लचीले हिंद-प्रशांत को बढ़ावा दे रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्ष अहम प्रौद्योगिकियों, असैन्य बाह्य अंतरिक्ष क्षेत्र और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे नए क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाश रहे हैं तथा स्थापित क्षेत्रों में अपने सहयोग को बढ़ा रहे हैं। उन्होंने जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा और जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सितंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के भारत आने का भी उल्लेख किया। जयशंकर ने कहा, इस वर्ष का मुख्य आकर्षण जून में प्रधानमंत्री (मोदी) की अमेरिका की राजकीय यात्रा थी, जिसने वास्तव में हमारे संबंधों में एक नया अध्याय खोला है। राष्ट्रपति बाइडन की सितंबर में दिल्ली यात्रा ने सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रहे हमारे संबंधों में बहुत योगदान दिया। जयशंकर ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन का उपयोगी परिणाम सुनिश्चित करने में राष्ट्रपति बाइडन का योगदान अहम है। उन्होंने कहा, आज की बातचीत हमारे नेताओं के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का अवसर देगी, यह ऐसे समय में दूरदर्शी साझेदारी बनाने में मदद करेगी, जब हम साझा वैश्विक एजेंडा बना रहे हैं। उन्होंने कहा, जैसा कि हमने पहले किया है, हम टू प्लस टू में रणनीतिक एवं रक्षा संबंधों, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग और लोगों के आपसी संबंधों का व्यापक अवलोकन करेंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा, यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब हम द्विपक्षीय एजेंडे के सभी पहलुओं में तेजी से आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। हमारा व्यापार आज 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है, दोनों दिशाओं में एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) बढ़ रहा है। सिंह ने अपनी टिप्पणी में कहा कि भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों में रणनीतिक झुकाव को लेकर रुचि बढ़ी है और रक्षा हमारे संबंधों के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक है। उन्होंने कहा, कई उभरती भूराजनीतिक चुनौतियों के बावजूद हमें अहम एवं दीर्घकालिक मामलों पर अपना ध्यान केंद्रित रखने की आवश्यकता है। एक मुक्त, स्वतंत्र एवं नियम आधारित हिंद प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए हमारी साझेदारी अहम है। उन्होंने कहा, हम क्षमता निर्माण के लिए रक्षा के क्षेत्र में अमेरिका के साथ मिलकर काम करने और ऐसी स्थाई साझेदारी के लिए उत्सुक हैं, जो उभरती चुनौतियों का समाधान कर सके। अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने कहा कि तत्काल चुनौतियों के मद्देनजर यह पहले से भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश विचारों का आदान-प्रदान करें, साझा लक्ष्य तलाशें और हमारे लोगों के लिए काम करें। ऑस्टिन ने कहा, हमने पिछले वर्ष हमारी अहम रक्षा साझेदारी के निर्माण में प्रभावशाली प्रगति की है और इससे हमें शांति और स्थिरता में और भी अधिक योगदान देने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हम अपने औद्योगिक आधारों को एकीकृत कर रहे हैं, मिलकर काम करने की अपनी प्रणाली को मजबूत कर रहे हैं और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को साझा कर रहे हैं। हमारे सहयोग का दायरा बहुत व्यापक है। यह समुद्र तल से अंतरिक्ष तक फैला हुआ है। उन्होंने कहा, हमारी साझेदारी की ताकत लोगों के आपसी संबंधों में निहित है जो हमारी लंबे समय से चली आ रही दोस्ती का आधार है। हमारे राजनयिक, उद्यमी और छात्र स्वच्छ ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अर्धचालक सहित नए क्षेत्रों में हमारी साझेदारी का विस्तार कर रहे हैं। ऑस्टिन ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच लगातार मजबूत होते संबंध इस साझेदारी के भविष्य और अधिक सुरक्षित दुनिया की दिशा में हमारे साझा प्रयासों को लेकर पूरी उम्मीद जगाते हैं।

## मौसम ने...

कहा था कि पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद हवा की गति 11 नवंबर को लगभग 15 किलोमीटर प्रति घंटे हो जाएगी, जिससे दीपावली से पहले प्रदूषक तत्वों के तितर-बितर होने की संभावना है। दिल्ली में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) प्रदूषण के स्रोतों की पहचान करने वाले डिसीजन सपोर्ट सिस्टम के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को 38 प्रतिशत प्रदूषण के लिए पड़ोसी राज्यों, विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा में पराली जलाए जाने से निकला धुआं जिम्मेदार था। शहर में प्रदूषण के स्तर में पराली जलाने की घटनाओं का योगदान बृहस्पतिवार को 33 प्रतिशत रहा, जबकि शुक्रवार को इसके 16 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आंकड़ों में परिवहन को भी वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण बताया गया है, जो दिल्ली की बिगड़ती आबोहवा में 12 से 14 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान संगठन के प्रधान वैज्ञानिक विनय कुमार सहगल ने अनुमान लगाया कि वर्षा के कारण अगले दो-तीन दिन पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाएं कम होंगी। दिल्ली सरकार शहर में वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर से निपटने के लिए 20 या 21 नवंबर को कृत्रिम बारिश की योजना बना रही है। इससे संबंधित एक प्रस्ताव उच्चतम न्यायालय को सौंपा जाएगा, जो वायु प्रदूषण बढ़ने की समस्या से जुड़ी कई याचिकाओं की सुनवाई कर रहा है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार दिल्ली में ऐप आधारित टैक्सियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## मध्य प्रदेश...

में भाजपा 173 सीटों के साथ विजयी हुई। दो दशकों के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह जैसे भाजपा के दिग्गजों ने 2023 में दिग्विजय सिंह के कार्यकाल (1993-2003) के दौरान राज्य की स्थिति का उल्लेख करने के लिए 'श्रीमान बंटाधार' का उपयोग किया है। इस चुनाव में भाजपा मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रमुख कमलनाथ को 'भ्रष्टाचारनाथ' कहती है, जबकि कांग्रेस ने राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के लिए 'शिवराज का मिशन, 50 प्रतिशत कमीशन' के साथ पलटवार किया है। कांग्रेस भी कई नारे लेकर आई, जैसे 'बधाई हाथ, फिर कमल नाथ', 'बीजेपी हटाओ, सम्मान बचाओ' और '50 फीसदी कमीशन की सरकार, इसलिए युवा बेरोजगार।' पीएम मोदी भी अपनी रैलियों में कहते थे 'गरीब की जेब साफ और काम आधा।' हालांकि, राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि इस चुनाव में कोई भी नारा पिछली बार के 'माफ़ करो महाराज, हमारा नेता शिवराज' जितना लोकप्रिय नहीं हुआ। इसकी वजह यह भी हो सकती है कि भाजपा ने मध्य प्रदेश में कोई सीएम चेहरा पेश नहीं किया। यह 'एमपी के मन में मोदी, एमपी के मन में एमपी' लेकर आया है। इस चुनाव में इस नारे का आधा हिस्सा पीएम खुद बोलते हैं, जबकि आधा हिस्सा जनता बोलती है. वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक टिप्पणीकार रशीद किदवई ने कहा कि आकर्षक नारे प्रचारकों को प्रमुख बिंदुओं को सहजता से समझाने में मदद करते हैं। किदवई ने कहा, ..लेकिन नारों का भी बूमरैंग का इतिहास है। 2018 में ज?योतिरादित?य सिंधिया के खिलाफ 'माफ करो महाराज' का प्रभावी ढंग से उपयोग किया गया था, लेकिन 2023 में, सिंधिया का महाराज टैग एक और नारे के साथ वापस आ गया है। भाजपा विरोधी पार्टी को तीन गुटों- 'शिवराज, महाराज और नाराज (असंतुष्ट)' वाली पार्टी करार दे रहे हैं। एमपी कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने कहा कि राज्य में 'फर्जी' जुमलों के साथ भाजपा के 'महंगे' विज्ञापन अभियान ने नारों की विश्वसनीयता खत्म कर दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कारण मध्य प्रदेश में पिछले 20 वर्षों में नारों ने अपनी प्रासंगिकता और विश्वसनीयता खो दी है। हमारा एकमात्र नारा है 'भ्रष्टाचार के खिलाफ, वक्त है बदलाव का। वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक टिप्पणीकार गिरजा शंकर ने नारों के बदलते परिदृश्य का श्रेय रचनात्मक स्थान के व्यावसायीकरण को दिया। उन्होंने कहा कि जो बुद्धिजीवी अभियान के नारे बनाने के लिए राजनीतिक दलों से जुड़े होते थे, उनकी जगह अब सलाहकार कंपनियों ने ले ली है। नारों में भावनात्मक स्पर्श होता था लेकिन बुद्धिजीवियों की भूमिका खत्म कर दी गई है। शंकर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक दलों का बुद्धिजीवियों और साहित्यकारों के साथ संवाद खत्म हो गया है। शंकर ने कहा, पहले साहित्यिक रुचि वाले लोग नारे लिखते थे, जो जनता को आकर्षित करते थे। उन्होंने 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है' या 'जात पर न बात पर मोहर लगेगी हाथ पर, इंदिरा जी की बात पर' का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे लोग अब चुनावी प्रक्रिया से बाहर हैं। वरिष्ठ पत्रकार ने कहा कि यह मनमुटाव इसलिए भी स्पष्ट है क्योंकि राजनेता संसद या उसके बाहर अपने भाषणों में 'मर्यादा' खो चुके हैं। दूसरी ओर, मध्य प्रदेश में राजनीतिक चर्चा प्रतिष्ठित फिल्म 'शोले' के 'जय-वीरू' और 'गब्बर सिंह' और 'मेरे अपने' के 'श्याम' और 'छैनू' जैसे लोकप्रिय किरदारों पर उनके माध्यम से समानताएंभारी पड़ी, जिसमें राजनेता भी शामिल रहे।. इस चुनाव में राजनीतिक संवादों और संदर्भों में महाकाव्य रामायण और महाभारत के संदर्भ भी शामिल थे। मध्य प्रदेश विधानसभा की 230 सीटों के लिए 17 नवंबर को मतदान होना है।

# इजराइल-गाजा संघर्ष में प्रतिदिन एक से अधिक पत्रकार की मौत

## ●रोकने की मांग

भाषा। क्वींसलैंड

**कमेटी टू प्रोटेक्ट** जर्नलिस्ट्स के अनुसार, 1992 में संगठन द्वारा आंकड़ों की गिनती शुरू करने के बाद से गाजा–इजरायल युद्ध मीडिया कर्मियों के लिए सबसे घातक संघर्ष रहा है। लेखन के समय, समिति ने कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से एक महीने में कम से कम 39 पत्रकार और मीडियाकर्मी मारे गए हैं। रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने संख्या को थोड़ा अधिक 41 बताया है। लेकिन मृत्यु दर इतनी अधिक है – प्रति दिन एक से अधिक – आशंका है कि जब तक आप इसे पढ़ेंगे तब तक और अधिक लोग मारे जा चुके होंगे। गाजा पर इजरायल के हमलों में मारे गए पीड़ितों में ज्यादातर फ़लस्तीनी पत्रकार और मीडियाकर्मी हैं, लेकिन उनमें चार इजरायली भी शामिल हैं, जिनकी हमास ने 7 अक्टूबर को अपने शुरुआती सीमा पार हमले में हत्या कर दी थी, और एक बेरूत–आधारित वीडियोग्राफर दक्षिण लेबनान में मारा गया था। गोलाबारी में उनकी मृत्यु हो गई, जिसमें छह अन्य पत्रकार भी



घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि गोलाबारी इज़राइल की तरफ से हुई और स्पष्ट रूप से चिह्नित वाहनों और बॉडी आर्मर में पत्रकारों के एक समूह को निशाना बनाया गया। एक पल के लिए रुककर यह याद रखना उचित है कि ए महज़ संख्याएँ नहीं हैं। प्रत्एक पीड़ति का एक नाम, रिश्तेदार, प्रियजन और एक कहानी है। समिति के पास उन सभी लोगों की एक सूची है जो मारे गए हैं, घायल हुए हैं या लापता हैं। मृतकों में अंतरराष्ट्रीय समाचार सेवाओं के लिए काम करने वाले फ़लस्तीनी स्वतंत्र पत्रकार और अन्य लोग शामिल हैं जो स्थानीय समाचार आउटलेट्स के लिए काम करते हैं। कई लोग अपने घरों पर हवाई हमलों में मारे गए हैं, कुछ अपने बच्चों और परिवारों के साथ हमलों के शिकार हुए हैं। इज़रायली रक्षा बलों का कहना है कि वे पत्रकारों को निशाना नहीं बनाते हैं, लेकिन रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स का कहना है कि युद्ध समाचारों को कवर करते समय कम से कम दस लोग मारे गए हैं। निस्संदेह, एक पत्रकार का जीवन किसी भी अन्य नागरिक से अधिक मूल्यवान नहीं है, और ऐसे भयावह हिंसक संकट में, जिसमें पहले ही 10,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि उनमें से कुछ पत्रकार होंगे। लेकिन इस बात के बढ़ते सबूत हैं कि पत्रकारों को निशाना बनाया गया, परेशान किया गया, पीटा गया और धमकाया गया। पत्रकारों की सुरक्षा के लिए गठित समिति की सूची अधिकांश घटनाओं के लिए इजरायली अधिकारियों को दोषी ठहराती है। 12 अक्टूबर को, इज़राइली पुलिस ने तेल अवीव में बीबीसी पत्रकारों के एक समूह पर हमला किया और उन्हें बंदूक की नोक पर रखा। बीबीसी ने कहा कि पत्रकार मुहन्नद टुटुनजी, हैथम अबुदियाब और उनकी बीबीसी अरबी टीम स्पष्ट रूप से "टीवी" अंकित वाहन चला रहे थे, और टुटुनजी और अबुदैब दोनों ने अपने प्रेस कार्ड भी दिखाए। 16 अक्टूबर को, इजरायली पत्रकार और स्तंभकार इज़राइल फ्रे इसके एक दिन पहले उनके घर पर अति–दक्षिणपंथी इजरायलियों की भीड़ द्वारा हमला किए जाने के बाद छिप गए थे। भीड़ जाहिर तौर पर गाजा में फ़लस्तीनियों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए लिखे गए एक कॉलम से नाराज थी। 5 नवंबर को, इजरायली पुलिस ने उत्तरी वेस्ट बैंक के नब्लस में 30 वर्षीय स्वतंत्र फ़लस्तीनी पत्रकार सोमाया जवाबरा को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें जांच के लिए उनके पति, पत्रकार तारिक अल–सरकाजी के साथ बुलाया गया था। उनके पति को बाद में रिहा कर दिया गया, लेकिन सात महीने की गर्भवती जवाबरा अब भी हिरासत में हैं।

### अमेरिका : गाजा में संघर्ष-विराम की मांग को लेकर मीडियाकर्मियों ने किया प्रदर्शन

**न्यूयॉर्क।** गाजा में तत्काल संघर्ष–विराम की मांग को लेकर न्यूयॉर्क स्थित द न्यूयॉर्क टाइम्स के कार्यालय की लॉबी में फलस्तीन समर्थकों ने प्रदर्शन किया और इजराइल–हमास युद्ध को कवर करते समय निष्पक्ष खबरें नहीं दिखाए जाने का आरोप लगाया। सैकड़ों प्रदर्शनकारी मीडिया संस्थान के मैनहट्टन स्थित कार्यालय में एकत्र हुए। इनमें से कई लोग इमारत के प्रांगण में आ गए और एक घंटे से अधिक समय तक धरना दिया। यह प्रदर्शन मीडियाकर्मियों के राइटर्स ब्लॉक नामक एक समूह के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शनकारियों ने गाजा में मारे गए हजारों फलस्तीनियों का जिक्र किया, जिनमें कम से कम 36 पत्रकार शामिल हैं। उन्होंने एक छद्म समाचार पत्र– द न्यूयॉर्क वॉर क्राइम्स के संस्करण बांटे, जिसमें मीडिया पर नरसंहार को वैध बनाने में संलिप्तता का आरोप लगाया गया है और टाइम्स के संपादकीय बोर्ड से संघर्ष–विराम का सार्वजनिक प से समर्थन करने की मांग की गई है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बृहस्पतिवार को किए गए इस प्रदर्शन के दौरान किसी को गिरफ्तार किया गया या नहीं। इससे पहले भी अमेरिका में विभिन्न समूहों ने गाजा में जारी इजराइल के हमलों के खिलाफ प्रदर्शन किए हैं। हमास शासित गाजा प्रशासन के अनुसार, गाजा में युद्ध के दौरान 10,800 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। हमास ने इजराइल पर सात अक्टूबर को अप्रत्याशित हमला किया था, जिसके बाद से दोनों पक्षों में युद्ध छिड़ गया। हमास के हमलों में इजराइल में कम से कम ।,400 लोगों की मौत हो चुकी है।

### चीन ने कहा-दलाई लामा के उत्तराधिकारी को उसकी मंजूरी की जरूरत होगी

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को कहा कि तिब्बती आध्यात्मिक गुरु 88 वर्षीय दलाई लामा का कोई भी उत्तराधिकारी देश के अंदर से होना चाहिए और उसे इसकी अनुमति लेनी होगी। चीन ने भारतीय सीमा के नजदीक बुनियादी ढांचा विकास को रेखांकित करते हुए, सामरिक रूप से महत्वपूर्ण तिब्बत क्षेत्र को दक्षिण एशिया का द्वार करार दिया। चीन सरकार ने एक श्वेत पत्र में कहा है कि दलाई लामा और पंचेन रिनपोचे सहित तिब्बत में रह रहे सभी अवतरित बुद्ध को देश के अंदर से ही (उत्तराधिकारी) ढूंढना होगा, सोने के कलश से लॉटरी निकालने की परंपरा के जरिए निर्णय लेना होगा, और केंद्र (चीन) सरकार की मंजूरी लेनी होगी।

**JINDAL LEASEFIN LIMITED**
CIN: L74899DL1994PLC059252
Regd. Office: 110, Babar Road, New Delhi 110001

EXTRACT OF STATEMENT OF STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30.09.2023 (Rs. in Lacs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2023 Unaudited | 30.06.2023 Unaudited | 30.09.2022 Unaudited | 30.09.2023 Unaudited | 30.09.2022 Unaudited | 31.03.2023 Audited |
| 1 | Total Income from Operations | - | 0 | - | - | - | 0 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period ( before Tax, Exceptional and/or extraordinary Items#) | -1.41 | -5.36 | -3.19 | -6.78 | -8.41 | -11.92 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or extraordinary Items#) | -1.41 | -5.36 | -3.19 | -6.78 | -8.41 | -11.92 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or extraordinary Items#) | 2.02 | -7.03 | -10.68 | -5.02 | -7.29 | -10.1 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)) | 13.43 | 5.29 | 1.4 | 18.71 | 5.61 | 5.36 |
| 6 | Equity Share capital | 300.89 | 300.89 | 300.89 | 300.89 | 300.89 | 300.89 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | 514.09 | 500.66 | 495.63 | 514.09 | 495.63 | 495.37 |
| 8 | Earning per Share (face Value of Rs. 10/- each)(not annualised) 1. Basic | 0.06 | -0.23 | -0.03 | -0.17 | -0.24 | -0.34 |
| | 2. Diluted | 0.06 | -0.23 | -0.03 | -0.17 | -0.24 | -0.34 |

NOTE :
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/Annual financial Results are available on the Stock Exchange website www.bseindia.com . The same is also available on the Company's website www.jlltd.co.in
2. The above results duly reviewed by the Audit Committee, were approved by the Board of Directors in their meeting held on 10.11.2023.

For Jindal Leasefin Limited
Sd/-
(SURENDER KUMAR JINDAL)
Managing Director

Date : 10.11.2023
Place : New Delhi

## शिफा अस्पताल में शरण लिए हुए हजारों फलस्तीनी नागरिक लोग हमले के बाद भागे



**खान यूनिस।** गाजा के उत्तरी युद्ध क्षेत्र से जान बचाकर भाग रहे फलस्तीनी नागरिकों ने कहा कि गाजा शहर के मध्य में स्थित शिफा अस्पताल में शरण लिए हुए हजारों लोग रात भर हुए धमाकों के बाद वहां से भाग गए। इजराइल-हमास के बीच चल रहे युद्ध के बीच अस्पताल में 80,000 लोग शरण लिए हुए थे। अस्पताल से शुक्रवार को भागे लोगों में से कुछ ने कहा कि इमारत में सैकड़ो बुरी तरह से घायल मरीज और चिकित्सक ही रह गए है। वहीं, फोन और इंटरनेट सेवा बाधित होने के चलते शिफा के अस्पताल के चिकित्सकों से टिप्पणी के लिए संपर्क नही हो पाया।

## सिख-अमेरिकी जग बैंस ने बिग ब्रदर जीतकर इतिहास रचा

**लॉस एंजिलिस।** वाशिंगटन के एक उद्यमी और ट्रक कंपनी के मालिक जग बैंस ने रियलिटी शो बिग ब्रदर जीतने वाला पहला सिख-अमेरिकी बनकर इतिहास रच दिया। बैंस (25) ने पेशेवर तैराक मैट क्लॉट्ज और डीजे बॉवी जेन को हराकर 100 दिवसीय कार्यक्रम में शीर्ष स्थान हासिल किया। बैंस अमेरिका में बिग ब्रदर हाउस में प्रवेश करने वाले पहले सिख-अमेरिकी थे और अब वह अंतरराष्ट्रीय रियलिटी सीरीज के 25वें सीज़न में अमेरिकी संस्करण में जीत हासिल करने वाले पहले सिख-अमेरिकी बन गए है। बिग ब्रदरै ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल पर कार्यक्रम के परिणामों की घोषणा की। बैंस को 7,50,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। बैंस ने कार्यक्रम के अंत में होस्ट जूली चेन-मूनवेज़ से कहा,और यह सीजन हमारे नामउउ हमारे बीबी25 प्रतिभागियो को बधाई और धन्यवादउ बैंस अबै बिग ब्रदरै के अमेरिकी संस्करण में इतिहास रचने वाले लगातार तीसरे विजेता है। 2021 में, जेवियर प्रैथर कार्यक्रम में जीत हासिल करने वाले पहले अश्वेत व्यक्ति बने थे, जबकि उससे पिछले साल टेलर हेल शो जीतने वाली पहली अश्वेत महिला बनी थी।

# बाइडन, शी व्यापार, ताइवान और अमेरिका-चीन संबंधों पर वार्ता करेंगे

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग व्यापार, ताइवान तथा वाशिंगटन–बीजिंग संबंधों पर वार्ता करने के लिए कैलिफोर्निया में बुधवार को एक बैठक करेंगे। करीब एक साल में, विश्व के दोनों सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं के बीच यह पहली बैठक होगी। व्हाइट हाउस ने कहा है कि कई हफ्तों से यह अनुमान लगाया जा रहा था कि बाइडन और शी सैन फ्रांसिस्को में एशिया–प्रशांत आर्थिक सहयोग सम्मेलन (एपेक) से इतर बैठक करेंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केरीन जीन पियरे ने एक बयान में कहा कि दोनों नेता संवाद के माध्यमों को बरकरार रखने को महत्व देने और प्रतिस्पर्धा को जिम्मेदारी के साथ प्रबंधित करने तथा साझा हितों, खासतौर पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रभावित करने वाली चुनौतियों पर साथ मिलकर काम करने पर चर्चा करेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के आमंत्रण पर शी एपेक में मंगलवार से 17 नवंबर तक शरीक होंगे और अमेरिका–चीन शिखर बैठक में भाग लेंगे। बाइडन प्रशासन के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि दोनों नेता सैन फ्रांसिस्को बे इलाके में बैठक करेंगे, लेकिन सुरक्षा चिंताओं के कारण और ब्योरा देने से इनकार कर दिया।

## पाकिस्तानी उच्चतम न्यायालय मृत्युदंड के विरूद्ध मुशर्रफ की अपील पर सुनवाई के लिए राजी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने 2019 में राजद्रोह के मामले में सुनाई गई मौत सजा के खिलाफ पूर्व सैन्य तानाशाह (अब दिवंगत) परवेज मुशर्फ द्वारा की गई अपील पर सुनवाई करने का शुक्रवार को फैसला किया। मुशर्फ ने चार साल पहले यह अपील दाखिल की थी। उनका इस साल पांच फरवरी को निधन हो गया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने अपनी खबर में लिखा, पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इशा की अगुवाई वाली चार सदस्ईय बड़ी पीठ ने उस विशेष अदालत को भंग किए जाने के फैसले के विरूद्ध अपील पर सुनवाई की जो पहले मुशर्फ राजद्रोह मामले की सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति इशा, न्यायमूर्ति सैयद मंसूर अली शाह, न्यायमूर्ति अमीनुद दिन खान और न्यायमूर्ति अतहर मिनाल्लाह की पीठ ने लाहौर उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ विभिन्न बार और वकीलों की याचिकाओं पर सुनवाई की। लाहौर उच्च न्यायालय ने मुशर्फ के खिलाफ सुनवाई को अमान्य करार दिया था।न्यायमूर्ति वकार अहमद सेठ, न्यायमूर्ति नजर अकबर और न्यायमूर्ति शाहिद करीम की विशेष न्यायाधीश अदालत ने 17 दिसंबर, 2019 को एक के मुकाबले दो के मत से मुशर्फ को संविधान का उल्लंघन करने को लेकर अनुच्छेद छह के तहत राजद्रोह का दोषी पाया था और उन्हें उनकी गैर हाजिरी में मृत्युदंड सुनाया था।इस फैसले पर देश की शक्तिशाली सेना खफा हो गई थी। पाकिस्तान के पिछले 75 साल के अस्तित्व में ज्यादातर समय सेना का ही सत्ता में कब्जा रहा है। पाकिस्तान में यह पहली बार था कि एक पूर्व शीर्ष सैन्य अधिकारी को ऐसी सजा का सामना करना पड़ा। बाद में लाहौर उच्च न्यायालय ने इस सजा को निरस्त कर दिया।अखबार के अनुसार मुशर्फ की मौत के नौ महीने बाद शुक्रवार को सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि क्यों पिछले चार सालों में अपील पर सुनवाई तय नहीं की गई।

## हूती विद्रोहियों के हालिया हमलों के बाद युद्धग्रस्त यमन में इंटरनेट सेवा ठप

**दुबई।** युद्धग्रस्त राष्ट्र यमन में बृहस्पतिवार मध्यरात्रि को बिना किसी स्पष्टीकरण के इंटरनेट सेवा ठप हो गई। वेबसाइट पर निगरानी रखने वाली एक संस्था ने यह जानकारी दी।

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given that my client Virender Singh is in process to purchase the Property No. G-12, Area Measuring 50 Sq. Yds., Part of Khasra No. 109 & 110, situated at Village Gokalpur in the abadi of G-Block, Ganga Vihar, Illaqua Shahdara, Delhi-94 (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Limited) from Anju Jain who is the owner by virtue of Agreement to sell dated 9/5/00 executed by pushpa devi
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned. **Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

## क्या शनि के छल्ले 2025 तक गायब हो जाएंगे खगोलशास्त्री की राय

भाषा। क्वींसलैंड

**यदि आपके** पास एक दूरबीन हो तो आसमान में वलय वाले ग्रह – शनि से भी ज्यादा शानदार कुछ दृश्य हैं।वर्तमान में, शनि शाम के आकाश में सूर्यास्त के तुरंत बाद अपने उच्चतम स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। सौरमंडल के छठे ग्रह और उसके प्रसिद्ध छल्लों का अच्छा दृश्य देखने के लिए टेलीस्कोप या दूरबीन का उपयोग करने का यह आदर्श समय है। लेकिन पिछले कुछ दिनों में सोशल मीडिया पर कई लेख जंगल की आग की तरह फैल गए हैं। उन लेखों का दावा है कि शनि के छल्ले तेजी से गायब हो रहे हैं – और 2025 तक गायब हो जाएंगेउ तो कहानी क्या है? क्या अगले कुछ महीने, इससे पहले कि शनि शाम के आकाश में दृश्य से ओझल हो जाए, वास्तव में इसके शक्तिशाली छल्लों को देखने का हमारा आखिरी मौका हो सकता है? संक्षिप्त जवाब नहीं है। हालांकि यह सच है कि 2025 में छल्ले पृथ्वी से लगभग अदृश्य हो जाएंगे, यह न तो कोई आश्चर्य की बात है और न ही घबराने की बात है। इसके तुरंत बाद यह छल्ले फिर से प्रकट होंगे। इसकी वजह यहाँ बताई गई है। पृथ्वी का झुकना : यह समझने के लिए कि शनि के बारे में हमारा दृष्टिकोण क्यों बदलता है, आइए सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की अपनी निरंतर यात्रा पर विचार करके शुरुआत करें। यह यात्रा हमें ऋतुओं के पार ले जाती है – सर्दी से वसंत, गर्मी और शरद ऋतु तक, फिर वापस।ऋतुओं के बनने का क्या कारण है? सीधे शब्दों में कहें तो पृथ्वी एक तरफ झुकी हुई है, जैसा कि सूर्य से देखा जाता है। हमारी भूमध्य रेखा हमारी कक्षा के तल से लगभग 23.5 डिग्री झुकी हुई है।परिणाम? जैसे ही हम सूर्य के चारों ओर घूमते हैं, हम बारी-बारी से एक गोलार्ध और फिर दूसरे गोलार्ध को अपने तारे की ओर झुकता देखते हैं।

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

**जबकि**
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ('प्रतिभूत लेनदार', जिसमें इसके उत्तराधिकारी और वारिस शामिल होंगे) और निम्नलिखित कर्ज़दार और सह–कर्ज़दार ['कर्ज़दार/रों', जिसमें उसकी/ उसके/ उनके सबंधित (उत्तराधिकारी, उत्तरापेक्षी, वारिस) शामिल होंगे], के बीच एक ऋण समझौते के अनुसार आवास ऋण सुविधा दी गई थी। अधोहस्ताक्षरी ('प्राधिकृत अधिकारी') ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('अधिनियम') के अंतर्गत सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ('नियमावली') के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत नीचे वर्णित कर्ज़दारों/ सह–कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें ऋण समझौते के अनुसार बकाया राशि का भुगतान करने के लिए और जैसा कि विशेष रूप से उक्त संबधित माँग सूचनाओं में उल्लिखित है, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा उक्त अधिनियम धारा 13(4) के साथ पठित नियमावली के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग करते हुए संपत्ति का सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है। सपंत्ति के सांकेतिक कब्ज़े की तारीख सहित विवरण नीचे वर्णित है :

| क्र. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजकुमार/ मधुबाला/ LBDEL00000375339 | मकान नंबर 585, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर 10, फ़रीदाबाद/ नवंबर 06, 2023 | अप्रैल 20, 2023 रु. 3,24,865/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/ ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: सुरक्षित ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवंबर 10, 2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर — प्रतिभूत लेनदार

**रूंगटा इर्रिगेशन लिमिटेड**
Rungta Irrigation Limited
पंजी. कार्यालय : 101, प्रगति टावर, 26, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली–110008
फोन नंबर : 011–40453330, 31, 32, ई–मेल : cs@rungtairrigation.in, वेबसाइट : www.rungtairrigation.in
सीआईएन : एल74899डीएल1986पीएलसी023934

30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध–वर्ष हेतु पृथक्कृत लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम
(रू. लाख में, यदि अन्यथा वर्णित नहीं है)

| विवरण | तिमाही समाप्त | | | अर्द्ध–वर्ष समाप्त | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30–09–2023 अलेखापरीक्षित | 30–06–2023 अलेखापरीक्षित | 30–09–2022 अलेखापरीक्षित | 30–09–2023 अलेखापरीक्षित | 30–09–2022 अलेखापरीक्षित | 31–03–2023 लेखापरीक्षित |
| प्रचालनों से कुल आय | 3137.80 | 2658.64 | 2180.20 | 5796.44 | 4315.80 | 13192.49 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 136.37 | 264.55 | 5.07 | 400.92 | 65.73 | 400.91 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 136.37 | 264.55 | 5.07 | 400.92 | 65.73 | 400.91 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 102.55 | 198.05 | 3.38 | 300.60 | 49.12 | 298.32 |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 102.67 | 197.92 | 3.38 | 300.59 | 48.85 | 322.89 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 1992.35 | 1990.64 | 885.61 | 1992.35 | 885.61 | 1659.52 |
| संचेय (पुनरमूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | - | - | - | - | - | - |
| प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/– प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) – 1. मूल : | 0.81 | 1.57 | 0.04 | 2.37 | 0.55 | 2.93 |
| 2. तनुकृत : | 0.81 | 1.57 | 0.04 | 2.37 | 0.55 | 2.93 |

● उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए हैं तथा निदेशक मंडल द्वारा 09–11–2023 को आयोजित इसकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।
● उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही और अर्द्ध–वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध है।

वास्ते रूंगटा इर्रिगेशन लिमिटेड
हस्ता./–
श्रुति रूंगटा
कार्यकारी निदेशक
डीआईएन : 00229045

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 09–11–2023

**सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड**
SUNLOC
पंजीकृत कार्यालय
38ई/252–ए, विजय टावर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली–110049
ई–मेल : info@sunilhealthcare.com, वेबसाइट : www.sunilhealthcare.com
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662

30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत एवं समेकित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत: तिमाही समाप्त 30 सितम्बर, 2023 अलेखापरीक्षित | 30 जून, 2023 अलेखापरीक्षित | 30 सितम्बर, 2022 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30 सितम्बर, 2023 अलेखापरीक्षित | 30 सितम्बर, 2022 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2023 लेखापरीक्षित | समेकित: तिमाही समाप्त 30 सितम्बर, 2023 अलेखापरीक्षित | 30 जून 2023 अलेखापरीक्षित | 30 सितम्बर, 2022 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30 सितम्बर, 2023 अलेखापरीक्षित | 30 सितम्बर, 2022 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2023 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 2,390.79 | 2,294.83 | 3,235.65 | 4,685.62 | 6,677.29 | 11,345.87 | 2,392.13 | 2,369.76 | 3,241.24 | 4,761.89 | 6,673.56 | 11,498.74 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | (138.56) | (98.60) | 315.16 | (237.16) | 925.16 | 975.86 | (146.13) | (86.89) | 303.54 | (233.02) | 885.97 | 948.33 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (138.56) | (98.60) | 315.16 | (237.16) | 925.16 | 975.86 | (146.13) | (86.89) | 303.54 | (233.02) | 885.97 | 948.33 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (102.01) | (75.61) | 224.90 | (177.62) | 671.65 | 697.69 | (109.89) | (64.17) | 212.65 | (174.06) | 631.15 | 668.21 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है] | (102.01) | (75.61) | 224.90 | (177.62) | 671.65 | 693.58 | (107.60) | (84.43) | 204.03 | (192.03) | 611.41 | 604.20 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/–प्रत्येक) | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 |
| 7 | संचेय (पुनरमूल्य संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | - | - | - | - | - | 5,147.07 | - | - | - | - | - | 4,574.21 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों के बाद) (रू. 10/– प्रत्येक का) (क) मूल (रू.) | (0.99) | (0.74) | 2.19 | (1.73) | 6.55 | 6.80 | (1.07) | (0.63) | 2.07 | (1.70) | 6.15 | 6.52 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | (0.99) | (0.74) | 2.19 | (1.73) | 6.55 | 6.80 | (1.07) | (0.63) | 2.07 | (1.70) | 6.15 | 6.52 |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/अर्द्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। तिमाही/अर्द्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.bseindia.com ) पर तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.sunilhealthcare.com ) पर उपलब्ध है।
2. ये वित्तीय परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) और यथासंभव अन्य मान्य लेखांकन पद्धतियों एवं नीतियों के अनुसार तैयार किए गए हैं।
3. चूंकि कम्पनी का व्यवसाय एकल प्राथमिक व्यवसाय खण्ड नामतः कैप्सूल की बिक्री के अंतर्गत आता है, अतः कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के साथ पठित तदधीन जारी प्रासंगिक नियमों के तहत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस–108) "प्रचालन खण्ड" के प्रकटीकरण की आवश्यकता लागू नहीं है।
4. उपरोक्त परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 09 नवम्बर, 2023 को सम्पन्न उनकी संबंधित बैठकों में किया गया था।

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 09–11–2023

अनिल खेतान
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00759951

**सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड**
सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी061995
पंजी. कार्यालय : एनएस–92, खसरा नंबर 33/21, राणाजी एन्क्लेव, नजफगढ़, निकट अर्जुन पार्क बस स्टैंड, नई दिल्ली–110043
ई–मेल आईडी : superiorfinlease@gmail.com; वेबसाइट : www.superiorfinlease.com
30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध–वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त | | | अर्द्ध–वर्ष समाप्त | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30–09–2023 अलेखापरीक्षित | 30–06–2023 अलेखापरीक्षित | 30–09–2022 अलेखापरीक्षित | 30–09–2023 अलेखापरीक्षित | 30–09–2022 अलेखापरीक्षित | 31–03–2023 लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 32.07 | 34.38 | 51.51 | 66.45 | 101.69 | 223.81 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | -9.36 | -6.24 | 25.52 | -15.60 | 37.82 | 45.08 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | -9.36 | -6.24 | 25.52 | -15.60 | 37.82 | 45.08 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | -9.36 | -6.24 | 25.52 | -15.60 | 37.82 | 33.36 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | -9.36 | -6.24 | 25.52 | -15.60 | 37.82 | 33.36 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 | 300.10 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है | ₹ 3.31 | 3.31 | ₹ 3.31 | ₹ 3.31 | 3.31 | ₹ 3.31 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 1/– प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) – (क) मूल (रू. में) | -0.03 | -0.02 | 0.09 | -0.05 | 0.13 | 0.11 |
| | (ख) तनुकृत (रू. में) | -0.03 | -0.02 | 0.09 | -0.05 | 0.13 | 0.11 |

नोट :
उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही और अर्द्ध वार्षिक परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही और अर्द्ध वार्षिक परिणामों का पूर्ण विवरण तथा स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.msei.in and www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट www.superiorfinlease.com पर उपलब्ध है।

वास्ते सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड
हस्ता./–
रजनीश कुमार
निदेशक
डीआईएन : 02463693

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 10–11–2023

# चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक सहमति : राजनाथ

**भाषा।** नई दिल्ली



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी की विशेषता आपसी भरोसा है और दोनों पक्ष चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने, स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने जैसे प्रमुख मुद्दों पर तेजी से सहमत हो रहे हैं। सिंह ने अपने अमेरिकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक में यह टिप्पणी की। यह बैठक भारत-अमेरिका के बीच टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता के पांचवें संस्करण के समापन के तुरंत बाद हुई। रक्षा मंत्री की यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच तीन साल से अधिक समय से चल रहे सीमा विवाद के साथ-साथ हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी सैन्य जहाजों की बढ़ती घुसपैठ पर चिंताओं के बीच आई है। सिंह ने द्विपक्षीय वार्ता में अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा, भारत-अमेरिका रक्षा संबंध आपसी विश्वास, साझा मूल्यों और क्षेत्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा बनाए रखने में आपसी हितों की बढ़ती मान्यता की विशेषता वाली रणनीतिक साझेदारी में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा, हम चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने, स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने सहित रणनीतिक मुद्दों पर खुद को तेजी से सहमत पाते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हैं। महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने की गंभीरता को पहचानते हुए, हमारे दल ठोस परिणामों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका मजबूत रक्षा, औद्योगिक जुड़ाव, प्रौद्योगिकी प्रतिबंधों में ढील, समुद्री क्षेत्र में संबंधों को बढ़ावा देने और सभी क्षेत्रों में लचीली आपूर्ति शृंखला सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखकर सहयोग के नए रास्ते बना रहे हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सिंह और ऑस्टिन ने दोनों दलों के लिए भविष्य में संयुक्त कार्य का एजेंडा तैयार किया। वार्ता के बाद मीडिया ब्रीफिंग में, ऑस्टिन ने कहा कि दोनों पक्षों ने चीन द्वारा उत्पन्न बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के बारे में बात की।रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सिंह और ऑस्टिन ने रक्षा और रणनीतिक मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। इसमें कहा गया है, रक्षा औद्योगिक सहयोग को बढ़ाने और दोनों पक्षों के रक्षा उद्योगों को सहयोगात्मक रूप से सह-विकास और रक्षा प्रणालियों का सह-उत्पादन करने पर विशेष ध्यान दिया गया। मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान के साथ रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों और साधनों का पता लगाया। बयान में कहा गया है, उन्होंने भारत-अमेरिका रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र इंडस-एक्स की प्रगति की समीक्षा की, जिसे इस साल जून में लॉन्च किया गया था और इसका उद्देश्य भारत और अमेरिका की सरकारों, व्यवसायों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी और रक्षा औद्योगिक सहयोग का विस्तार करना है। टू प्लस टू संवाद में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में ऑस्टिन के अलावा विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन शामिल थे। भारतीय पक्ष का नेतृत्व विदेश मंत्री एस जयशंकर और सिंह ने किया।

## भारत व अमेरिका संयुक्त रूप से बख्तरबंद वाहनों का निर्माण करेंगे : अमेरिकी रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका रक्षा औद्योगिक सहयोग के तहत लड़ाकू वाहनों का सह-उत्पादन करेंगे। चीन की बढ़ती सैन्य आक्रामकता के मद्देनजर दोनो देशों ने अपने द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी एजेंडा तय किया है। ऑस्टिन दिल्ली में टू प्लस टू रक्षा और विदेश मंत्रिस्तरीय विचार-विमर्श के बाद कुछ संवाददाताओ से बातचीत कर रहे थे। उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे है कि भारत को अमेरिका से जल्द ही एमक्यू-9बी ड्रोन मिलें। टू प्लस टू संवाद संबंधी एक संयुक्त बयान मे कहा गया है कि भारत और अमेरिका अपने सशस्त्र बलों के बीच अबाधित संचार और सहयोग की सुविधा के लिए नए संपर्क स्थापित कर रहे है। इसमे कहा गया है कि भारत और अमेरिका आपूर्ति सुरक्षा व्यवस्था (एसओएसए) को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया मे है, जो आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाते हुए दोनो देशों के रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को एकीकृत करेगा। ऑस्टिन ने कहा,"आज, हम बख्तरबंद वाहनो के सह-उत्पादन के लिए आगे बढ़ने पर सहमत हुए। हमने उन कदमों पर भी चर्चा की जो हम अपनी आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा को मजबूत बनाने एवं अमेरिकी और भारतीय कंपनियों से वस्तुओं और सेवाओं के प्रावधान को एकीकृत करने के लिए उठा सकते है। अमेरिकी मंत्री ने बख्तरबंद वाहन परियोजना को" अत्यंत महत्वपूर्ण" करार दिया। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल मे ऑस्टिन के अलावा विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भी शामिल थे। भारतीय पक्ष का नेतृत्व विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। बयान मे कहा गया है कि मंत्रियो ने भारत की क्षमताओ को मजबूत बनाने और प्रौद्योगिकी को साझा करने की सुविधा के लिए उत्प्रेरक के रूप मे रक्षा औद्योगिक सहयोग के लिए रोडमैप की पुष्टि की। बयान के अनुसार मंत्रियों ने भारत में जीई एफ-414 जेट इंजन के विनिर्माण के लिए जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) एयरोस्पेस और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के बीच वाणिज्यिक समझौते के लिए चर्चा शुरू होने की प्रशंसा की।

# गजनी के किरदार की तरह भूलने की बीमारी से ग्रस्त है कांग्रेस : देवेंद्र फडणवीस

**भाषा।** बुरहानपुर (मप्र)

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता फिल्म गजनी के नायक की तरह भूलने की बीमारी से पीड़ित हैं क्योंकि जीतने के बाद वे तुरंत अपने चुनावी वादे भूल जाते हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेता 17 नवंबर को होने वाले चुनाव से पहले मध्य प्रदेश के बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। फडणवीस ने कहा, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी आते हैं और घोषणा करते हैं। कमलनाथ भी आए दिन आश्वासन देते हैं। उनसे पूछें कि (कांग्रेस शासित) छत्तीसगढ़ और राजस्थान में दिए गए आश्वासनों में से कौन सा पूरा हुआ। वे भूलने की बीमारी से पीड़ित हैं। क्या आपने गजनी फिल्म देखी है? कांग्रेस गजनी रोग से पीड़ित है। उल्लेखनीय है कि 2008 की हिंदी फिल्म गजनी में आमिर खान द्वारा निभाया गया किरदार भूलने की बीमारी से पीड़ित है। फडणवीस ने कहा कि कांग्रेस नेता घोषणाएं करते हैं और जीतने के बाद उन्हें भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वे अपने परिवार के बारे में सोचते हैं। वे जनता और गरीबों के बारे में नहीं सोचते। भाजपा नेता ने कहा कि दूसरी ओर, (प्रधानमंत्री) नरेंद्र मोदी और (मप्र के मुख्यमंत्री) शिवराज सिंह चौहान के शासन में आम लोगों और गरीबों पर ध्यान दिया गया। भाजपा नेता ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान का वादा आजादी के बाद देश में पहली सरकार बनने के बाद से ही किया जा रहा था, लेकिन यह तब पूरा हुआ जब केंद्र में मोदी सरकार सत्ता में आई।

## मोदी सरकार के इंजन में कमलनाथ सरकार का इंजन लग गया, तो रुक जाएगी विकास की ट्रेन

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के मतदाताओं से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता में बहाल रखने का आह्वान करते हुए महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि अगर किसी छोटी-सी गलती से कांग्रेस की सरकार बन गई, तो राज्य का विकास रुक जाएगा। राज्य मे 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। फडणवीस ने इंदौर-3 विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की चुनावी सभा मे कहा, मध्यप्रदेश मे फिलहाल भाजपा की डबल इंजन की सरकार है, लेकिन किसी छोटी-सी गलती से अगर कांग्रेस की सरकार आ गई, तो विकास की ट्रेन रुक जाएगी क्योंकि नरेन्द्र मोदी सरकार का इंजन इस ट्रेन को जब तरक्की की राह पर आगे ले जाने की कोशिश करेगा, तो कमलनाथ सरकार का इंजन इसे पीछे की ओर खीचेगा।

## पश्चिम बंगाल के महाधिवक्ता सौमेंद्र नाथ मुखर्जी ने इस्तीफा दिया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के महाधिवक्ता सौमेंद्र नाथ मुखर्जी ने शुक्रवार को राज्यपाल डॉ. सी. वी. आनंद बोस को अपना इस्तीफा भेज दिया। राजभवन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुखर्जी इस समय विदेश में है।अधिकारी ने कहा, हमें मुखर्जी की ओर से एक ईमेल मिला है, जिसमें उन्होंने अपना त्याग पत्र भेजा है। सितंबर 2021 में किशोर दत्ता के पद से इस्तीफा देने के बाद मुखर्जी को महाधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया था। वह सत्यब्रत मुखर्जी के बेटे हैं। सत्यब्रत मुखर्जी प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में मंत्री थे।

## सरकारी स्कूलों में किया लैपटॉप वितरित

**नोएडा** । भारत की अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी और क्यूआर, साउंडबॉक्स और मोबाइल भुगतान में अग्रणी ब्रांड पेटीएम के मालिक वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड, ने पेटीएम फाउंडेशन के साथ मिलकर दो सरकारी स्कूलों (नगरपालिका गर्ल्स इंटर कॉलेज और अमीनाबाद इंटर कॉलेज) में 50 लैपटॉप वितरित किए हैं। लखनऊ नगर निगम के तत्वाधान में इन लैपटॉप का उपयोग दो स्कूलों में कंप्यूटर लैब स्थापित करने के लिए किया जाएगा।पेटीएम फाउंडेशन शिक्षा का समर्थन कर रहा है और देश में डिजिटल अंतर को पाट रहा है, और यह पहल छात्रों को आधुनिक शिक्षण उपकरणों के साथ सक्षम बनाएगी, जिससे क्षेत्र में डिजिटल शिक्षा अनुभव तक पहुंच सुनिश्चित होगी।

## क्विक न्यूज

### तमिलनाडु में सरकारी योजना में सात लाख से अधिक महिला लाभार्थियों को शामिल किया गया

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने महिलाओं को1,000 रुपए की मासिक सहायता देने से संबंधित योजना का विस्तार करते हुए शुक्रवार को सात लाख से अधिक लाभार्थियों को इस योजना में शामिल किया।योजना में 7.35 लाख नए लाभार्थियों को शामिल करने के मौके पर स्टालिन ने यहां एक सरकारी कार्यक्रम मे छह लाभार्थियो को बैक डेबिट कार्ड दिए।मुख्यमंत्री ने कहा,"यह इतनी बड़ी योजना है, जिसके एक करोड़ से ज्यादा लाभार्थी है और इसमे छोटी सी शिकायत की भी गुंजाइश नही है। यह इस योजना की सबसे बड़ी जीत है, जो पूरे देश के लिए एक मॉडल है" स्टालिन ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सावधान है कि कोई भी पात्र महिला योजना से वंचित न रहे।उन्होने कहा कि सभी पात्र महिलाओ के पंजीकरण का काम जारी रहेगा।द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार की प्रमुख योजना" कलैगनार मगलिर उरीमाई थित्तम, (महिलाओ के अधिकार के लिए कलैगनार योजना) 15 सितंबर, 2023 को शुरू की गई थी।

### केएसबी ने तीसरी तिमाही में 31 प्रतिशत की वृद्धि की दर्ज

**मुंबई।** भारत में लीडिंग पंप और वाल्व निर्माता में से एकए केएसबी लिमिटेड ने पिछले वर्ष की तुलना में तीसरे तिमाही में 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। तीसरी तिमाही 23 के प्रदर्शन के बारे में केएसबी लिमिटेड के सेल्स और मार्केटिंग के वाइस प्रेसिडेंट फ़ारूख भथेना ने कहा कि 2023 के तीसरी तिमाही में केएसबी ने साल दर साल 31 प्रतिशत की शानदार सेल्स ग्रोथ हासिल की और पिछले वर्ष की तुलना में पिछली तीन तिमाही में बिक्री में 27 प्रतिशत की क्यूमिलेटिव ग्रोथ देखी गई। इस अवधि के दौरान हमारा परफॉर्मेंस बेहद शानदार था, जिसमें कई महत्वपूर्ण विकास भी हुए। हम इस गति को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, जो कि 2023 की तीसरे तिमाही में एक मजबूत ऑर्डर इनटेक से प्रेरित है। हम डिमांड के स्थिति के बारे में आशावादी बने हुए हैं क्योंकि हमारे एक्सपोर्ट बिजनेस में लगातार ऊपर की ओर रुझान देखा जा रहा है, जो ग्लोबल बाजार में हमारी पोजिशन को मजबूत करेगा। इसके अतिरिक्त, हमारे सोलर डिविजन में महत्वपूर्ण ग्रोथ देखी गई है, जो हमें सस्टेनेबल सॉल्यूशन प्राप्त करने पर केंद्रित भविष्य की ओर प्रेरित कर रहा है। हमने अपनी फैसिलिटी में ई.सेल्स टूल को भी सफलतापूर्वक लागू किया है जो ऑपरेशनल एफीशियंसी और प्रॉफिबिलटी को बढ़ाएगा। आगे बढ़ते हुएए केएसबी एक्सिलेंसए सस्टेनबिलटी और सभी स्टेकहोल्डर के लिए स्थायी वैल्यू बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### राजस्थान :एल्विश यादव से जुड़े सांप के जहर के नमूनों की जांच रिपोर्ट सात दिन बाद आएगी

जयपुर। यूट्यूबर एल्विश यादव से जुड़े सांप के जहर के मामले मे उत्तर प्रदेश के नोएडा से जब्त किए गए जहर के नमूने परीक्षण के लिए जयपुर की फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला को प्राप्त हो गए है। जयपुर मे फोरेंसिक प्रयोगशाला (एफएसएल) के निदेशक अजय शर्मा ने कहा कि नमूने कल प्राप्त हुए थे। उन्होने बताया कि प्रयोगशाला मे नमूनो का परीक्षण किया जा रहा है और रिपोर्ट सात दिन बाद आएगी। यादव पर नोएडा पुलिस ने एक पार्टी मे सांप के जहर की कथित आपूर्ति के सिलसिले मे मामला दर्ज किया था।

### यूजी और पीजी कोर्सेस में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

नोएडा। अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्सेस में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इनमें एमए एजुकेशन , एम ए डेवलपमेंट स्टडीज मास्टर ऑफ़पब्लिक हेल्थ और एमएण् अर्थशास्त्र स्नातकोत्तर के दो वर्षीय कोर्सेस हैं। स्नातक में बीए ऑनर्स और बीएससी ऑनर्स कोर्स प्रस्तुत किए जा रहे हैं। स्नातक कोर्स ड्युअल डिग्री हैं, जो बीएड के साथ हमारे कैम्पस में रहकर ही किए जाने हैं। विद्यार्थी हमारे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदकों की लिखित परीक्षा ली जाएगी। लिखित परीक्षा में शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों को साक्षात्कार लिया जाएगा। आवेदकों को परीक्षा और साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। एडमीशन के पहले राउण्ड के अंतरगत आवेदन करने की आखिरी तारीख़ 22 नवम्बर 2023 राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 24 दिसम्बर 2023 साक्षात्कार जनवरी 2024 एडमीशन फ़रवरी 2024 रखी गई हैं। यह कोर्स अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु और भोपाल स्थित कैम्पस में चलाए जाएंगे। विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराते हुए उनमें विषय विशेषज्ञता व सामाजिक प्रतिबद्धता का निर्माण करना इन कोर्सेस का लक्ष्य है। उन्हें सार्थक करिअर की तलाश के लिए प्रेरित करना और शिक्षा की राह पर आगे बढ़ाना इन कोर्सेस का उद्देश्य है।

### गुणवत्ता व सेहत का ख्याल रखना जरूरी

नई दिल्ली। एडिबल ऑयल के निर्माता बी एन ग्रुप ने सिम्प्ली फ्रैश एवं हेल्दी वैल्यू ब्राण्ड के तहत नए वेरिएन्ट्स के लॉन्च के साथ अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। नई पैकेजिंग में पेश किए गए ये नए वेरिएन्ट्स न सिर्फ ब्राण्ड की विजिबिलिटी बल्कि विजुअल अपील भी बढ़ाएंगे। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ अनुभव अग्रवाल ने कहा, ''हम उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के सेहतमंद प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। हमारे एडिबल ऑयल पोर्टफोलियो का विस्तार इसी लक्ष्य की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है। हम आगरा और गुजरात स्थित अपनी आधुनिक युनिट्स में सर्वोच्च गुणवत्ता के खाद्य तेल बनाते हैं। हम उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए निरंतर इनोवेशन्स लेकर आते हैं। इसके अलावा आज के सजग उपभोक्ताओं के मूल्यों के अनुरूप हम स्थायित्व एवं पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर देते हैं।

### ओणम के पोस्टर में राजा महाबली के चित्रण को लेकर शिकायत मिली : जेएनयू कुलपति

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में ओणम त्योहार से संबंधित एक पोस्टर मे राजा महाबली का फलस्तीनी ध्वज के रंग वाले वस्त्रो मे कथित चित्रण को लेकर कुछ छात्रो ने विश्वविद्यालय प्रशासन से शिकायत की है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारियो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियो के मुताबिक, इन छात्रो का आरोप है कि इससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धुलिपुड़ी पंडित ने पीटीआई-भाषा से कहा, देखिए, किस तरह से राजनीतिक तिकड़म कर हमास का समर्थन करने के वास्ते भगवान विष्णु के भक्त राजा महाबली का चित्रण किया गया है ...। केरल के छात्रों के एक समूह ने इस संबंध मे शिकायत की है, क्योकि इससे उनकी भावनाएं आहत हुई है।

# पिछले नौ सालों में देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई : शाह

**भाषा।** देहरादून



**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि पिछले नौ सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की आंतरिक सुरक्षा की स्थिति मजबूत हुई है और कश्मीर में आतंकवाद को पूर्ण रूप से काबू करने में सफलता मिली है। यहां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के 62 वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पिछले नौ सालों में देश की आंतरिक सुरक्षा की स्थिति में बहुत बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि पहले देश में तीन क्षेत्र - कश्मीर, वामपंथी उग्रवादी क्षेत्र और पूर्वोत्तर का क्षेत्र हॉट स्पॉट माने जाते थे। शाह ने कहा, धारा 370 हटाने के बाद आज कश्मीर में आतंकवाद को पूर्ण रूप से काबू करने में हमें सफलता मिली है और मृत्यु तथा अन्य हिंसक घटनाओं की संख्या में 72 प्रतिशत की गिरावट आई है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इसी प्रकार पूर्वोत्तर क्षेत्र में भी हिंसक घटनाओं में 65 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवाद में भी 80 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने सीमावर्ती गांवों में सुविधाओं को बढ़ाने के लिए वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम शुरू किया है जिससे न केवल वहां की जनसंख्या बनी रहे बल्कि उसमें वृद्धि भी हो। उन्होंने कहा, जब सीमा पर गांव खाली हो जाएंगे तो देश की सीमा की सुरक्षा में भी दिक्कत आएगी। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीमावर्ती गांवों को पहला गांव मानते हुए वाइब्रेंट विलेज की नई अवधारणा को सामने रखा जिसके तहत वहां देश के अन्य हिस्सों की तरह सभी सुविधाएं पहुंचें। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रथम चरण में 19 जिलों के 662 गांवों की डेढ़ लाख की आबादी के लिए 4,800 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिससे उन्हें बिजली, सड़क, रोजगार के साधन, कौशल विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा, मोदी जी ने अंतिम गांवों को पहला मानकर यह लक्ष्य रखा है कि वे सिर्फ भौगोलिक रूप से नहीं बल्कि सुविधाओं की दृष्टि से भी प्रथम हों। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसके लिए क्षेत्र में काम करने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की नोडल एजेंसी के रूप में भूमिका होगी।

## अजित और प्रफ्फुल ने मराठा आरक्षण को लेकर जारी राजनीतिक संकट के बीच शाह से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। यह बैठक मराठा समुदाय द्वारा आरक्षण की मांग को लेकर महाराष्ट्र मे जारी राजनीतिक संकट और राकांपा पर दावे को लेकर निर्वाचन आयोग के समक्ष सुनवाई के बीच हुई है। राकांपा के कार्यकारी अध्यक्ष पटेल ने एक्स पर लिखा, "दिल्ली मे माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के साथ एक सार्थक बैठक हुई और दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## नौकरी के बदले भूमि घोटाला: ईडी ने लालू प्रसाद के परिवार के सहयोगी को हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौकरी के बदले भूमि घोटाले से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद और उनके बेटे तेजस्वी यादव के कथित सहयोगी अमित कात्याल को शुक्रवार को हिरासत में ले लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने दावा किया कि एजेंसी द्वारा पूछताछ के लिए जारी किए गए समन से कात्याल करीब दो महीनों से बच रहे थे। ईडी के अधिकारियों ने उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दिल्ली से हिरासत में लिया। कात्याल के परिसरों पर संघीय एजेंसी ने मार्च में छापा मारा था, जब लालू, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव,उनकी बहनों और अन्य के परिसरों में तलाशी ली गई थी।

## तीन प्रस्तावित आपराधिक कानून बहुत आवश्यक सुधार : संसदीय समिति

**नई दिल्ली।** तीन प्रस्तावित आपराधिक कानूनों पर विचार करने वाली संसदीय समिति ने कहा है कि ए कानून बहुप्रतीक्षित और बहुत जरूरी सुधार हैं तथा कानूनी प्रणाली के सुचारू और पारदर्शी कामकाज के लिए अनिवार्य हैं। भाजपा सदस्य बृज लाल की अध्यक्षता वाली गृह मामलों की स्थाई समिति ने बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, हत्या और अप्राकृतिक यौन संबंध सहित अन्य से जुड़े प्रावधानों पर भी कई सिफारिशें की हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयक अगस्त में लोकसभा में पेश किया था। इन विधेयकों को पड़ताल के लिए राज्यसभा सचिवालय के तहत आने वाली गृह मामलों की स्थाई समिति के पास भेजा गया था। समिति की रिपोर्ट शुक्रवार को राज्यसभा को सौंपी गई।समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वह इस बात की सराहना करती है।

## दिवाली पर बाजारों में बढ़ी रौनक

**बेंगलुरु।** देश भर में अपने ग्राहकों, विक्रेताओं और ब्रांड भागीदारों के लिए अब तक का सबसे अच्छा खरीदारी समारोह देखा है। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 8 अक्टूबर से शुरू हुआ , जिसमें प्राइम अर्ली एक्सेस के 24 घंटे में ग्राहकों को स्मार्टफोनए प्रीमियम इलेक्ट्रॉनिक्स, उच्च गुणवत्ता वाले टीवी, आकर्षक किताबें, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत देखभाल संबंधी आवश्यक वस्तुएं, फैशन आइटम, मजबूत लगे। घर की सजावट, और फिटनेस गियर पर आकर्षक ऑफ़र के साथ शीर्ष ब्रांडों से 5,000 से अधिक नए लॉन्च तक पहुंच प्रदान की गई। 38,000 विक्रेताओं ने अपनी अब तक की सबसे अधिक एक दिन की बिक्री हासिल की और 40 लाख से अधिक नए ग्राहकों अपने पसंदीदा उत्पादों और ब्रांडों के लिए पहली बार खरीदारी कीए यह अमेजन इंडिया और उसके भागीदारों के लिए अब तक का सबसे अच्छा त्योहारी सीजन था।

# भाजपा ने धनबल का इस्तेमाल कर मप्र में कांग्रेस सरकार गिराई थी : राहुल

**भाषा।** बड़वानी (मप्र)




**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने धनबल का इस्तेमाल कर मध्य प्रदेश में कमलनाथ सरकार को गिरा दिया था। वर्ष 2018 में विधानसभा चुनावों के बाद सत्ता में आई कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार मार्च 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति वफादार कई विधायकों के विद्रोह के बाद गिर गई थी। बागी विधायक भाजपा में शामिल में हो गए, जिससे मुख्यमंत्री के रूप में शिवराज सिंह चौहान की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो गया। बड़वानी के राजपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, हमने पिछले विधानसभा चुनाव में कृषि ऋण माफ करने का वादा किया था। हमने 25 लाख किसानों का कर्ज माफ किया लेकिन भाजपा और उनके बड़े उद्योगपति मित्रों ने विधायकों को पैसा देकर आपकी सरकार छीन ली। भाजपा की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ दल आदिवासियों को वनवासी कहता है, जबकि सही शब्द आदिवासी या मूल निवासी है, जिसका उपयोग कांग्रेस करती है। गांधी ने दावा किया कि जंगल सिकुड़ रहे हैं और 15 साल बाद भाजपा वनवासियों को शहरों में जाकर भीख मांगने के लिए कहेगी। सीधी मामले का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, क्या आपने किसी भाजपा नेता को किसी जानवर पर पेशाब करते देखा है?

## झारखंड में तीन माओवादी गिरफ्तार

**भाषा।** चाईबासा (झारखंड)

**झारखंड के** पश्चिमी सिंहभूम जिले में शुक्रवार को प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से आईईडी बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गोईलकेरा थाना क्षेत्र के रेंगरा गांव में छापेमारी कर ए बरामदगी और गिरफ्तारियां कीं।पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने यहां संवाददाताओं को बताया कि तीनों नक्सली आईईडी विस्फोट करने, सीआरपीएफ शिविर में राशन ले जा रहे एक ट्रैक्टर को बम से उड़ाने और लोगों की हत्या करने सहित कई घटनाओं में शामिल थे। गिरफ्तार माओवादियों की पहचान देबॉय पूर्ति उर्फ लेगासी पूर्ति (28), जुरिया बाहंदा उर्फ माता बाहंदा (28) और लेबिया बोईपई (21) के रूप में हुई है।

## नये फॉर्मूलेशन से होगी सफाई

**मुंबई।** भारत के अग्रणी शौचालय देखभाल ब्रांड हार्पिक ने अपनी पावर प्लस रेंज के तहत अबतक के सबसे अच्छे फॉर्मूलेशन के साथ नया हार्पिक ओरिजनल फ्रेश को लॉन्च किया है, जो केवल पांच मिनट में शौचालय को बेदाग स्वच्छ बना देता है। नया फॉर्मूलेशन लंबे समय तक चलने वाली खुशबू और ताजगी के साथ बेहतर सफाई सुनिश्चित करता है। पावर प्लस रेंज को तीन अतिरिक्त खुशबुओं .स्पार्कलिंग लेमनए रिफ्रेशिंग मरीन और जॉयफुल जैस्मीन में भी उपलब्ध कराया गया है।सौरभ जैनए रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर साउथ एशिया .हाईजीनरेकिट ने कहा कि रेकिट में इनोवेशन हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और हार्पिक लगातार नए और बेहतर समाधान लाकर एक बेहतर उपभोक्ता अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, अनुपमा रामास्वामी, चीफ़ क्रिएटिव ऑफिसर हवास वर्ल्डवाइड इंडिया ने कहा कि जब आप पहले से ही देश में नंबर वन खिलाड़ी हैं तो अब आप क्या कर सकते हैं।

## बढ़ी बस यात्रा की मांग

नोएडा। दीवाली के उत्साह के बीच बड़ी संख्या लखनऊ के लोग यात्रा कर रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े ऑनलाईन बस टिकट प्लेटफॉर्म रैडबस ने दीवाली के लिए बुकिंग्स में ज़बरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की है। पिछले साल की तुलना में प्लेटफॉर्म पर टिकट रिज़र्वेशन में 50 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस पावन अवसर पर शहर में त्योहार के माहौल को देखते हुए यात्रा के जोश का इस तरह से बढ़ना कोई हैरानी की बात नहीं। त्योहारों के उत्साह के बीच लखनऊ के लोग यात्रा के ढेरों विकल्पों की तलाश में हैं, वे अपने शहर के नज़दीक या दूर स्थित स्थानों की यात्रा करना चाहते हैं। जहां एक ओर कुछ लोग त्योहार मनाने के लिए अपने शहर जा रहे हैंए वहीं दूसरी ओर कुछ यात्रियों का एक बड़ा हिस्सा छुट्टी मनाने के लिए अपने पसंदीदा गंतव्यों की ओर रूख कर रहा हैए जबकि कुछ यात्री आध्यात्मिक स्थानों की यात्रा भी कर रहे हैं। लखनऊ से सबसे ज़्यादा बुकिंग्स वाराणसी आगराए दिल्ली-एनसीआर के लिए की गई हैं। इस अवधि के दौरान कुल बस टिकट्स में से 50 फीसदी योगदान इन्हीं तीन गंतव्यों का रहा है।

## बिरला कॉर्पोरेशन का मुनाफा बढ़ा

**कोलकाता।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने बीते दौर में बढ़ती लागत और कई अन्य चुनौतियों के बावजूद सितंबर तिमाही में अच्छा खासा लाभ दर्ज किया है। कंपनी ने मुकुटबन रैंप-अप, लागत में कमी, बिजली और ईंधन मिश्रण के प्रीमियमीकरण और अनुकूलन और ईंधन की कीमतों में नरमी के कारण तथा मौसमी कारकों के बावजूद सितंबर तिमाही में लाभप्रदता में अच्छा-खास उछाल दर्ज किया है।तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड नकद लाभ रु. 221 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 414 प्रतिशत अधिक है, और तिमाही के लिए शुद्ध लाभ रु. 58 करोड़ था, जबकि एक साल पहले की तुलनीय अवधि में रु. 56 करोड़ का शुद्ध घाटा हुआ था। सितंबर 2023 के अंत तक छह महीनों के लिए, कंपनी का कंसोलिडेटेड शुद्ध लाभ एक साल पहले के 5 करोड़ रुपये के मुकाबले 118 करोड़ रुपये था। इस मौके पर बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन हर्ष वी. लोढ़ा ने कहा कि यूक्रेन संकट के कारण 2022 में बिजली और ईंधन लागत के झटके से उबरते हुए कंपनी ने पिछली तीन तिमाहियों में लगातार बेहतरी दर्ज की है। सीमेंट की कीमतें स्थिर रहने और हमारे कई मुख्य बाजार भारी बारिश और अन्य मौसमी कारकों से प्रभावित होने के बावजूद परिणाम प्राप्त हुए।

# केंद्र सरकार अडाणी के कोयला घोटाले की चर्चा करने वालों का मुंह बंद करना चाहती है : महुआ

**भाषा।** कोलकाता

**तृणमूल** कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने शुक्रवार को दावा किया कि नरेन्द्र मोदी सरकार अडाणी समूह के कथित कोयला घोटाले को उठाने वाले लोगों का मुंह बंद करना चाहती है। उन्होंने यह भी दावा किया कि लोकसभा से निष्कासित करने की आचार समिति की सिफारिश उसी दिशा में हताशा भरा कदम है। तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा पैसे लेकर सवाल पूछने के आरोप का सामना कर रही हैं। उन्होंने पीटीआई वीडियो के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि मुद्दा यह है कि किसी सांसद को सदन में सवाल उठाने की अनुमति कैसे नहीं दी जाए। उन्होंने कहा, अडाणी 13,000 करोड़ रुपए के कोयला घोटाले में शामिल हैं। किसी भी अन्य देश में, इस वजह से सरकार गिर जाती। श्री मोदी दिल से यह जानते हैं। इसलिए वे लोग इसे अधिकतम समय तक दबाए रखने के लिए बेचैन हैं। तृणमूल सांसद ने दावा किया, मोदी और अडाणी सरकार चला रहे हैं जो कोई भी उनसे सवाल करता है, वे घबरा जाते हैं। हम उन कुछ लोगों में से हैं जो ऐसा कर रहे हैं। इसलिए उनका प्रयास है कि उन्हें चुप करा दें, उन्हें जेल में डाल दें...।

## भाजपा मुझे फंसाने के लिए कर रही है केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल: अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को केंद्र की भाजपा नीत सरकार के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया और उसपर उन्हे किसी न किसी मामले मे फंसाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।डायमंड हार्बर के सांसद बनर्जी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के तहत दक्षिण 24 परगना जिले के फालटा मे एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा दबाव डाले जाने के बाद भी वह नही झुकेंगे।

# डुसेन ने दिलाई दक्षिण अफ्रीका को जीत

## विश्वकप: अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया

भाषा। अहमदाबाद



**पहले ही** सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को यहां विश्व कप के अपने अंतिम लीग मैच में अफगानिस्तान से मिली चुनौती को पांच विकेट से पस्त कर दिया। अफगानिस्तान की टीम युवा आल राउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई ने नाबाद 97 रन की पारी के बाद 50 ओवर में 244 रन पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका ने रासी वान डर डुसेन की 95 गेंद में नाबाद 76 रन की पारी की बदौलत यह लक्ष्य 47.3 ओवर में पांच विकेट पर 247 रन बनाकर हासिल कर लिया। वान डर डुसेन और एंडिले फेलुकवायो ने नाबाद 65 रन की भागीदारी निभाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। फेलुकवायो ने नाबाद 39 रन बनाए। अफगानिस्तान के लिए ओमरजई ने टूर्नामेंट में अच्छी लय जारी रखते हुए 107 गेंद में सात चौके और तीन छक्के जड़े, हालांकि वह अपने पहले वनडे शतक से चूक गए और नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अंतिम ओवर की अंतिम तीन गेंद पर कागिसो रबाडा के खिलाफ कोई रन नहीं बना सके। उन्होंने तब टीम को संभाला जब उसने छह विकेट 116 रन पर गंवा दिए थे। दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे सफल गेंदबाज जेराल्ड कोएत्जी रहे जिन्होंने 10 ओवर में एक मेडन से 44 रन देकर चार विकेट झटके। दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी शुरूआत की। फॉर्म में चल रहे क्विंटन डिकॉक (47 गेंद में 41 रन) ने मुजीबुर रहमान पर चौका और छक्का जड़कर अपने इरादे साफ कर दिए थे। उन्होंने नवीनुल हक पर स्क्वायर लेग में शानदार छक्का जड़ा। लेकिन वह बड़ी पारी नहीं खेल सके और मोहम्मद नबी की गेंद पर रिव्यू में पगबाधा आउट हुए। कप्तान तेम्बा बावुमा (28 गेंद में 23 रन) की खराब फॉर्म जारी रही जिन्हें मुजीबुर रहमान ने आउट किया। ऐडन मार्कराम (32 गेंद में 25 रन) ने अच्छी शुरूआत की लेकिन राशिद खान की गेंद पर नवीनुल हक को कैच थमा बैठे।

### स्कोरबोर्ड

**अफगानिस्तान** : गुरबाज का क्लासेन बो महाराज 25, जदरान का डिकॉक बो कोएत्जी 15 रहमत शाह का मिलर बो एनगिडी 26, शाहिदी का डिकॉक बो महाराज 02, ओमरजई नाबाद 97 इकराम अलीखिल का डिकॉक बो कोएत्जी 12, नबी का डिकॉक बो एनगिडी 02, खान का डिकॉक बो फेलुकवायो 14,अहमद का डिकॉक बो कोएत्जी 26,रहमान का मार्कराम बो कोएत्जी 08, हक रन आउट 02,**अतिरिक्त** : 15,**कुल योग** : 50 ओवर में सभी आउट : 244 रन,**विकेट पतन** :1-41, 2-41, 3-45, 4-94, 5-112, 6-116, 7-160, 8-204, 9-226,**गेंदबाजी** : रबाडा 10-0-40-0, एनगिडी 8.3-0-69-2,मार्कराम 4.3-0-25-0,कोएत्जी 10-1-44-4, महाराज 10-1-25-2, फेलुकवायो 7-0-36-1

**दक्षिण अफ्रीका** : डिकॉक पगबाधा बो मोहम्मद नबी 41,बावुमा का गुरबाज बो मुजीबुर रहमान 23,डर डुसेन नाबाद 76,मार्कराम का नवीनुल हक बो राशिद खान 25, क्लासेन बो राशिद खान 10,मिलर का एवं बो मोहम्मद नबी 24,फेलुकवायो नाबाद 39,अतिरिक्त : 09,**कुल योग** : 47.3 ओवर में पांच आउट : 247 रन,**विकेट पतन** :1-64, 2-66, 3-116, 4-139, 5-182,**गेंदबाजी** : मुजीबुर रहमान 10-0-51-1, हक 6.3-0-52-0,नबी 10-1-35-2, ओमरजई1-0-8-0,खान 10-1-37-2,अहमद 9-0-49-0, शाह1-0-12-0

## न्यूजीलैंड को ध्यान में रखकर कोहली ने शॉर्ट पिच गेंदों और बाएं हाथ की स्पिन पर जमकर किया अभ्यास

भाषा। बेंगलुरु



**यह लगभग तय है** कि भारत विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करेगा और इसी को ध्यान में रखते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने शुक्रवार को यहां शॉर्ट पिच गेंदों और बाएं हाथ के स्पिनरों के सामने जमकर अभ्यास किया। नीदरलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले अपने अंतिम लीग मैच से पहले भारतीय टीम ने शुक्रवार को वैकल्पिक अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया जिसमें सभी की निगाहें कोहली पर टिकी थी। अभ्यास के उनके तरीके से स्पष्ट हो गया कि वह सेमीफाइनल को ध्यान में रखकर अपनी तैयारी कर रहे हैं। न्यूजीलैंड के 10 अंक हैं लेकिन बेहतर नेट रन रेट के आधार पर वह अन्य टीमों से आगे है और यह लगभग तय है कि 15 नवंबर को मुंबई में होने वाले पहले सेमीफाइनल में उसका सामना भारत से होगा। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विशेषकर लॉकी फर्ग्यूसन कोहली के सामने अपनी शॉर्ट पिच गेंदों के कारण कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। समकालीन क्रिकेट में कोहली पुल करने वाले सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल हैं लेकिन यह पूर्व कप्तान किसी भी तरह की कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है। यही वजह है कि कोहली ने शार्दुल ठाकुर और अन्य तेज गेंदबाजों के बाउंसर पर अभ्यास किया तथा कुछ शानदार शॉट लगाए।

## पंत अब ठीक है, अगले साल आईपीएल में वापसी करेगा : गांगुली

**कोलकाता।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने कहा कि भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अगले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र में खेलेंगे। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत पिछले साल दिसंबर में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पंत गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान खिलाड़ियों के साथ जुड़ गए। गांगुली ने पंत के बारे में अपडेट देते हुए पत्रकारों से कहा, वह (पंत) अब ठीक है। वह अगले आईपीएल सत्र में खेलेगा। उन्होंने कहा, ऋषभ हालांकि यहां अभ्यास नहीं करेगा। अभी अभ्यास शुरू करने के लिए समय है। जनवरी (2024 तक) वह और बेहतर हो जाएगा। गांगुली ने कहा, हम टीम के बारे में बात कर रहे थे। वह कप्तान है इसलिए आगामी नीलामी के संबंध में उसने अपने विचार रखे।

## ब्रिसबेन इंटरनेशनल से वापसी करेगी नाओमी ओसाका

**ब्रिसबेन।** चार बार की एकल ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका आस्ट्रेलियाई ओपन से पहले ब्रिसबेन इंटरनेशनल अभ्यास टूर्नामेंट के जरिए टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी। टूर्नामेंट अधिकारियों ने पुष्टि की कि ओसाका 31 दिसंबर से सात जनवरी तक होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेंगी। दो बार की आस्ट्रेलियाई और अमेरिकी ओपन विजेता ओसाका ने पिछले साल गर्भवती होने के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन से नाम वापिस ले लिया था। जापान में जन्मी ओसाका तीन वर्ष की उम्र में अपने माता पिता के साथ अमेरिका आ बसी थी।

## एटीपी फाइनल्स में अलकाराज का सामना मेदवेदेव, रूब्लेव और ज्वेरेव से

**तूरिन।** गत चैम्पियन नोवाक जोकोविच को सत्र के आखिरी एटीपी फाइनल्स में घरेलू सितारे यानिक सिनेर से खेलना होगा और उन्हें वर्ष के आखिर में नंबर एक पर रहने के लिए एक ही मैच जीतना है। आठ खिलाड़ियों के फाइनल में जोकोविच का सामना राउंड रॉबिन चरण में स्टेफानोस सिटसिपास और होल्गर रूने से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकाराज की टक्कर दानिल मेदवेदेव , आंद्रे रूब्लेव और अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगी। हर ग्रुप से शीर्ष दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। टूर्नामेंट रविवार को शुरू होगा और फाइनल 19 नवंबर को खेला जाएगा।

## भुल्लर, कोचर संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर

**हांगकांग।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर और करणदीप कोचर ने शुक्रवार को यहां 20 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के हांगकांग ओपन के दूसरे दौर में चार अंडर 66 के समान कार्ड खेले जिससे दोनो संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर चल रहे है। पहले दौर में भी इन दोनो गोल्फरो ने 67 के समान कार्ड खेले थे। थाईलैंड के फाचारा खोंगवाटमाई ने सात अंडर पार 63 का कार्ड खेला जिससे वह 12 अंडर से बढ़त बनाए है।

## शुभंकर ने 68 का कार्ड खेला

**सन सिटी (दक्षिण अफ्रीका)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने नेडबैंक गोल्फ चैलेंज के पहले दौर में चार अंडर 68 का शानदार कार्ड खेलकर सत्र की अंतिम डीपी विश्व टूर चैम्पियनशिप में अपना स्थान सुनिश्चिल करने का मौका प्रदान किया। उन्होंने तीन बर्डी, एक ईगल लगाई और एक बोगी कर बैठे। इससे वह संयुक्त रूप से आठवे स्थान पर चल रहे है। चार गोल्फर संयुक्त रूप से पहले स्थान पर चल रहे है जिसमे दुनिया के आठवे नंबर के मैक्स होमा भी शामिल है।

## अपनी काबिलियत पर पूरा भरोसा, जर्मनी से कोई डर नहीं : सविता पूनिया

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में भले ही दुनिया की पांचवे नंबर की टीम जर्मनी के साथ रखा गया है लेकिन कप्तान सविता पूनिया का कहना है कि उनकी टीम में इस चुनौती से निपटने की क्षमता है। रांची मे 13 से 19 जनवरी तक चलने वाले ओलंपिक क्वालीफायर के भारतीय चरण में मेजबान टीम छठे नंबर से दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम है।

## राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैम्पियनशिप 21 नवंबर से

**चेन्नई।** आगामी राष्ट्रीय बिलियर्डस एवं स्नूकर चैम्पियनशिप यहां नेहरू इंडोर स्टेडियम मे 21 नवंबर से आयोजित की जाएगी। यह राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का 90वां चरण है जो 25 दिसंबर को समाप्त होगा और इसमे हर उम्र समूह के सभी प्रारूपो मे करीब 1500 क्यू खिलाड़ियो के भाग लेने की उम्मीद है।

# शानदार फॉर्म में चल रही आस्ट्रेलिया के सामने बांग्लादेश की कमजोर चुनौती

भाषा। पुणे



**सेमीफाइनल में** जगह बना चुकी आत्मविश्वास से ओतप्रोत आस्ट्रेलियाई टीम विश्व कप के आखिरी लीग मैच में शनिवार को शाकिब अल हसन के बिना उतरने वाली बांग्लादेश के खिलाफ इस लय को कायम रखने उतरेगी। पांच बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने पिछले छह मैचों में शानदार प्रदर्शन करके जीत दर्ज की है। वहीं बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम रही। पैट कमिंस की टीम ने ग्लेन मैक्सवेल के नाबाद दोहरे शतक के दम पर अफगानिस्तान पर चमत्कारिक जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जीत के लिए 292 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आस्ट्रेलिया ने सात विकेट 91 रन पर गंवा दिए थे जिसके बाद चोट से जूझते हुए मैक्सवेल ने 128 गेंद में नाबाद 201 रन बनाए। दूसरी ओर बांग्लादेश ने तनावपूर्ण मुकाबले में श्रीलंका को तीन विकेट से हराकर 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी क्वालीफिकेशन की उम्मीदें कायम रखी हैं। एंजेलो मैथ्यूज को टाइम आउट किए जाने से वह मैच काफी तनावपूर्ण हो गया था। मेजबान पाकिस्तान समेत आठ शीर्ष टीमें 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी खेलेंगी। बांग्लादेश आठवें स्थान पर है और इस पर बने रहने की कोशिश में होगा। कप्तान शाकिब ने पिछले मैच में दो विकेट लिए और 65 गेंद में 82 रन बनाए लेकिन मैथ्यूज को आउट करने से उनकी खेलभावना पर सवाल उठे हैं। वह आखिरी मैच में बाएं अंगूठे में फ्रेक्चर के कारण नहीं खेल सकेंगे। अनामुल हक को आखिरी मैच के लिए बुलाया गया है। नजमुल हुसैन शंटो इस मैच में कप्तानी करेंगे जिनके सामने आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को रोकने की चुनौती होगी। आस्ट्रेलिया के लिए डेविड वॉर्नर आठ पारियों में 446 रन बना चुके हैं जबकि छठे नंबर के बल्लेबाज मैक्सवेल ने 397 रन बना लिए हैं जिसमें विश्व कप में वनडे का सबसे तेज शतक और एक दोहरा शतक शामिल है। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने वापसी पर शतक जमाया है जबकि मिशेल मार्श ने अर्धशतक और शतक बनाया है लेकिन मध्यक्रम अपेक्षा के अनुरूप नहीं खेल पाया है। बांग्लादेश के गेंदबाज इस कमजोरी का फायदा उठाने की फिराक में होंगे। बांग्लादेश के लिए गेंदबाजी का जिम्मा शरीफुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज पर होगा। युवा तंजिम हसन शाकिब ने तीन विकेट लिए लेकिन दस ओवर में 80 रन दे डाले। बल्लेबाजों में लिटन दास और शंटो से अच्छी शुरूआत की उम्मीद होगी जबकि निचले क्रम पर महमूदुल्लाह और मुशफिकुर रहीम जिम्मा संभालेंगे।

## इंग्लैंड के खिलाफ पाक को चमत्कारिक जीत की उम्मीद

**कोलकाता।** पाकिस्तान को विश्व कप सेमीफाइनल में प्रवेश के लिए इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को अपने आखिरी लीग मैच मे लगभग असंभव अंतर के साथ चमत्कारिक जीत दर्ज करनी होगी जबकि इंग्लैंड की नजरें चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करने पर लगी होंगी। श्रीलंका को पांच विकेट से हराकर न्यूजीलैंड का रनरेट काफी बेहतर हो गया है जिससे पाकिस्तान की सेमीफाइनल मे प्रवेश की उम्मीदो पर लगभग पानी फिर गया। 1992 की चैम्पियन पाकिस्तान को अब असंभव से अंतर से इंग्लैंड को हराना होगा। न्यूजीलैंड का नेट रनरेट इस समय प्लस 0 . 743 है जबकि पाकिस्तान का प्लस 0 . 036 है। बाबर आजम की टीम को पहले बल्लेबाजी करने पर करीब 287 रन से जीतना होगा और लक्ष्य का पीछा करते हुए 284 गेंद बाकी रहते



जीत दर्ज करनी होगी जो नामुमकिन सा है। गत चैम्पियन इंग्लैंड सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है लेकिन उसका लक्ष्य शीर्ष आठ मे रहकर 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करना है। इसके लिए बांग्लादेश, श्रीलंका, नीदरलैंड और इंग्लैंड मे चौतरफा मुकाबला है। आखिरी मैच में नीदरलैंड को 160 रन से हराकर इंग्लैंड ने खोया आत्मविश्वास हासिल किया है और अब वह सातवे स्थान पर है। पाकिस्तान को हराने से उसकी जगह पक्की हो जाएगी क्योंकि बांग्लादेश और नीदरलैंड को क्रमशः आस्ट्रेलिया और भारत से खेलना है। इस विश्व कप मे पाकिस्तान अपेक्षाओ पर खरा नही उतर सका लेकिन आखिरी दो मैचो मे अच्छा प्रदर्शन करके उम्मीद जगाई है। ईडन गार्डंस पर दो मैच खेल चुकी पाकिस्तानी टीम को हालात की बेहतर जानकारी है। लेकिन उसे शीर्ष पांच बल्लेबाजो से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करनी होगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करने वाले फखर जमां का पांच मैचों से बाहर रहना रहस्य बना हुआ है। उन्होंने बाबर के साथ 141 गेंद मे 194 रन की नाबाद साझेदारी करके टीम को जीत दिलाई थी।

## गुरकीरत सिंह मान ने अंतरराष्ट्रीय और भारतीय क्रिकेट से संन्यास लिया

**चंडीगढ़।** ऑस्ट्रेलिया के 2016 के दौरे मे भारत की तरफ से तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने वाले गुरकीरत सिंह मान ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय और भारतीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। गुरकीरत ने भारत की तरफ से इन मैचों मे मध्यक्रम मे बल्लेबाजी करने के अलावा ऑफ स्पिनर के रूप मे 10 ओवर भी किए थे। पंजाब की टीम मे अंदर बाहर होने और 2020 से आईपीएल मे नही खेल पाने के कारण गुरकीरत ने संन्यास लेने का फैसला किया। गुरकीरत ने इंस्टाग्राम पर लिखा, आज का दिन मेरी अविश्वसनीय क्रिकेट यात्रा का अंतिम दिन है। भारत का प्रतिनिधित्व करना सम्मान और सौभाग्य की बात रही है। मेरा सहयोग करने के लिए मै अपने परिवार, मित्रों, कोच और साथी खिलाड़ियों का आभार व्यक्त करता हूं। आप सभी ने मेरे करियर मे अहम भूमिका निभाई। उन्होने 2011 मे सी के नायडू ट्रॉफी मे शानदार प्रदर्शन करके लोगो का ध्यान अपनी तरफ खीचा था। इसके बाद उन्होने 2015-16 मे रणजी ट्रॉफी मे बेहतरीन खेल दिखाया था और तब एक दोहरा शतक भी जड़ा था। वनडे मे पदार्पण करने से पहले उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के लिए टेस्ट टीम मे भी शामिल किया गया था, लेकिन उन्हे पदार्पण करने का मौका नही मिला।

## लेंथ पर नियंत्रण के कारण जंपा को खेलना बेहद मुश्किल : विटोरी

**पुणे।** ऑस्ट्रेलिया के स्पिन गेंदबाजी कोच डेनियल विटोरी का मानना है कि एडम जंपा का अपनी लेंथ पर शानदार नियंत्रण के कारण विश्व कप में उनका सामना करना बेहद मुश्किल बन गया है। जंपा ने विश्व कप मे अभी तक आठ मैच मे 20 विकेट लिए है जो स्पिन गेंदबाजो मे सर्वाधिक है। ऑस्ट्रेलिया की टीम सेमीफाइनल मे जगह बना चुकी है और ऐसे मे जंपा के पास मौजूदा विश्व कप मे सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज बनने का मौका है। यह 31 वर्षीय गेंदबाज भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नही कर पाया था लेकिन इसके बाद उन्होने श्रीलंका, पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ चार-चार विकेट लिए। विटोरी ने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारो से कहा, निश्चित तौर पर चोट और बीमारी के कारण शुरुआत अच्छी नही थी। पहले तीन मैच थोड़ा मुश्किल थे और उसे पाकिस्तान के खिलाफ टॉस से पहले फिटनेस टेस्ट देना पड़ा था। जंपा ने इन परिस्थितियो से उबर कर अच्छी वापसी की। मेरा मानना है कि इस दौरान उनका अपनी लेंथ पर शानदार नियंत्रण रहा, विशेष कर उन तीन मैच मे जिनमे उन्होंने चार-चार विकेट लिए। इसके बाद इंग्लैड के खिलाफ भी उन्होने शानदार प्रदर्शन किया। जंपा ने इंग्लैड के खिलाफ तीन विकेट लिए थे और विटोरी के अनुसार उनका यह प्रदर्शन भी असाधारण था। इंग्लैड के खिलाफ उसने एक भी गेंद सीमा रेखा के पार नही जाने दी। उसने स्पिन को अच्छी तरह से खेलने वाले बाएं हाथ के दो बल्लेबाजो बेन स्टोक्स और मोईन अली को खुलकर नही खेलने दिया। यह लेंथ पर नियंत्रण का एक प्रमाण है।

## टीवी पर राय देना आसान, कप्तानी से मेरी बल्लेबाजी प्रभावित नहीं हुई: बाबर आजम

**कोलकाता।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने उनके नेतृत्वकौशल पर सवाल उठाने वाले आलोचको को आड़े हाथो लेते हुए शुक्रवार को यहां कहा कि टीवी पर राय देना आसान होता है और कप्तानी के कारण विश्व कप मे उनकी बल्लेबाजी पर प्रतिकूल प्रभाव नही पड़ा। पाकिस्तान की अफगानिस्तान के हाथो 8 विकेट की हार और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 271 रन के लक्ष्य को हासिल नही कर पाने के बाद बाबर आजम की आलोचना हो रही थी। मोइन खान और शोएब मलिक जैसे पूर्व कप्तानो ने बाबर की कप्तानी की खुलेआम आलोचना की और कहा कि इसका असर उनकी बल्लेबाजी पर पड़ रहा है। बाबर ने अपनी आलोचना के संबंध मे कहा, टीवी पर राय देना बहुत आसान होता है। अगर कोई मुझे सलाह देना चाहता है तो उनका स्वागत है और वह मुझे सीधे फोन कर सकते है। मेरा नंबर उन सभी के पास है। मलिक ने कहा था कि बाबर बल्लेबाजी का बादशाह है लेकिन कप्तानी मे ऐसा नही है। मलिक ने कहा था, जिस व्यक्ति की सबसे अधिक जिम्मेदारी बनती है वह कप्तान है। मोइन ने कहा था की बाबर को भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली से सीख लेनी चाहिए जो कप्तानी छोड़ने के बाद अपना पूरा ध्यान बल्लेबाजी पर लगा रहे है। बाबर ने इस पर दृढ़ रवैया अपनाते हुए कहा कि आलोचना के कारण उनकी बल्लेबाजी पर कभी कोई असर नही पड़ा। उन्होने कहा, मै पिछले तीन वर्षो से अपनी टीम की कप्तानी कर रहा हूं और मैने कभी ऐसा महसूस नही किया।

## मलान ने संकेत दिए, पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप मैच हो सकता है उनका आखिरी वनडे

**कोलकाता।** इंग्लैड के सलामी बल्लेबाज डेविड मलान को लगता है कि पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाला विश्व कप का मैच उनका आखिरी वनडे हो सकता है। गत चैंपियन इंग्लैड पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है तथा ईडन गार्डंस पर होने वाला मैच उसका इस विश्व कप मे आखिरी मैच होगा। इसके बाद टीम मे आमूलचूल बदलाव की संभावना जताई जा रही है। मलान ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, टीम का दूसरा सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होने के कारण मुझे लगता है कि मै अजीब स्थिति में हूं। मै नही जानता कि मेरा भविष्य क्या होगा और ऐसा मेरी पसंद से होगा या टीम की पसंद से। इंग्लैड के बल्लेबाजो मे अभी तक मलान ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए है।

## भारत दौरे के लिए सोफी की इंग्लैंड टीम में वापसी

**लंदन।** इंग्लैड की स्टार स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन को कंधे के ऑपरेशन से उबरने के बाद अगले महीने होने वाले भारत दौरे के लिए शुक्रवार को टीम में शामिल किया गया। एक्लेस्टोन अगस्त मे महिला हंड्रेड के दौरान चोटिल हो गई थी। उनका दाहिना कंधा खिसक गया था जिसके लिए उन्हे सितंबर मे ऑपरेशन करवाना पड़ा था। इंग्लैड 6 दिसंबर से भारत के खिलाफ होने वाली श्रृंखला मे तीन टी20 और एक टेस्ट मैच खेलेगा।

## न्यूजीलैंड के हेनरी पर गेंद से छेड़खानी के आरोप

**वेलिंगटन।** टेस्ट बल्लेबाज हेनरी निकोल्स को इस सप्ताह एक घरेलू क्रिकेट मैच मे गेंद से छेड़खानी का दोषी पाया गया है और उन पर न्यूजीलैंड क्रिकेट की आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप है। टीवी फुटेज मे दिखा कि निकोल्स की केंटरबरी टीम और आकलैंड के बीच प्लंकेट शील्ड मैच के दौरान उन्होंने गेंद को खुरचा था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा , निकोल्स पर आचार संहिता की धारा। . 15 के नियम 3 .। के उल्लंघन का आरोप है। उन्होंने प्लंकेट शील्ड मैच के दौरान यह नियम तोड़ा। सुनवाई की कोई तारीख तय नही की गई है। निकोल्स इस महीने के आखिर में बांग्लादेश दौरा करने वाली कीवी टीम का हिस्सा है।

## श्रीलंका के मुख्य चयनकर्ता ने कहा, विश्व कप में फ्लॉप शो के लिए बाहरी साजिश जिम्मेदार

**कोलंबो।** मुख्य चयनकर्ता प्रमोदया विक्रमसिंघे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि विश्व कप मे श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के पीछे बाहरी साजिश है। श्रीलंकाई क्रिकेट टीम शुक्रवार की सुबह भारत से लौट आई। उसे बेंगलुरू मे आखिरी ग्रुप मैच मे न्यूजीलैड ने पांच विकेट से हराया। खराब प्रदर्शन के कारणो के बारे मे पूछे जाने पर विक्रमसिंघा ने कहा , मुझे दो दिन का समय दीजिए। फिर सब कुछ बता दूंगा। यह बाहरी साजिश का परिणाम है। उन्होंने कहा , मै बहुत दुखी हूं। मै इसकी जिम्मेदारी लेता हूं।

# चोटिल खिलाड़ियों की वापसी के बाद फिर मजबूत हो जाएगी टीम : स्टिमक

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने कहा कि फीफा विश्व कप क्वालीफायर से पहले अहम खिलाड़ियों के चोटिल होने ने काम मुश्किल कर दिया है लेकिन इसके बावजूद सकारात्मक रहना होगा। भारत को अगले हफ्ते 2026 विश्व कप और एएफसी 2027 एशियाई कप के शुरूआती संयुक्त क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर में कुवैत से भिड़ना है। भारत अगले साल जनवरी में आगामी एशिया कप में भी खेलेगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की वेबसाइट पर स्टिमक ने कहा, हमने नए चरण में प्रवेश कर लिया है और हम जानते हैं कि यह लड़कों के लिए बहुत मुश्किल होगा। हम जानते हैं कि मार्च तक अगले कुछ महीने बहुत मुश्किल होंगे। हम इस बात को लेकर सकारात्मक हैं कि जो खिलाड़ी अभी चोटिल हैं और अभी बाहर हैं, वे जब वापसी कर लेंगे तो हम फिर से मजबूत बन जाएंगे और मैदान पर अपनी मजबूती दिखाएंगे, भले ही हम किसी भी टीम के खिलाफ खेलें। स्टिमक ने कहा, इसलिए इस समय ध्यान इस पर लगा है कि जो आशिक कुरूनियान, अनवर अली और जैकसन सिंह (चोटों से उबर रहे) खिलाड़ी शुरूआती एकादश में थे, उनकी जगह किन्हें दें। हमने हाल में जो सफलताएं हासिल कीं, उसमें ए खिलाड़ी हमारी मजबूती थे। ए खिलाड़ी काफी अच्छी फुटबॉल खेलते हैं।

## भारत के तीन तीरंदाज पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की दौड़ में

**बैंकाक।** भारत के तीन तीरंदाज तरूणदीप राय, धीरज बोमादेवरा और अंकिता भकत शुक्रवार को यहां महाद्वीपीय क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट से व्यक्तिगत ओलंपिक कोटा हासिल करने की दौड़ में बने हुए हैं। शीर्ष वरीय धीरज के साथ अनुभवी राय और अंकिता ने अपने क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। धीरज ने तुर्कमेनिस्तान के सहेदोव एजिजमुहमेत और सिंगापुर के लियुए लोंग को 6-0 से शिकस्त दी। दूसरे वरीय राय ने हांगकांग के चुन किट वान को 6-0 से पराजित किया। उन्होंने प्री क्वार्टर में रूमान शाना को 6-2 से मात दी। दूसरी वरीय अंकिता ने महिला वर्ग में भूटान की सोनम देमा को 6-0 से और पिया एलिजाबेथ एंजेला बिदौरे को 6-5 से पराजित किया।

# आईसीसी ने सरकारी हस्तक्षेप के कारण श्रीलंका की सदस्यता निलंबित की

भाषा। दुबई

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने हफ्ते भर चले सरकारी हस्तक्षेप के घटनाक्रम के कारण शुक्रवार को अपने पूर्ण सदस्य श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को निलंबित कर दिया। श्रीलंका की संसद ने गुरूवार को सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया जिसमें देश की क्रिकेट संचालन संस्था को बर्खास्त करने की मांग की गई थी। इसमें सरकार और विपक्ष दोनों ने पूरा समर्थन किया था। इससे देश के क्रिकेट की संचालन संस्था में संकट और गहरा गया। आईसीसी ने एक बयान में कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद बोर्ड ने आईसीसी में श्रीलंका क्रिकेट की सदस्यता तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दी। बयान में कहा गया, आईसीसी बोर्ड ने आज बैठक की और तय किया कि श्रीलंका क्रिकेट बतौर सदस्य अपने दायित्वों का गंभीर उल्लंघन कर रहा है, विशेषकर अपने क्रिकेट मामलों को स्वायत्त रूप से संभालने की जरूरत में और यह सुनिश्चित करने में कि श्रीलंका में क्रिकेट के संचालन, नियामक और प्रबंधन में कोई सरकारी हस्तक्षेप नहीं हो। इसमें साथ ही कहा गया, आईसीसी बोर्ड द्वारा निलंबन की शर्तों पर आने वाले समय पर फैसला किया जाएगा। श्रीलंका की संसद द्वारा पारित प्रस्ताव सरकार के हस्तक्षेप दर्शाता है जो आईसीसी बोर्ड द्वारा श्रीलंका की सदस्यता निलंबित करने के लिए पर्याप्त आधार था।

## अगले साल चोट से वापसी करना चाहती हैं मीराबाई

भाषा। नई दिल्ली

**एशियाई** खेलों के दौरान लगी कूल्हे की चोट से उबरने के बाद स्टार भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू अगले साल एशियाई चैंपियनशिप में वापसी का लक्ष्य बनाए हैं। इसका मतलब है कि सितंबर में विश्व चैंपियनशिप की तरह ही वह अगले ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की औपचारिकता ही पूरी करेंगी जो चार से 14 दिसंबर तक दोहा में होने वाली आईडब्ल्यूएफ ग्रां प्री दो है। वह इसमे बारबेल नहीं उठाएगी। पिछले महीने हांगझोउ एशियाड में प्रतिस्पर्धा के दौरान वह चोटिल हो गई थीं और उनके कूल्हे में चोट लगी थी। राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा ने शुक्रवार को पीटीआई से कहा, मीरा को हिप टेंडोनाइटिस है, उन्हें टीएफएल (पैर से जुड़ने वाली मांसपेशी) में परेशानी है। लेकिन अब यह ठीक हो गई है। डॉक्टर ने मीरा को छह सप्ताह तक आराम करने के लिए कहा था। उन्होंने पटियाला में रिहैब प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# रोमांचक मुकाबले में उत्तर क्षेत्र -2 चैंपियन

- पावरग्रिड टी-20 अंतर क्षेत्रीय क्रि केट टूर्नामेंट
- फाइनल में उक्षेत्र- 1 को दो विकेट से हराया




**लखनऊ।** उत्तर क्षेत्र .2 ने आखिरी गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में पावरग्रिड टी.20 अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता ट्रॉफी पिछले संस्करण की उपविजेता उत्तर क्षेत्र -1 को दो विकेट से हराकर अपने नाम कर ली। भारत सरकार की महारत्न कंपनी पावरग्रिडए उत्तरी क्षेत्र-3 द्वारा आयोजित टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तरी क्षेत्र.- 3 के कार्यपालक निदेशक नवीन श्रीवास्तव ने विजेता ट्रॉफी सहित विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ईडी एनटीपीसी पीके सक्सेना भी मौजूद थे। जयपुरिया ग्राउंड पर फाइनल में उत्तर क्षेत्र-1 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 143 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज अरुण खटकर-62 रन, 50 गेंदए 7 चौके ने अर्धशतक जड़ा। अरुण ने दीपेश गुप्ता-18 के साथ पहले विकेट के लिए 54 और भावेश -43 रन 44 गेंदए 4 चौके के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 रन जोड़े। जवाब में उत्तर क्षेत्र-2 ने 8 विकेट पर 144 रन बनाकर मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज अंकुश कुंडल-33 और शफीक अहमद13 ने पारी की शुरुआत की। टीम के 26 रन पर लगातार दो विकेट गंवाने के बाद मैन ऑफ द मैच मंजोत बरार ने 40 गेंदों पर 1 चौके से नाबाद 39 रन बनाकर जीत दिलाई। मंजोत ने अंकुश के साथ तीसरे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी की। उमर सादिक ने 26 रन बनाए। टीम ने विकेटों के पतन के बीच 19०5 ओवर में 143 रन बना लिए थे। इसके बाद अंतिम गेंद पर विवेक राज ने एक रन बनाते हुए उत्तर क्षेत्र .2 को खिताबी जीत दिलाई। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार उत्तर क्षेत्र-1 के भावेश को मिला। सर्वश्रेष्ठ हरफनमौला उत्तर क्षेत्र-2 के मंजोत बरार व सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक आसिफ अमीनए सर्वश्रेष्ठ बैटर उत्तर क्षेत्र-1 के अरुण खटकर और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज पश्चिम क्षेत्र -2 के राकेश पटेल चुने गए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।